CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 24-01-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLJKT1 User: cci Time: 01-23-2026 23:58 Color:

लखनऊ (लखनऊ व उत्तराखंड में एक साथ प्रकाशित) › रविवार, 24 जनवरी 2026 › माघ 4, शक संवत 1947, माघ शुक्ल ऋतौ, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG पेज 22 › मूल्य सिर्फ ₹6.00 facebook.com/nbtlucknow twitter.com/nbtlucknow

# NBT नवभारत टाइम्स

एजेंसी में विज्ञापन देने के लिए 19001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 19001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

सरफराज का डबल, गिल फिर नहीं चले

▸p14

ईरान में 5 हजार मौतें? ट्रंप बोले-हमारी सेना बढ़ रही

▸p15




## आपको इस पर यकीन नहीं होगा!

हाँ, यह असंभव लगता है - लेकिन सच है।

# ₹10 लाख तक का मुफ़्त इलाज

पंजाब के हर परिवार के लिए और वह भी सबसे सर्वश्रेष्ठ निजी अस्पतालों में

## मुख्यमंत्री सेहत योजना

इतिहास में पहली बार, सिर्फ़ भारत में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में

**नकदी रहित इलाज**

हर परिवार को हर साल ₹10 लाख तक का नकदी रहित इलाज सर्वश्रेष्ठ निजी अस्पतालों में

**900+ सूचीबद्ध अस्पताल**

पंजाब और चंडीगढ़ के 900 से अधिक सरकारी व निजी सूचीबद्ध अस्पतालों में इलाज की सुविधा

**2,356 उपचार पैकेज**

पैकेजेस में प्रमुख सर्जरी, कैंसर उपचार, हृदय रोग प्रक्रियाएँ, डायलिसिस आदि शामिल

"हमने हर नागरिक के लिए एक स्वास्थ्य सुरक्षा चक्र बनाया है। अब पंजाब का हर परिवार, चाहे वह कितना भी ज़रूरतमंद क्यों न हो, बेहतर इलाज तक पहुँच रखता है। पैसों की कमी के कारण अब किसी को भी इलाज से वंचित नहीं किया जाएगा।"

**भगवंत सिंह मान**
मुख्यमंत्री, पंजाब

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब

# आज शहर के 11 मार्गों पर डायवर्ट रहेगा ट्रैफिक

■NBT न्यूज, लखनऊ : वसंतकुंज में स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल में शनिवार को यूपी दिवस का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए 11 मार्गों का ट्रैफिक डायवर्ट रहेगा। डायवर्जन सुबह 8 बजे से कार्यक्रम खत्म होने तक लागू रहेगा। इमरजेंसी होने पर प्रतिबंधित मार्ग से ऐंबुलेंस, शव वाहन, दमकल के वाहन व स्कूली वाहन गुजर सकेंगे। इसके लिए ट्रैफिक कंट्रोल रूम नंबर 9454405155 पर संपर्क कर सकते हैं।

### इधर से गुजरेंगे वाहन

- मलिहाबाद चौराहा से वाहन किसानपथ, छंदोईया के बजाए जीरो प्वाइंट मोहान रोड होकर गुजर सकेंगे
- मुजासा तिराहा से वाहन किसानपथ, छंदोईया के बजाए जीरो पॉइंट, मोहान रोड होकर गुजर सकेंगे
- छंदोईया बाईपास तिराहे से वाहन भिठौली तिराहे के बजाए अंधे की चौकी तिराहे, बालनगर किसानपथ अंडरपास से किसानपथ या दुबग्गा तिराहा होकर गुजर सकेंगे
- तिकोनिया तिराहा से कमर्शल वाहन दुबग्गा तिराहा, छंदोईया बाईपास तिराहा के बजाए नहर तिराहा मोहान रोड, खुशहालगंज, किसानपथ अंडरपास से किसानपथ होकर गुजर सकेंगे
- भिठौली तिराहे से वाहन कार्यक्रम स्थल, छंदोईया बाईपास तिराहा के बजाए सैरपुर तिराहा, अस्ति क्रॉसिंग, बख्शी तालाब, इंटौराबाग, किसानपथ अंडरपास से किसानपथ या इंजिनियरिंग कॉलेज चौराहा होकर गुजर सकेंगे
- नया पक्कापुल तिराहा, कुड़ियाघाट तिराहा से वाहन कार्यक्रम स्थल, घैला तिराहा के बजाए रूमीगेट, कोनेश्वर चौराहा, बालागंज चौराहा, दुबग्गा तिराहा होकर गुजर सकेंगे
- दुबग्गा तिराहा से वाहन छंदोईया बाईपास तिराहा के बजाए तिकोनिया तिराहा होकर निकलेंगे
- मोहान रोड नहर तिराहा से वाहन बुद्धेश्वर चौराहा के बजाए जीरो प्वाइंट से किसानपथ होकर जा सकेंगे
- अमौसी एयरपोर्ट वीआईपी मोड़ से वाहन अमौसी एयरपोर्ट के अंदर के बजाए वीआईपी मोड से अमौसी कमर्शल मोड़ से बाएं होकर गुजर सकेंगे

### राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर तीन दिन फ्री एंट्री

■NBT न्यूज, लखनऊ : यूपी दिवस के अवसर पर शनिवार, रविवार और सोमवार को राष्ट्र प्रेरणा स्थल में आने वाले लोगों को निःशुल्क प्रवेश मिलेगा। हालांकि, परिसर में बने म्यूजियम ब्लॉक के लिए टिकट लेना अनिवार्य रहेगा। म्यूजियम को छोड़कर पूरे परिसर में पर्यटक बिना किसी शुल्क के भ्रमण कर सकेंगे। एलडीए अधिकारियों के अनुसार गृहमंत्री अमित शाह के कार्यक्रम के समापन और उनके रवाना होने के बाद आम लोगों के लिए फ्री एंट्री शुरू की जाएगी। यूपी दिवस को लेकर प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और बड़ी संख्या में पर्यटकों के पहुंचने की उम्मीद है। एक जनवरी से प्रेरणा स्थल में प्रवेश के लिए 15 रुपये प्रति व्यक्ति शुल्क शुरू हुआ था।

# 'भागीदारी से बढ़ेगी सामाजिक कार्यक्षमता'

**CM बोले-स्वावलंबी समाज केवल सरकार पर निर्भर नहीं रहता** | **मॉक ड्रिल हर परिस्थिति के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण** | **आपदा मित्रों को होमगार्ड भर्ती में मिलेगी प्राथमिकता**

■NBT रिपोर्ट, लखनऊ : हर काम के लिए केवल सरकार पर निर्भर रहना किसी स्वावलंबी समाज का गुण नहीं हो सकता। स्वावलंबन की पहली शर्त यही है कि समाज अपने देश और राष्ट्रहित के प्रति भी सोचे तथा सरकार के साथ मिलकर ऐसे प्रयासों को आगे बढ़ाए, जिससे कार्यों की गति कई गुना बढ़ सके। सीएम योगी आदित्यनाथ ने ये बातें शुक्रवार को पुलिस लाइंस में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती 'पराक्रम दिवस' के अवसर पर उत्तर प्रदेश नागरिक सुरक्षा संगठन द्वारा आयोजित मॉक ड्रिल कार्यक्रम में कहीं।

मुख्यमंत्री ने मॉक ड्रिल को प्रदेश को हर प्रकार की आपात परिस्थितियों के लिए तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और सराहनीय कदम बताया। उन्होंने कहा कि युद्धकाल हो या शांतिकाल, प्राकृतिक आपदा हो या आकस्मिक दुर्घटना हर स्थिति में नागरिक सुरक्षा संगठन की भूमिका 'फर्स्ट रिस्पॉडर' के तौर पर अत्यंत अहम होती है। समाज ने नागरिक सुरक्षा संगठन की इस भूमिका को स्वीकार भी किया है। सीएम ने कहा कि संकट की घड़ी में सबसे पहले पहुंचकर राहत कार्य शुरू करने वाले स्वयंसेवक और सुरक्षा संगठन पीड़ितों के लिए जीवन रक्षक साबित हो सकते हैं।

**निरंतर अभ्यास बेहद जरूरी**

सीएम ने कहा कि युद्ध के साथ-साथ आपदा प्रबंधन, दुर्घटनाओं की रोकथाम और किसी भी हादसे के बाद पीड़ितों को समय पर उपचार दिलाने के लिए निरंतर अभ्यास बेहद जरूरी है। किसी भी दुर्घटना के बाद 'गोल्डन आवर' में उपचार मिलना जीवन बचाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण होता है। इसलिए इस व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार और समाज, दोनों को मिलकर लगातार प्रयास करने होंगे। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि केवल संकट के समय ही नहीं, बल्कि सामान्य जीवन में भी तैयार रहना चाहिए, ताकि आपात स्थिति पर राहत कार्य तुरंत शुरू किए जा सकें।

**होमगार्ड भर्ती में आपदा मित्रों को मिलेगी प्राथमिकता**

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि प्रदेश में एसडीआरएफ के माध्यम से 'आपदा मित्रों' की भर्ती प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। आपदा मित्र के रूप में जो स्वयंसेवक कार्य करेंगे, उन्हें उत्तर प्रदेश में होमगार्ड भर्ती में प्राथमिकता दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्तमान में 45 हजार होमगार्ड की भर्ती प्रक्रिया चल रही है। जरूरत पड़ने पर उन्हें आपदा मित्र के रूप में प्रशिक्षित भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि फर्स्ट रिस्पॉडर के रूप में होमगार्ड स्वयंसेवक मौके पर राहत एवं बचाव कार्यों में बड़ा सहयोग कर सकते हैं। इस अवसर पर होमगार्ड व नागरिक सुरक्षा विभाग के मंत्री धर्मवीर प्रजापति, विधायक डॉ. नीरज बोरा, डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल, रामचंद्र प्रधान, ओपी श्रीवास्तव, अपर मुख्य सचिव गृह संजय प्रसाद, प्रमुख सचिव नागरिक सुरक्षा संयुक्त समाहर, सिविल डिफेंस के चीफ वॉर्डन अमरनाथ मिश्रा सहित अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### नेताजी ने भरी थी नेशन फर्स्ट की भावना

सीएम योगी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को याद करते हुए कहा कि 'नेशन फर्स्ट' की भावना नेताजी ने आजादी के आंदोलन के समय देश को दी थी। उसी भावना के अनुरूप उन्होंने भारत की स्वतंत्रता के लिए आजाद हिंद फौज का गठन किया। साथ ही भारत की नारी शक्ति की क्षमता को दुनिया के सामने रखने के लिए उन्होंने रानी लक्ष्मीबाई ब्रिगेड का गठन किया था, जिसने उस दौर में महिला शक्ति की ताकत को देश-दुनिया के सामने प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मॉक ड्रिल हमें सम और विषम परिस्थितियों के लिए हमेशा तैयार रहने की प्रेरणा देती है।

# ब्लैकआउट के बाद धमाकों से कांपा मैदान!

■NBT न्यूज, लखनऊ : शाम ठीक 6:15 बजे पुलिस लाइंस के मैदान में अचानक माइक पर आवाज गूंजी— "हैलो-हैलो कंट्रोल रूम दुश्मन के लड़ाकू जहाजों ने हवाई हमला कर दिया है!" एनाउंसमेंट होते ही कुछ ही सेकेंड में पूरा मैदान ब्लैकआउट हो गया। घुप अंधेरे में चारों तरफ लड़ाकू जहाजों का शोर, धड़ाम-धड़ाम विस्फोट जैसी आवाजें और आसमान से गिरती आग की लपटें माहौल एकदम युद्ध जैसा बन गया। दर्शक दीर्घा में बैठे स्कूली बच्चों समेत लोग सहम गए, कुछ पल के लिए चीख-पुकार मच गई। मौका था नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती 'पराक्रम दिवस' पर नागरिक सुरक्षा परिषद की ओर से आयोजित मॉक ड्रिल का।

पुलिस लाइंस के मैदान में शुक्रवार शाम को हुई मॉक ड्रिल के दौरान हमले जैसी आपात स्थिति से निपटने की तैयारियां परखी गईं।

### NDRF, मेडिकल, फायर, नगर निगम, पुलिस ने परखी तैयारियां

#### ढाबे में लगी आग बुझाई

करीब 20 मिनट तक चले अभ्यास में नागरिक सुरक्षा परिषद के वॉलिंटियर्स ने युद्ध के बाद के हालात का जीवंत प्रदर्शन किया। हवाई हमले के दौरान सरदार ढाबे में लगी आग को एलपीजी सिलिंडर से फैलने से रोकते हुए बुझाया गया। एक घायल कार सवार को मौके पर सीपीआर देकर जान बचाने का डेमो भी दिया गया। वहीं, बम धमाके से सीवर लाइन ध्वस्त होने पर जहरीली गैस फैलने के खतरे को दिखाते हुए वॉलिंटियर्स ने नागरिकों को सतर्क किया। उन्हें एसी बंद करने, हवा के विपरीत दिशा में खुले स्थानों पर जाने की हिदायत दी गई।

#### रेस्क्यू ऑपरेशन में दिखा टीमवर्क

कुछ ही देर में एनडीआरएफ, मेडिकल टीम, फायर ब्रिगेड, नगर निगम और पुलिस मौके पर पहुंचती दिखाई गई। सीवर गैस से बेसुध लोगों के लिए कैंप लगाकर प्राथमिक उपचार शुरू किया गया। भीड़भाड़ में फंसे घायल लोगों को स्ट्रेचर से सुरक्षित बाहर निकालकर मेडिकल टीम तक पहुंचाया गया। बहुमंजिला इमारत में फंसे लोगों को आपदा प्रबंधन दल ने रेस्क्यू कर बाहर निकाला।

अलर्ट की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची SDRF की टीम।

आपात स्थिति में नागरिकों को भी बिना घबराए मौके से सुरक्षित निकलने की तैयारी के बारे में बताया गया।

## फटाफट खबरें

### युवक तीन हफ्ते से लापता, रिपोर्ट दर्ज

■NBT न्यूज, सरोजनीनगर : हनुमानपुरी कॉलोनी निवासी शशांक कुमार सिंह (22) तीन सप्ताह से लापता है। पिता जनार्दन सिंह के अनुसार शशांक 30 दिसंबर को दोपहर 1:45 बजे फिनिक्स मॉल जाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। घरवालों ने रिश्तेदारी व परिचितों में काफी खोजबीन की, पर कोई जानकारी नहीं मिल सकी। लगातार परेशान परिजनों ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों के जरिए युवक की तलाश शुरू कर दी है।

### किशोरी लापता, युवक पर भगाने का आरोप

■NBT न्यूज, बंथरा : थाना क्षेत्र से एक 17 वर्षीय किशोरी संदिग्ध हालात में लापता हो गई। घरवालों के मुताबिक किशोरी 21 जनवरी को सुबह 9 बजे दुकान से सामान लेने निकली थी, लेकिन देर तक घर नहीं लौटी। आसपास व रिश्तेदारों के यहां काफी तलाश के बावजूद कोई सुराग नहीं लगा। खोजबीन के दौरान घरवालों को पता चला कि अमित यादव किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### महिलाओं को घर में घुसकर पीटा, रिपोर्ट दर्ज

■NBT न्यूज, काकोरी : दुबग्गा में शुक्रवार को मामूली कहासुनी के बाद दबंगों ने मजदूर के घर में घुसकर महिलाओं की पिटाई कर दी। शाहपुर भमरौली निवासी आकाश मुसा के मुताबिक वह काम पर थे, घर पर पत्नी कुंती, बहन प्रियांशी व मां मौजूद थीं। पीड़िता कुंती के अनुसार ननद से पढ़ाई करने को कहने पर पड़ोसियों ने गलत समझा और विवाद हो गया। इसके बाद अनूप पक्ष के लोग घर में घुस आए और महिलाओं को पीटा, जिससे गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने मेडिकल कराकर अनूप व राकेश पर मुकदमा दर्ज किया।

### प्रॉपर्टी डीलर ने फांसी लगाकर जान दी

■NBT न्यूज, लखनऊ : चिनहट इलाके में प्रॉपर्टी डीलर अखिलेश यादव (31) ने फांसी लगाकर जान दे दी। वह कमता अजय नगर में पत्नी महिमा और छोटे बच्चे के साथ रहते थे। परिजनों के अनुसार गुरुवार रात खाना खाने के बाद अखिलेश कमरे में सोने चले गए। शुक्रवार सुबह देर तक बाहर न आने पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर देखा तो अखिलेश फंदे पर लटके मिले। परिजन उन्हें केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

■NBT न्यूज, माल : गोपरामऊ चौराहे के पास शुक्रवार दोपहर वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सुशील (35) सीतापुर जनपद के मानपुर थाना क्षेत्र के लीला पुरवा गांव का निवासी था। वह गोपरामऊ स्थित आटा चक्की पर मजदूरी करता था और पेट्रोल भराने जा रहा था। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी और फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। सुशील के परिवार में पत्नी रोहिणी और दो बच्चे हैं।

### नीलमथा : नाले में मिला पेंटर का शव

■NBT न्यूज, लखनऊ : कैंट इलाके में गुमशुदा पेंटर का शव गुरुवार देर शाम नाले में मिला। कैंट नीलमथा भगवंत नगर निवासी आशीष (34) पेंटर था। आशीष की पत्नी अंजली ने बताया कि 10 जनवरी को छोटू घर से निकला था, जिसके बाद वापस नहीं आया। परिवारीजन उसकी तलाश में जुटे रहे। सुराग न मिलने पर अंजली ने 13 जनवरी को कैंट थाने में गुमशुदगी दर्ज करवाई थी। गुरुवार देर शाम घर से कुछ दूर पर आशीष का शव नाले में मिला। थाना प्रभारी ने बताया कि पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### धारदार हथियार से युवक पर हमला, घायल

■NBT न्यूज, राजाजीपुरम : तालकटोरा के प्रभातपुरम हैदर कैनाल में शुक्रवार को एक युवक ने दिव्यांगपर धारदार हथियार से हमला किया गया। पीड़ित रामप्रसाद के अनुसार वह घर के बाहर बैठा था, तभी सतराम अपनी मां को मार रहा था। मना करने पर सतराम ने उस पर धारदार हथियार से हाथ और पैर पर हमला कर दिया। हमले में रामप्रसाद को गंभीर चोटें आईं। घायल को इलाज के लिए केजीएमयू में भर्ती कराया गया है। पीड़ित ने तालकटोरा थाने में तहरीर दी है, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### छेड़खानी के विरोध पर अधिवक्ता की पिटाई

■NBT न्यूज, लखनऊ : अलीगंज में महिला से छेड़खानी का विरोध करने पर अधिवक्ता को लोहे की रॉड से पीट दिया गया। सेक्टर-एच निवासी अधिवक्ता सौरभ सिंह के मुताबिक बुधवार रात 11 बजे पुरनिया पेट्रोल पंप के पास सफारी सवार अंकित दुबे व साथी महिला पर अश्लील टिप्पणी कर रहे थे। विरोध पर आरोपितों ने रॉड से हमला किया, जिससे सौरभ घायल होकर गिर पड़े। पुलिसकर्मियों ने उन्हें सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस के अनुसार वकीलों के दो गुटों में विवाद हुआ था, जांच की जा रही है।

# भाइयों के शव पहुंचते ही घरों में मचा कोहराम

■NBT न्यूज, निगोहां : किसान पथ पर हुए दर्दनाक हादसे में जान गंवाने वाले दो चचेरे भाइयों के शव जब शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंचे तो घरों में कोहराम मच गया। गांव की हर गली में मातम छा गया और हर आंख नम दिखाई दी। हादसे में सुखई रावत (25) और भुसान उर्फ कसान (20) की मौत हो गई थी, जबकि तीसरा भाई अखिलेश गंभीर रूप से घायल है और उसका इलाज चल रहा है।

भुसान सुखई

- पंक्चर टायर बदलने के दौरान तीन चचेरे भाइयों को तेज रफ्तार ट्रक ने रौंदा था, दो की हुई थी मौत

निगोहां थाना क्षेत्र के रघुनाथ खेड़ा मजरा नहर खेड़ा निवासी सुखई रावत गुरुवार तड़के करीब 6 बजे अपने चचेरे भाइयों कसान और अखिलेश के साथ पिकअप डाला से भूसा लेकर बाराबंकी के सफूलपुर सप्लाई के लिए निकले थे। रास्ते में सुशांत गोल्फ सिटी किसान पथ सर्विस लेन पर बुद्धेश्वर/बरौना के पास डाले का पिछला पहिया पंचर हो गया। चालक ने गाड़ी किनारे खड़ी कर दी और किसी काम से चला गया। उसने तीनों भाइयों को पहिया बदलने को कहा।

बताया गया कि तीनों भाई जैक लगाकर टायर बदल रहे थे, तभी पीछे से आए तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने डाले में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों भाई उसकी चपेट में आ गए। ट्रक अखिलेश को करीब 50 मीटर तक घसीट ले गया। मौके पर सुखई और कसान की मौत हो गई, जबकि अखिलेश गंभीर रूप से घायल हो गया। शुक्रवार को जैसे ही दोनों शव गांव पहुंचे, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। बताया गया कि दोनों मृतक अविवाहित थे और घर का खर्च भी यही दोनों चलाते थे। सुखई सात भाइयों में से था, जिसमें पहले ही दो भाइयों की मौत हो चुकी है। वहीं कसान तीन भाइयों में सबसे छोटा था। परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और ट्रक की तलाश जारी है।

# नगराम में युवक की ईंट से कूंचकर हत्या

■NBT न्यूज, नगराम

नगराम थाना क्षेत्र के गुलाल खेड़ा गांव में गुरुवार रात शराब के नशे में हुए विवाद के बाद एक युवक की ईंट से कूंचकर हत्या कर दी गई। हत्यारों ने युवक के शव को शारदा नहर की पटरी के नीचे फेंक दिया और फरार हो गए। शुक्रवार सुबह घटना की जानकारी मिलने पर नगराम पुलिस मौके पर पहुंची। साथ ही एडीसीपी दक्षिण वसंत कुमार और एसीपी मोहनलालगंज विकास पांडेय ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। युवक की मां की तहरीर पर गांव के पांच लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

- पांच लोगों के खिलाफ मां ने दर्ज कराया मुकदमा
- दोस्तों के साथ पी शराब फिर हुआ विवाद
- पुलिस ने कई संदिग्धों को हिरासत में लिया

युवक की हत्या के बाद मौके पर जांच के लिए पहुंचे पुलिस अफसर।

गुलाल खेड़ा निवासी गीता देवी के अनुसार उनका बेटा ओमप्रकाश (22) गुरुवार शाम आठ बजे घर से निकला था, लेकिन रात भर वापस नहीं लौटा। शुक्रवार सुबह जब घरवालों ने तलाश शुरू की तो गांव के पास शारदा नहर की पटरी पर अंडा रोल की दुकान चलाने वाले अरविंद के तिरपाल के पास ओमप्रकाश की चप्पल मिली। आसपास खोजबीन करने पर नहर पटरी के नीचे ओमप्रकाश का शव खून से लथपथ अवस्था में पड़ा मिला। उसकी ईंट से कूचकर हत्या की गई थी। शव के पास खून से सनी ईंट, शराब की पाउच और ईंटों से बना एक चूल्हा भी मिला है, जिससे पुलिस का मानना है कि वारदात से पहले मौके पर शराब पार्टी हुई थी।

#### हत्या की वजह तलाश रही पुलिस

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक मृतक ने नहर पटरी पर अंडा रोल की दुकान लगाने वाले अरविंद के पास गांव के कुछ युवकों के साथ शराब पी थी। इसी दौरान किसी बात को लेकर विवाद हो गया, जो बढ़कर हिंसक झगड़े में बदल गया। आरोप है कि विवाद के बाद ईंट से हमला कर ओमप्रकाश की जान ले ली गई। इसके बाद शव को नहर पटरी के नीचे फेंककर आरोपी भाग निकले। पुलिस हत्या की असली वजह जानने में जुटी है और यह भी जांच कर रही है कि विवाद अचानक हुआ या इसके पीछे कोई पुरानी रंजिश थी।

#### इनके खिलाफ केस दर्ज

ओमप्रकाश की मां गीतादेवी की तहरीर पर गांव के मन्नू, मोनू, आशीष गौतम, पवन और अंडा रोल विक्रेता अरविंद के खिलाफ हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी नगराम विवेक चौधरी के अनुसार, मामले से जुड़े कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

#### 6 को है बहन की शादी

ग्रामीणों के मुताबिक ओमप्रकाश अविवाहित था और तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। उसके छोटे भाई फूलचंद (17) और धर्मराज (15) हैं, जबकि बहन कोमल (20) की शादी आगामी छह फरवरी को तय है। घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं, लेकिन इस हत्याकांड के बाद परिवार की खुशियां मातम में बदल गईं। पिता राम हरख की पहले ही मौत हो चुकी है। गांव में घटना के बाद शोक का माहौल है।

# डॉगी के झुंड ने पार्क में खेल रहे बच्चों को दौड़ाया

■NBT न्यूज, राजाजीपुरम

मीना बेकरी चौराहे के पास ओंकारेश्वर मंदिर के पीछे स्थित पार्क के आसपास आवारा कुत्तों का आतंक है। बताया गया कि क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक डॉगी का झुंड घूमता रहता है और राहगीरों को दौड़ाता है।

शुक्रवार को पार्क में झूला झूल रहे बच्चों को कुत्तों के झुंड ने दौड़ा लिया। बच्चे किसी तरह जान बचाकर भाग निकले। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई और सोशल मीडिया पर वायरल भी हुई।

कॉलोनी में पार्क के आसपास घूमने वाले डॉगी से लोगों में दहशत है। विडियो वायरल होने के बाद नगर निगम की सक्रियता पर भी सवाल उठ रहे हैं।

### पालतू डॉगी ने 3 साल की बच्ची को किया जख्मी



■NBT न्यूज, लखनऊ : मौलवीगंज में शुक्रवार सुबह पालतू डॉगी ने हमला करके 3 साल की बच्ची को जख्मी कर दिया। बच्ची के परिवारीजनों ने बताया कि बच्ची पीड़ सड़क पर खड़ी थी, तभी पास में रहने वाली महिला का पालतू डॉगी वहां आया और बच्ची पर हमला कर दिया। पीड़िता के पिता प्रेम कुमार प्रजापति का आरोप है कि इलाके में लोग आए दिन डॉग के हमलों का शिकार हो रहे हैं।

# जांच में साफ नहीं किस जानवर के हैं पगमार्क

■NBT न्यूज, मलिहाबाद

मलिहाबाद के भतोइया गांव के पास आम के बाग में मिले पगमार्क की जांच करने वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। ग्रामीणों ने आलोक व राजकुमार अवस्थी के आम के बाग में पगमार्क देखे जाने की जानकारी दी थी। वन दरोगा मोहम्मद ताहिर खान टीम के साथ पहुंचे और मौके का निरीक्षण किया। टीम ने पगमार्क की फोटो लेकर उच्च अधिकारियों को भेजी, लेकिन स्पष्ट नहीं हो पाया कि यह किस जानवर के हैं। रेंजर आलोक कुमार तिवारी ने बताया कि पगमार्क साफ नहीं होने के कारण पहचान संभव नहीं हो सकी।

# सीनियर सिटिजन से साइबर जालसाजों ने 13.16 लाख ठगे

■NBT न्यूज, सुशांत गोल्फ सिटी : सीनियर सिटिजन से साइबर ठगों ने पीएमओ कार्यालय का अधिकारी बनकर 13 लाख 16 हजार रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित ने साइबर सेल, बैंक और सुशांत गोल्फ सिटी कोतवाली में शिकायत कर दर्ज करवाई है।

नीलमथा के अशोक विहार निवासी निर्मल मसीह (67) ने पुलिस को बताया कि एक कॉल के जरिए ठगों ने संपर्क किया। खुद को 'प्रमोद कुमार मिश्रा, पीएमओ से' बताते हुए बात शुरू की। कहा कि देशहित में धन जमा कराने पर बड़ा फायदा मिलेगा। धीरे-धीरे ठगों ने अलग-अलग बहानों से पीड़ित से कुल 13.16 लाख रुपये निकलवा लिए। ठगों ने 2.30 करोड़ की रकम वापस मिलने का झांसा देकर फर्जी डीडी भेजा और फिर सेबी व आरबीआई फीस के नाम पर और पैसे मांगे। पीड़ित ने बताया कि उसने अपनी सेवानिवृत्ति की जमा पूंजी खर्च कर दी और कुछ रुपये परिचितों से उधार भी लिए। इसके बाद ठगों का नंबर बंद हो गया। पीड़ित का कहना है कि अब उनके पास जीवन-यापन के लिए भी पैसा नहीं बचा है।

# आयुष मिशन के पूर्व संविदाकर्मी पर FIR

■NBT रिपोर्ट, लखनऊ : राष्ट्रीय आयुष मिशन के पूर्व संविदाकर्मी के विरुद्ध वजीरगंज कोतवाली में एफआईआर दर्ज करवाई गई है। आरोप है कि सेवा समाप्त किए जाने के बाद भी वह सरकारी लॉगिन का इस्तेमाल कर पोर्टल पर भ्रामक सूचनाएं पोस्ट कर रहा था।

राष्ट्रीय आयुष मिशन में शशांक तिवारी को संविदा पर रखा गया था। उसे आईजीआरएस पोर्टल सूचनाएं संकलित करने की जिम्मेदारी दी गई थी। वह पोर्टल पर गलत सूचनाएं देने, अधिकारियों को भ्रमित करने के साथ ही अपने कार्य का सही से निर्वहन नहीं कर रहा था। लिहाजा उसकी सेवा समाप्त कर दी गई थी। सेवा समाप्त होने के बाद भी वह पूर्व में बनाई गई लॉगिन का इस्तेमाल शासकीय कार्यों में कर रहा था। वह आईजीआरएस पर आने वाली शिकायतों की भ्रामक सूचनाएं पोर्टल पर अपलोड कर रहा था।

# गोसाईंगंज में दो पक्ष भिड़े, पुलिसकर्मी भी पथराव में घायल, इलाके में फोर्स तैनात

**पुलिस बोली-बच्चों की लड़ाई की वजह से हुआ संघर्ष**

■NBT न्यूज, गोसाईंगंज : सलेमपुर गांव मजरा नारेपार में शुक्रवार को दो पक्षों में संघर्ष हो गया। मौके पर कई थानों की फोर्स और पीएसी लगानी पड़ी। पथराव के दौरान कई पुलिसकर्मी भी चोटिल हो गए। ग्रामीण जहां इसे होलिका स्थापित करने का विवाद बता रहे हैं, वहीं पुलिस का कहना है कि बच्चों की लड़ाई के बाद विवाद हुआ, जिसने संघर्ष का रूप ले लिया।

डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल के मुताबिक गोसाईंगंज के सलेमपुर मजरा नारेपार में शुक्रवार शाम को कैंपा कोला के गोदाम के पास दो बच्चों का झगड़ा हो रहा था। इस पर गोदाम के लोगों ने बच्चों को गोदाम में बंद कर दिया। इसकी सूचना पर ग्रामीण मौके पर जुट गए और थोड़ी ही देर में पथराव और मारपीट शुरू हो गई। हिंसा में कई लोग चोटिल हो गए। बवाल की सूचना पर पहुंची पुलिस और ऐंबुलेंस पर भी ग्रामीणों ने किया, जिसमें कई पुलिसकर्मी चोटिल हो गए। पुलिस ने 12 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया है। घायलों को अस्पताल भेजा गया है।

वहीं, ग्रामीणों का दावा है कि बवाल होलिका स्थापित करने को लेकर हुआ। गांव के लोग पूर्व निर्धारित होलिका दहन स्थल पर होलिका स्थापित करने गए थे। गोदाम के लोगों ने इसका विरोध किया और ग्रामीणों को बंधक बना लिया। गांव के लोग उन्हें छुड़ाने पहुंचे तो गोदाम के लोगों ने मारपीट शुरू कर दी। वहीं, डीसीपी साउथ ने इस दावे को गलत बताया है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। जल्द FIR दर्ज की जाएगी।

BA नकवी एडवोकेट मेमोरियल विमिंस क्रिकेट टूर्नामेंट में हुए दो मुकाबले

# CAL यलो फाइनल में, पर्पल भी जीता

सिटी स्पोर्ट्स

■ NBT न्यूज, लखनऊ: बीए नकवी एडवोकेट मेमोरियल विमिंस क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को आर्यवर्त क्रिकेट ग्राउंड पर दो मुकाबले खेले गए, जिसमें सीएएल पर्पल ने शानदार जीत दर्ज की। वहीं, सीएएल पिंक के खिलाफ यलो ने शानदार जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई।

पहले मैच में, सीएएल ग्रीन के खिलाफ सीएएल पर्पल ने 55 रन से बेहतरीन मुकाबला जीता और पूरे अंक हासिल किए। पर्पल ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 136 रन बनाए। जवाब में ग्रीन पांच विकेट खोकर 81 रन ही बना सका। दूसरे मैच में सीएएल यलो और पिंक के बीच सेमीफाइनल मुकाबला खेला गया। सीएएल यलो 20 ओवर में सात विकेट पर 129 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीएएल पिंक 120 रन बनाकर 9 रन से हार गया। वहीं टीम रेड ने बिना विकेट खोये 112 रन बनाये और टीम यलो ने 113 रन बनाकर मुकाबला जीता।

मैच में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

## सिंड्रा क्रिकेट क्लब सेमीफाइनल में

BBD सी डिवीजन लीग

■ NBT न्यूज, लखनऊ: स्पोर्ट्स गैलेक्सी क्रिकेट ग्राउंड पर शुक्रवार को कप्तान अंकित गोस्वामी ने शानदार शतक जमाते हुए सिंड्रा क्रिकेट क्लब की जीत में अहम भूमिका निभाई और उसे सेमीफाइनल में जगह दिलाई। वहीं, बीबीडी सी डिवीजन लीग में शुक्रवार को कुल चार मुकाबले खेले गए। जिसमें एमएफसीसीए और रुद्रांश क्लब प्री क्वॉर्टर में जीत दर्ज कर क्वॉर्टर फाइनल में जगह बनाई।

### ये भी जीते

- सिंड्रा क्लब ने विजन क्रिकेट क्लब को हराया।
- गुरुकुल क्रिकेट क्लब के खिलाफ मास्टी फैसिलिटी प्रोफेशनल क्रिकेट अरीना ने 7 विकेट से जीत दर्ज की।
- GCRG क्रिकेट क्लब के खिलाफ रुद्रांश क्रिकेट क्लब को 2 विकेट से जीत मिली।

## समर क्लासिक टूर्नामेंट: टीम BLUE पांच विकेट से जीती

■ NBT न्यूज, लखनऊ: गणतंत्र दिवस के अवसर पर उच्च न्यायालय कर्मचारी-अधिकारी संघ की ओर से शुक्रवार को अलीगंज एलडीए स्टेडियम पर एक क्रिकेट मैच खेला गया। इसमें कर्मचारी-अधिकारियों के बीच दो टीम ग्रीन और ब्लू बनाकर मुकाबला खेला गया। जिसमें टीम ग्रीन के खिलाफ टीम ब्लू ने पांच विकेट से जीत हासिल की।

इससे पहले मैच का शुभारंभ न्यायमूर्ति सौरभ लवानिया और न्यायमूर्ति राजीव सिंह ने किया। सुपर लीग के टी-20 मुकाबले में टीम ग्रीन पहले बैटिंग करते हुए 18 ओवर में सभी विकेट गंवाकर 104 रन बना सका। मनीष प्रताप सिंह ने 39 और आरिफ ने 23 रन जोड़े। टीम ब्लू से रईस ने सधी हुई गेंदबाजी की और चार विकेट झटके। जवाब में टीम ब्लू ने 12.2 ओवर में ही 106 रन बनाकर पांच विकेट से जीत हासिल की। अरुण ने सबसे अधिक 27 रन जोड़े। मैच में रईस प्लेयर ऑफ द मैच बने।

## आंध्र प्रदेश को हराकर तमिलनाडु फाइनल मे

अखिल भारतीय विद्युत परिषद शतरंज-कैरम प्रतियोगिता

■ NBT न्यूज, लखनऊ: गोमती नगर विजयंत खंड पद्मश्री मो. शाहिद स्टेडियम पर शुक्रवार को 47वें अखिल भारतीय विद्युत परिषद की ओर से आयोजित शतरंज व कैरम प्रतियोगिता मे देशभर के विद्युत परिषद व कारपोरेशन के बीच धमाकेदार मुकाबले खेले गए। इसमे तमिलनाडु ने शतरंज और कैरम मे दोहरी जीत दर्ज की। वही, कैरम टीम प्रतियोगिता मे खेले गए सेमीफाइनल मे तमिलनाडु ने आंध्र प्रदेश के खिलाफ 2-1 जीत दर्ज की और फाइनल मे प्रवेश किया। इससे पहले प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि उप्र राज्य विद्युत उत्पादन निगम के प्रबंध निदेशक मयूर महेश्वरी ने किया। मौके पर पावर कारपोरेशन, उत्पादन निगम एवं ट्रांसमिशन कारपोरेशन के निदेशक कार्मिक प्रबंधन डॉ. जॉन मथाई, वित्त निदेशक संजय मेहरोत्रा, कार्मिक प्रबंधन निदेशक रजनीश रस्तोगी, विनोद कुमार समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# BBAU में नहीं होगा अटेंडेंस का फर्जीवाड़ा

Zeeshan.Rayini
@timesofindia.com

लखनऊ: बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में अब शिक्षकों से सांठ-गांठ कर बैक डेट में अटेंडेंस नहीं लग पाएगी। विवि में अब स्टूडेंट्स का डिजिटल अटेंडेंस रेकॉर्ड होगा। अब तक विश्वविद्यालय में रजिस्टर पर मैनुअल अटेंडेंस दर्ज की जाती थी। लेकिन विवि की ओर से समर्थ पोर्टल पर डिजिटल अटेंडेंस लगना शुरू हो गई है। इससे एक ओर विवि में अब अटेंडेंस का रेकॉर्ड ऑनलाइन हो गया है तो वहीं अब किसी तरह की अटेंडेंस में छेड़छाड़ नहीं हो सकेगी। ऑनलाइन अटेंडेंस चढ़ाने का जिम्मा शिक्षकों को ही सौंपा गया है।

विवि में अभी स्टूडेंट्स की डिजिटल अटेंडेंस लगने की कोई सुविधा नहीं थी। ऐसे में बीबीएयू में सभी शिक्षक मैनुअल अटेंडेंस ले रहे हैं। कई शिक्षक पहले की तरह ही कागज पर अटेंडेंस दर्ज करवा रहे हैं उसके बाद उसे समर्थ पोर्टल पर मैनुअल चढ़ा रहे हैं। इससे शिक्षकों को हर छात्र की हर क्लास की अटेंडेंस हर दिन पोर्टल पर अपडेट करनी पड़ रही है। लेकिन इससे अब अटेंडेंस में किसी तरह का बदलाव नहीं हो सकेगा। क्योंकि समर्थ की ओर से महज एक सप्ताह की बैकडेट में अटेंडेंस चढ़ाने का विकल्प दिया गया है। सेमेस्टर के अंत में अगर किसी छात्र की अटेंडेंस शॉर्ट हो गई तो उसकी अटेंडेंस पोर्टल पर चढ़ाने का कोई विकल्प नहीं है।

**मोबाइल पर भी ले सकेंगे अटेंडेंस:** बीबीएयू में समर्थ के नोडल अधिकारी डॉ. धीरेंद्र पांडेय ने बताया कि समर्थ पर शिक्षकों की लॉगिन आईडी बनाई गई है। इस आईडी को मोबाइल पर भी एक्सेस किया जा सकता है। ये विकल्प शिक्षकों को दिया गया है कि वह मोबाइल पर अटेंडेंस लगाएं या सिस्टम पर। विवि की ओर से इस नियम को इसी साल से लागू किया गया है।

**परीक्षा से लेकर छात्रवृत्ति तक पोर्टल से:** विवि में स्टूडेंट्स के अटेंडेंस रेकॉर्ड के आधार पर ही परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दी जाती है। वहीं शासन की ओर से छात्रवृत्ति भी अटेंडेंस के आधार पर ही मिलती है। समर्थ पोर्टल पर अटेंडेंस के रेकॉर्ड से ही अब इन दोनों की अनुमति दी जाएगी। जिन की उपस्थिति पोर्टल पर दर्ज नहीं होगी उन्हें छात्रवृत्ति से भी वंचित होना पड़ेगा। पहले छात्र विभाग से अटेंडेंस लिखवाकर छात्रवृत्ति के लिए लगाते थे।

ALIGARH MUSLIM UNIVERSITY
An Institution of National Importance listed in the Schedule VII of the Constitution of India
(NAAC ACCREDITED GRADE 'A+')

ADVERTISEMENT NO. 1/2026/NT DATED 19.01.2026

Online Applications, to be filled up at the Careers Portal of the University https://careers.amuonline.ac.in, are invited from Indian Nationals (including Overseas Citizen of India (OCI) Cardholders under Section 7A of the Citizenship Act, 1955) for recruitment to the Post of the Registrar, Aligarh Muslim University. The Last date for submission of online Application Forms is 04.03.2026 upto 11:59 P.M. and the last date for submission of the Hard Copy of Online filled Application Forms is 19.03.2026 upto 05:00 P.M. The Hard Copies will not be received after 05:00 P.M. The University will not be responsible for Postal delay. Therefore, applicants are advised to submit both online and offline forms well within time.

**Detailed advertisement alongwith Instructions is available on the University websites: General Advertisements - Vacancies | AMU and Advertisements - Selection Committee (Non Teaching Section) | AMU**

REGISTRAR

REGISTRATION OF VENDORS FOR PROCUREMENT OF EXPENDABLE MEDICAL STORES, NON EXPENDABLE MEDICAL STORES, REPAIR OF MED EQPTS & DENTAL STORES ITEMS OUT OF DGLP, ECHS AND REPAIR & MAINT OF MED EQPTS FUNDS (MILITARY HOSPITAL AYODHYA CANTT)

1. Application for registration to supply the Expendable Medical Stores, Non Expendable Medical Stores and Dental Stores out of DGLP, ECHS & Maint & Repair of Med Eqpts fund for the FY 2026-27 are invited from interested vendors
2. Application should be on letter pad along with the following documents in original with serially numbered and check list addressed to the Commanding Officer, Military Hospital Ayodhya Cantt.
(a) Particulars of firm including Name, Address Telephone No, e-mail ID.
(b) Attested copy of firm registration certificate under shops & Establishment Act with latest photograph of shop.
(c) Copy of valid drug license certificate with expiry date.
(d) Copy of PAN Card.
(e) Central/UP sales tax Registration Certificate/TIN No.
(f) Income Tax clearance for the Year 2023-24, 2024-25 & 2025-26.
(g) Copies of authorization letter from reputed original manufacture
(h) Sample of the letter pad (blank)
(i) Latest Security clearance from local Police Authority.
(k) Financial Condition certificate from banker
(l) Types of stores stocked and capability of supplying
(m) Letter of existing Registration with any Armed Forces Hospital along with performance certificate
(n) Annual turnover certificate audited by CA for the last 03 years in case of original manufacturer.
(o) Copy of valid narcotics drug license certificate with expiry date as applicable.
(p) Firm should be registered with GeM portal with registration copy.
(q) ISO/BIS/GE certificate as applicable.
(r) Firms registered by Govt under Jan Aushadhi stores can also apply for registration.
(s) Once the vendor is selected they have to submit Performance Bank Guarantee (PBG) for Rs 1,50,000/-.
3. Last date for receipt of document 1400hrs on 10 Feb 2026.
4. A board of Officer will also visit the premises of the vendors applying for registration.
5. Firms can approach this hospital during working hours for any clarifications.

PROCLAMATION REQUIRING THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED
(See Section 84 BNSS (erstwhile 82 Cr.P.C.)

ASHWANI KUMAR NAYAR

WHEREAS complaint has been made before me that accused person namely **Ashwani Kumar Nayar S/o Sh. Surinder Kumar Nayar** has committed (or is suspected to have committed) the offence in case FIR No. RC 221 2023 E 0024, CBI, EO-III, New Delhi and it has been returned to a warrant of arrest thereupon issued that the accused **Ashwani Kumar Nayar** cannot be found and whereas it has been shown to my satisfaction that the said accused **Ashwani Kumar Nayar** has absconded (or is concealing himself to avoid the service of the said warrant).

Proclamation is hereby made that the said accused **Ashwani Kumar Nayar of CBI Case RC 221 2023 E 0024, CBI, EO-III, New Delhi U/s.120B r/w 420/406/409 IPC, Section 13(2) r/w 13(1)(d) of PC Act, 1988 is required to appear before this Court to answer the said complaint on or before 02.03.2026.**

By Order
SH. SHAILENDER MALIK,
Special Judge (PC Act)
CBI-21, Room No. 611
Rouse Avenue District Court, New Delhi



# वसंत पंचमी पर 3.56 करोड़ ने किया स्नान

## माघ मेले में टूटा महाकुंभ का रेकॉर्ड, 2.57 करोड़ ने किया था स्नान

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज : माघ मेले में शुक्रवार को वसंत पंचमी पर रेकार्ड 3 करोड़ 56 लाख श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगायी। चौथे मुख्य स्नान पर्व पर संगम की रेती पर स्नानार्थियों का रेला उमड़ पड़ा। संगम सहित गंगा और यमुना के विभिन्न घाटों पर शहरियों के अलावा संतों और महात्माओं सहित देश के कोने-कोने से आए श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। प्रशासन का दावा है कि मेले के 24 घाटों पर 3.56 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया। महाकुंभ-2025 की वसंत पंचमी पर 2.57 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया था। ऐसे महाकुंभ का रेकॉर्ड भी टूट गया है।

**संगम नोज पर रहा दबाव :** वसंत पंचमी पर सबसे अधिक दबाव संगम नोज पर रहा। स्नान घाट के करीब बालू पर ही बैठकर लोगों ने घर से लाए गए लड्डू चूरा, सब्जी-पूड़ी का आनंद लिया। इस दौरान मंडलायुक्त, डीएम, अपर पुलिस आयुक्त, मेलाधिकारी, एसपी मेला समेत अन्य अधिकारी लगातार मुस्तैद रहे। स्नान-पूजन के बाद श्रद्धालुओं ने गोदान का भी संकल्प लिया। उधर, अक्षयवट और लेटे हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जयकारों और मंत्रोच्चार से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

**सनातनी किन्नर अखाड़ा ने किया स्नान :** आस्था की डुबकी लगाने सनातनी किन्नर अखाड़ा भी पहुंचा। शिविर से स्नान के लिए निकले अखाड़े के सदस्य श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहे। इस दौरान अखाड़े के सदस्यों ने तरह-तरह के करतब दिखाए। वहीं, मेला क्षेत्र में इंटरनेट और कॉलिंग के लिए लोग परेशान रहे। अस्थायी मोबाइल टावर लगाने के बाद भी मेला क्षेत्र में पहले ही दिन से नेटवर्क को लेकर दिक्कत है।

PTI

## स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद हुए बीमार, नहीं निकाली यात्रा

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज : ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की तबीयत शुक्रवार को बिगड़ गयी। सर्दी-बुखार की शिकायत के बाद आराम करने की सलाह दी गयी। ऐसे में काफी समय अपनी वैन में ही रहे। हालांकि बीच-बीच में लोगों से मिलने के लिए बाहर आते रहे। इस बीच उन्होंने नौ प्रतिष्ठा यात्रा भी नहीं निकाली।

शंकराचार्य के पीआरओ शैलेन्द्र योगिराज ने बताया बताया कि ठंड के दौरान लगातार खुले में बैठने से सेहत पर असर पड़ा और बीमार हो गए हैं। वहीं, अस्वस्थ होने की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु हालचाल लेने पहुंचे। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने वसंत पंचमी पर भी संगम स्नान नहीं किया। उन्होंने दोहराया है कि जब तक प्रशासन माफी नहीं मांगता, तब तक स्नान नहीं करेंगे। आरोप लगाते हुए कहा कि अधिकारी लगातार नोटिस देकर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

### मिलने पहुंचे आप सांसद संजय

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और मेला प्रशासन के बीच चल रहे विवाद के बीच आप सांसद संजय सिंह शुक्रवार को मिलने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि शंकराचार्य जी को संगम स्नान से रोककर यूपी सरकार ने घोर अपराध किया है। इससे बड़ा अपराध शंकराचार्य होने का साक्ष्य मांगकर किया है। कहा कि जो लोग आज तक अपनी डिग्री नहीं दिखा पाए वे शंकराचार्य से सुबूत मांग रहे हैं।

### भाजपा अंत की ओर: अखिलेश

सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि जगत गुरु शंकराचार्य को मानने वाला हर व्यक्ति दुखी है और उनके साथ-साथ सनातन के अपमान के लिए भी उसकी भावनाएं आहत हुई हैं। भाजपाइयों का 'सनातन के सम्मान' का सपना कभी पूरा नहीं होगा। भाजपा का मायावी रूप अब सबके सामने आ गया है और अब भाजपा पतन से अंत की ओर है। छल का बल अमर नहीं होता है।

## फटाफट खबरें

### दो दिन में दूसरी बार बदले संभल के CJM

■ NBT रिपोर्ट, मेरठ: संभल में दो दिन के अंदर दूसरी बार मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (CJM) का तबादला हुआ है। अब कौशांबी के सीजेएम दीपक कुमार जायसवाल को संभल का नया सीजेएम बनाया गया है। दो दिन पहले इसी पद पर भेजे गए आदित्य सिंह को वापस सिविल जज चंदौसी भेज गया है। उन्हें दो दिन पहले ही विभांशु की जगह संभल का सीजेएम बनाया गया था।

### महाश्मशान में शवों का डिजिटल रजिस्ट्रेशन

■ NBT न्यूज, वाराणसी: महाश्मशान मणिकर्णिका और हरिश्चंद्र घाट पर अब शवों का निःशुल्क कंप्यूटरीकृत पंजीकरण होगा। नगर निगम ने शुक्रवार को वसंत पंचमी से सुविधा शुरू कर दी है। मेयर अशोक तिवारी ने हरिश्चंद्र घाट पर सुविधा शुरू करते हुए कहा कि दोनों महाश्मशान घाटों पर अब प्रत्येक शव का नाम, पता और आयु जैसी बुनियादी जानकारी डिजिटल रूप में दर्ज होगा।

### कुदाल से वारकर पत्नी की हत्या

■ NBT न्यूज, गोंडा: खरगूपुर थाना क्षेत्र में मामूली विवाद के बाद एक शख्स ने कुदाल से पत्नी की हत्या कर दी। गांव भोला जोत मजरे भयक पुरवा निवासी बाबूलाल यादव ई-रिक्शा चलाता है। पुलिस के अनुसार शराब के आदी बाबूलाल का शुक्रवार को किसी बात पर पत्नी रीता (37) से विवाद हो गया। इसके बाद आरोपित ने खाना बना रही पत्नी पर कुदाल से एक के बाद एक कई वार कर हत्या के बाद फरार हो गया।

### प्रदेश भर में सिविल डिफेंस मॉकड्रिल

■ टीम एनबीटी, लखनऊ: नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर प्रदेश भर में सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल एवं ब्लैकआउट का अभ्यास किया गया। इस दौरान युद्ध अथवा किसी भी आपातकालीन संकट की स्थिति से निपटने के लिए मेडिकल टीम, फायर ब्रिगेड, पुलिस विभाग, एनडीआरएफ /एसडीआरएफ, आपदा टीम, पूर्ति विभाग, नगर पालिका परिषद सहित अन्य विभागों के आपसी समन्वय से अभ्यास किया। सुलतानपुर और अमेठी में सिविल लाइंस में अभ्यास हुआ। इसी प्रकार बाराबंकी, अयोध्या और लखीमपुर में भी अभ्यास के दौरान शाम छह बजे ब्लैक आउट के बीच मॉक ड्रिल हुई। इस दौरान सायरन बजते ही अंधेरा पसर गया।

### ₹7.70 करोड़ की चोरी में तीन गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, आगरा: सिकंदरा स्थित रोजर इंडस्ट्रीज लिमिटेड से 19 जनवरी को 7.70 करोड़ रुपये के जेवर और कैश चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार फैक्टरी के कम्प्यूटर ऑपरेटर अनुपम शर्मा ने भाई अनुराग शर्मा और दोस्त संजय उर्फ सज्जू के साथ मिलकर वारदात अंजाम दी थी। केस दर्ज कर जांच के दौरान गुरुवार रात तीनों को गिरफ्तार कर चुराया गया माल बरामद कर लिया है।

### लिवइन पार्टनर ने की युवक की हत्या, गिरफ्तार

■ भाषा, बिजनौर : चांदपुर में कथित तौर पर लिव इन में रहने वाली युवती ने शादी से इनकार करने पर युवक की हत्या कर दी। सीओ देशदीपक के अनुसार नगर पालिका के पास हरिओम (25) किराए पर प्रेमिका शीतल के साथ रहता था। हरिओम फाइनेंस कंपनी में काम करता था जबकि शीतल नूरपुर में एक अस्पताल में काम करती है। पूछताछ में पता चला कि 18 जनवरी को शराब पीने के बाद झगड़ा हुआ और हरिओम मरने की धमकी देकर फंदा गले में डालकर खड़ा हो गया। गुस्से में शीतल ने उसे पैर पर लात मार दी थी। इसके बाद उतारकर अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।

### कार में लगी आग, जिंदा जला चालक

■ NBT न्यूज, आगरा: सिपुरी में मधटई तिराहे के पास गुरुवार देर रात चलती कार में आग लगने से चालक जिंदा जल गया। पुलिस के अनुसार आग लगने से दरवाजे और खिड़कियां लॉक हो गए थे। लपटों में घिरा युवक मदद के लिए चीखता रहा लेकिन कोई आगे आने की हिम्मत नहीं जुटा सका। सूचना के दस मिनट में पुलिस और कुछ ही देर में फायर ब्रिगेड पहुंच गई। लपटों पर काबू पाए जाने तक चालक की मौत हो चुकी थी। मृतक की पहचान कमला नगर निवासी एलआईसी एजेंट वीरेंद्र ठकरानी के रूप में हुई है।

### अमेरिकी नागरिकों से ठगी में छह गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, गोरखपुर : अमेरिकी नागरिकों से ठगी करने वाले छह जालसाजों को शुक्रवार को गोरखपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया। कोलकाता से संचालित गिरोह के सदस्य अमेरिकी नागरिकों को निशाना बनाते थे। अमेरिका में मौजूद जालसाज मोबाइल नंबरों का डेटा और बैंक खातों के नंबर देता था। पकड़े गए आरोपितों में गोरखपुर के अलावा कोलकाता, लखनऊ, बलरामपुर के आरोपित शामिल हैं। आरोपितों की पहचान रूपेश सिंह, अभिषेक पाण्डेय, हर्ष आर्य, सूरज कुमार तिवारी, अश्वनी कुमार मौर्य तथा सलोनी यादव के रूप में हुई।

### धूम से मना BHU का 111वां स्थापना दिवस

■ NBT न्यूज, वाराणसी: वसंत पंचमी पर शुक्रवार को काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) का 111वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। मां सरस्वती की आराधना के बाद निकली आकर्षक झांकियों और एनसीसी कैडेटों के बैंड की धुन पर परेड से दिल्ली के राजपथ सरीखा नजारा दिखा। वीसी प्रो. अजित कुमार चतुर्वेदी की मौजूदगी में पूजन के बाद हॉस्टल मार्ग से झांकियों के निकलने का सिलसिला शुरू हुआ। इस दौरान आईआईटी जिमखाना से लेकर एमरमवी चौराहे तक हजारों लोग मौजूद रहे।

## भोला जायसवाल की ₹28.50 करोड़ की संपत्तियां जब्त

■ NBT न्यूज, वाराणसी: प्रतिबंधित कोडीन युक्त कफ सिरप तस्करी के खेल को उजागर करने वाली सोनभद्र पुलिस ने शुक्रवार को वाराणसी में बड़ी कार्रवाई की है। कोर्ट के आदेश पर तस्करी के मास्टरमाइंड जेल में निरुद्ध भोला जायसवाल और उसके परिवार की 28.50 करोड़ की चल-अचल संपत्ति पर जब्त की गई है। इनमें बादशाह बाग कॉलोनी स्थित मकान, महमूरगंज का कॉम्प्लेक्स और रामकटोरा की बिल्डिंग शामिल है। चार बैंक खातों को भी सीज किया गया है, जिनमें डेढ़ करोड़ से ज्यादा रुपये हैं। सोनभद्र के सीओ सिटी रणधीर मिश्र की अगुवाई में पहुंची 25 सदस्यीय टीम ने वाराणसी पुलिस और एसडीएम पिंडरा सुनीता गुप्ता के साथ अभियान चलाया।

कफ सिरप तस्करी में कोर्ट के आदेश पर कार्रवाई

## अपहरण के बाद किशोर की हत्या

■ NBT न्यूज, बांदा: फिरौती के लिए अगवा किए गए कारोबारी के बेटे की गुरुवार रात हत्या कर दी गई। अपहरण और फिरौती मांगने की जानकारी पर केस दर्ज कर तलाश में जुटी पुलिस से मुठभेड़ के दौरान एक आरोपित ढेर हो गया, जबकि गंभीर रूप से घायल दूसरे को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

चित्रकूट की घटना, मांगी गई थी फिरौती

मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश ढेर, दूसरा गंभीर

एसपी चित्रकूट अरुण कुमार सिंह के अनुसार बरगढ़ कस्बे से गुरुवार शाम कपड़ा कारोबारी अशोक केसरवानी के 13 वर्षीय बेटे आयुष को अगवा कर लिया गया था। रात करीब 8.30 बजे रात फोन करके 40 लाख की फिरौती मांगी गई। तलाश के शुक्रवार सुबह करीब साढ़े सात बजे परानू बाबा जंगल में घिरने पर अपहर्ताओं ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में गोली लगने से इरफान और कल्लू घायल हो गये। दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया। इलाज शुरू होने से पहले कल्लू की मौत हो गई। इरफान को इलाज के लिए प्रयागराज रेफर किया गया है। इरफान की निशानदेही पर उसके कमरे से आयुष का शव बरामद हुआ है।

## मैनेजर ही निकला बुजुर्ग का हत्यारा

■ NBT न्यूज फतेहपुर : शहर में बुधवार को हाईप्रोफाइल वकील जयराज मान सिंह हत्याकांड का पुलिस ने 48 घंटे में खुलासा कर दिया है। अधिवक्ता और सैकड़ों बीघे जमीन के मालिक जयराज मान सिंह की हत्या के आरोप में उनके मैनेजर अंकित मिश्रा को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि पूरी पुलिस की तैयारी कर रहे आरोपित ने जमीन के लालच में वारदात अंजाम दी थी। पुलिस का कहना है कि वारदात की जांच चल रही है। आरोपित से पूछताछ में कई और महत्वपूर्ण बातें सामने आ सकती हैं।


जयराज मान सिंह हत्याकांड का खुलासा

## फर्जी दस्तावेज़ से लेते थे लोन और बीमा क्लेम, तीन अरेस्ट

■ NBT न्यूज, सुलतानपुर: एसटीएफ ने शुक्रवार को वाहनों इंजन व चेसिस नंबर बदल फर्जी कागज तैयार कर लोन व बीमा के क्लेम हड़पने वाले गिरोह का खुलासा किया है। कोतवाली देहात स्थित गैराज से गिरोह ऑपरेट हो रहा था। एसटीएफ ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार करने के साथ ही अन्य की तलाश शुरू कर दी है।

STF के सीओ दीपक कुमार सिंह के अनुसार काफी समय से गाड़ियों के फर्जी दस्तावेज बनाकर लोन और बीमा क्लेम लेने की शिकायतें मिल रही थीं। पुख्ता सूचना पर दरोगा तेज बहादुर सिंह व हरीश सिंह चौहान ने मुफीद के गैराज पर छापा मारा। मौके पर कुछ लोग ट्रकों के इंजन व चेसिस नंबर से छेड़छाड़ करते पाए गए। पकड़े गए आरोपितों की पहचान विनय शंकर मिश्रा, बृजेश कुमार उर्फ विपिन और जयप्रकाश विश्वकर्मा के रूप में हुई है। आरोपितों के पास से नंबर बदले गए 4 ट्रक, 1 पिकप सहित अन्य सामान बरामद हुआ है। पूछताछ में पता चला कि गिरोह प्रदेश के अलग-अलग जिलों व अन्य राज्यों से ऐसी ट्रकें जिनकी लोन की किश्तें डिफॉल्ट हो चुकी होती हैं, कम दामों में खरीदकर सुलतानपुर लाते थे। इसके बाद इंजन व चेसिस नंबर बदलकर आरटीओ के दलालों के माध्यम से फर्जी रजिस्ट्रेशन पेपर तैयार करवा लोन व इन्श्योरेंस करवाने के बाद चोरी दिखा बीमा का क्लेम लेते थे।

ट्रकों के फर्जी पेपर बनाकर खेल करने वाले गिरोह का खुलासा

## बाबा विश्वनाथ के भाल सजा लग्न का तिलक

■ NBT न्यूज, वाराणसी: धर्म नगरी काशी में बाबा विश्वनाथ के विवाहोत्सव से जुड़ी सदियों पुरानी परंपरा शुक्रवार को जीवंत हुई। वसंत पंचमी पर बाबा के तिलकोत्सव का आयोजन टेढ़ीनीम स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर के महंत आवास पर हुआ।

बाबा विश्वनाथ की पंचबदन रजत मूर्ति की भोर में आरती के साथ उत्सव शुरू होने पर ब्राह्मणों ने चारों वेदों की ऋचाओं के पाठ संग दुग्धाभिषेक किया। सुबह फलाहार का भोग अर्पित करने के उपरांत फलों के रस से रुद्राभिषेक किया गया। दोपहर में मंगल गीतों गाए जाने के बीच बाबा को रजत सिंहासन पर प्रतिष्ठित कर दूल्हे के रूप में श्रृंगार किया गया। शाम को मंदिर के पट खुलने पर भक्तों ने दूल्हे स्वरूप में बाबा के दर्शन किए। सायंकाल शुभ लग्न के अनुसार विश्वनाथ मंदिर में होने वाली सप्तर्षि आरती से पहले शहनाई की मंगल ध्वनि, डमरुओं के निनाद, मंगल गीत और हर-हर महादेव के जयघोष के बीच दूल्हे का परिधान धारण किए बाबा को (पंचबदन चल प्रतिमा) विधि-विधानपूर्वक तिलक चढ़ाया गया।

शिवरात्रि पर होगा विवाह, रंगभरी एकादशी को गौना बारात

**निकली बधइया यात्रा:** तिलकोत्सव से पहले दशाश्वमेध स्थित सिद्धपीठ बड़ी शीतला माता मंदिर के महंत परिवार की तरफ से सात थाल में तिलक सामग्री लेकर तिलकोत्सव की बधइया यात्रा निकली। थालों में बाबा के लिए वस्त्र, सोने की चेन, चांदी के नारियल, फल-मिठाई और मेवा आदि थे। बांसफाटक से निकली शोभायात्रा में बड़ी संख्या में काशीवासी शामिल हुए। अब महाशिवरात्रि पर्व को बाबा के विवाहोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। इसके बाद रंगभरी एकादशी के दिन बाबा की गौना बारात की रस्म निभाई जाएगी। रंगभरी एकादशी के अगले दिन भोले के भक्त महाश्मशान मणिकर्णिका घाट पर चिता भस्म से होली खेलेंगे।

## आज़म खां ने जौहर ट्रस्ट से पद छोड़ा, बहन बनीं अध्यक्ष

■ NBT रिपोर्ट, मेरठ: सपा के वरिष्ठ नेता आजम खां, पत्नी डॉ. तंजीन फातिमा और छोटे बेटे अब्दुल्लाह आजम अब मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट से अलग हो गए हैं। तीनों ने ट्रस्ट में अपने-अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। इसके साथ ही ट्रस्ट की कार्यकारिणी में बड़ा बदलाव हुआ है। ट्रस्ट की नई अध्यक्ष आजम की बहन निकहत अखलाक होंगी, जबकि बड़े बेटे मोहम्मद अदीब आजम को सचिव बनाया गया है। इसके अलावा एसपी विधायक नसीर अहमद खान संयुक्त सचिव, मुस्ताक अहमद सिद्दीकी उपाध्यक्ष और जाहेद उर रहमान खान कोषाध्यक्ष होंगे। यह जानकारी शुक्रवार को मौलाना मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी, रामपुर के रजिस्ट्रार डॉ. एसएन सलाम ने दी।

पत्नी तंजीन और बेटे अब्दुल्लाह ने भी इस्तीफा दिया, नई कार्यकारिणी में बड़े बेटे अदीब को बनाया सचिव

**ट्रस्ट के जरिए हुई थी जौहर यूनिवर्सिटी की स्थापना:** जौहर ट्रस्ट के जरिए रामपुर में जौहर यूनिवर्सिटी की स्थापना हुई थी। ट्रस्ट रामपुर पब्लिक स्कूलों का संचालन भी करता है। लेकिन आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम को कई मामलों में सजा मिल चुकी है और तीनों के खिलाफ अब भी कई केस अदालतों में चल रहे हैं।

## एलटी ग्रेड शिक्षक भर्ती के 7466 पदों का ब्योरा तलब

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एलटी ग्रेड शिक्षक भर्ती में टीईटी/सीटीईटी अर्हता मामले में दाखिल याचिका पर विज्ञापित 7466 पदों का ब्योरा मांगा है। अगली सुनवाई तीन फरवरी को होगी। न्यायमूर्ति सरल श्रीवास्तव व न्यायमूर्ति सुधांशु चौहान की खंडपीठ जयहिंद यादव की याचिका पर सुनवाई कर रही है। अतिरिक्त महाधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि कक्षा 9 और 10 के शिक्षण कार्य के लिए एलटी ग्रेड शिक्षक की भर्ती हो रही है। इसके लिए टीईटी अनिवार्य नहीं है। वहीं, याची के अधिवक्ता संजय कुमार यादव ने बताया कि सरकार की तरफ से विज्ञापित 7466 पदों का विवरण उपलब्ध नहीं करवाया गया है। जिससे पता चले कि वह अधिवाचित पद उन स्कूल/कॉलेज के हैं, जहां शिक्षण कार्य सिर्फ कक्षा 9 और 10 का होता है। इस पर कोर्ट ने सभी विज्ञापित पदों का ब्योरा मांगा है।

### जेल वॉर्डरों के भोजन भत्ते पर 2 माह में लें निर्णय: HC

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने उत्तर प्रदेश के जेल वॉर्डरों को भोजन भत्ते के भुगतान पर महानिदेशक कारागार को दो महीने में निर्णय लेने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति विकास बुधवार ने यशदीप एवं अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। याचियों के अधिवक्ता शरदेंदु मिश्रा ने बताया कि 3 दिसंबर 2016 को अपर पुलिस महानिदेशक द्वारा महानिदेशक को सिफारिश भेजी गई थी, जो लंबित है। कोर्ट ने दो सप्ताह में मांगों का एक विस्तृत प्रत्यावेदन संबंधित अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने की छूट दी है।

### पत्नी की वजह से कमाई में अक्षम तो कैसा भत्ता: HC

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने भरण पोषण से जुड़े एक मामले में महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा है कि यदि पत्नी अपने कार्यों से पति की कमाई की क्षमता को प्रभावित करती है तो भरण-पोषण का दावा नहीं कर सकती। ऐसे में भरण-पोषण देने से पति के प्रति अन्याय होगा। इसके साथ ही कोर्ट ने अंतरिम भरण पोषण की याचिका खारिज कर दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति लक्ष्मीकांत शुक्ला की एकल पीठ ने डॉ. वेद प्रकाश सिंह के खिलाफ पत्नी विनीता की तरफ से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया।

## अयोध्या/बाराबंकी

## 'देश में सनातन के बहुत शत्रु, पहले उनसे लड़ें'

■ NBT न्यूज, अयोध्या

योगगुरु बाबा रामदेव ने शुक्रवार को प्रभु श्रीराम लला के दर्शन पूजन किए। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय ने परकोटा, सप्तमंडप के मंदिरों के दर्शन करवाने के साथ ही परिसर का भ्रमण करवाया। वहीं, एक आश्रम में आयोजित योग शिविर में राम जन्मभूमि सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार रखे। बाबा रामदेव ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद से जुड़े मामले में कहा कि आपसी विवाद से सनातन को अपयश होता है। संतों व धर्माचार्यों का एकजुट रहना जरूरी है। देश में कोई ईसाईकरण कर रहा है कोई इस्लामीकरण कर रहा है। सनातन के बहुत शत्रु हैं। ऐसे में आपस में लड़ने की जगह उनसे लड़ने की जरूरत है।


योग गुरु बाबा रामदेव ने किए राम लला के दर्शन

**संसदीय समिति के सदस्यों ने किए राम लला के दर्शन:** रक्षा संबंधी स्थायी संसदीय समिति के सदस्यों ने अयोध्या पहुंच राम लला के दर्शन किए। मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने समिति के सदस्यों का स्वागत किया। भाजपा सांसद राधा मोहन सिंह ने बताया कि आधिकारिक दौरा कोच्चि से वाराणसी का था। प्रयागराज और अयोध्या की निजी तौर पर आए हैं। दल में राधा मोहन सिंह, जगदीप, राजीव भारद्वाज और वीरेंद्र सिंह शामिल रहे। वहीं, सपा सांसद वीरेंद्र सिंह ने प्रयागराज मुद्दे पर कहा कि सरकार शंकराचार्य को मनाएं और स्नान करवाएं।

### CM सामूहिक विवाह: एक-दूजे के हुए 414 जोड़े

■ NBT न्यूज, अयोध्या : सीएम सामूहिक विवाह योजना के तहत जिले के 7 विकास खंडों में 414 जोड़ों का धूमधाम से विवाह करवाया गया। इस मौके पर रुदौली के एमएलए रामचन्द्र यादव मौजूद रहे। मवाबाजार एवं तारुन में विधायक अभय सिंह ने नवविवाहितों को आशीर्वाद दिया।

## पानी न आने की शिकायत पर MBBS स्टूडेंट्स को पीटा

■ NBT न्यूज, बाराबंकी

गदिया स्थित डॉ. केएन सिंह मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल में शुक्रवार सुबह पानी नहीं आने होने की शिकायत करने पर एमबीबीएस इंटर्न प्रशांत प्रभाकर सहित अन्य को वार्डन, गार्ड व पीआरओ ने लाठियों से पीट दिया। इससे गुस्साए करीब 1000 इंटर्न व एमबीबीएस स्टूडेंट्स ने आरोपितों पर कार्रवाई की मांग को लेकर कॉलेज गेट पर धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया।

मेडिकल कॉलेज में हंगामे की सूचना पर सीओ सिटी संगम कुमार व इंस्पेक्टर सिटी सुधीर कुमार सिंह फोर्स के साथ पहुंच गए। चेयरपर्सन डॉ. मधुलिका सिंह ने आरोपित रोहित सिंह, उत्कर्ष, अवधेश यादव व पीआरओ रणधीर सिंह के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया। सीओ सिटी के समझाने पर स्टूडेंट्स ने धरना खत्म कर दिया। हालांकि शाम तक कार्रवाई नहीं होने पर एक बार फिर कॉलेज गेट पर धरना शुरू कर दिया। सीओ सिटी संगम कुमार के अनुसार स्टूडेंट्स ने पानी की शिकायत पर पीटने के साथ ही घटिया खाना देने का आरोप लगाया है। दोनों पक्षों से बातचीत की जा रही है। चेयरपर्सन के अनुसार चीफ वार्डेन रोहित सिंह को हटा दिया गया है। अब कोई विवाद नहीं है।

डॉ. केएन सिंह मेडिकल कॉलेज की घटना, विरोध-प्रदर्शन के बाद हटाए गए चीफ वॉर्डन

## सड़क हादसों में तीन की मौत

■ NBT न्यूज, बाराबंकी: अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई। रामनगर के रानीगंज चौराहे के पास साइकल सवार हथौड़िया गांव निवासी नौमीलाल (50) की बाइक की टक्कर से मौत हो गई। उधर, असंद्रा के देवीगंज में सुखेड़ा मार्ग पर गुरुवार देर शाम ईंट लदे ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आकर मानपुर मकोहिया के निवासी बनवारी लाल रावत (24) की मौत हो गई। वहीं, टिकैतनगर में बेलसर-टिकैतनगर मार्ग पर दो बाइकों की भिड़ंत में लोधपुरवा निवासी रामकुमार की मौत हो गई। हादसे में आनंदपुरवा निवासी लवलेश घायल हो गया।

**नहर में मिला लापता युवक का शव:** एक हफ्ते से लापता हैदरगढ़ के जासेपुर गांव निवासी मोहम्मद हफीज इदरीसी (38) का शव शुक्रवार को नहर में मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने के साथ ही जांच शुरू कर दी है।

## 531 स्कूलों में वरिष्ठता के आधार पर तैनात होंगे प्रभारी

■ NBT न्यूज, बाराबंकी: बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तय मानक के मुताबिक विद्यार्थियों की संख्या वाले 531 स्कूलों में जल्द ही प्रभारी प्रधानाध्यापकों की तैनाती होगी। बीएसए नवीन कुमार पाठक ने बताया कि जिले में 10 प्राइमरी व 521 कम्पोजिट विद्यालय में पद खाली है। इनमें वरिष्ठता के आधार पर सहमति से प्रभारी की तैनाती के लिए वरिष्ठता की सूची जारी कर दी गई है।

**समस्याओं को लेकर बीएसए से मिले शिक्षक:** प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को बीएसए नवीन कुमार पाठक मिला। इस दौरान वरिष्ठता निर्धारण, एमडीएम कन्वर्जन कास्ट की उपलब्धता, अवकाश क्रय करने, अवरोध चयन वेतनमान, 20 प्रतिशत शिक्षकों को प्रोन्नत वेतनमान, पदोन्नति के संबंध में तैयारियां जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। इस मौके पर जिला मंत्री उमानाथ मिश्र, राजेश श्रीवास्तव, जय कुमार, सुनील त्रिपाठी व दिलीप तिवारी मौजूद रहे।

## फटाफट खबरें

### हत्या में बेटे सहित दंपती को उम्रकैद

■ NBT न्यूज, बाराबंकी: सात साल पहले रामसनेहीघाट के पूरेपूरन सनौली निवासी धर्मराज उर्फ सोमनाथ की हत्या के मामले में अपर जिला जज विनय कुमार सिंह ने शुक्रवार को रामसुरेश, पत्नी शांति देवी और बेटे लवकुश को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ साथ ही प्रत्येक पर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

### किशोरी के अपहरण में तीन साल की सजा

■ NBT न्यूज, बाराबंकी: छह साल पहले मोहम्मदपुर खाला निवासी किशोरी के अपहरण में अपर जिला जज प्रणविजय सिंह ने शुक्रवार को एढ़ौरा निवासी रामधीरज को 3 साल कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही 10 हजार जुर्माना लगाया है। शासकीय अधिवक्ता अजय सिंह व योगेंद्र सिंह ने बताया कि अगस्त 2020 को केस दर्ज हुआ था।

### कोडीन युक्त कफ सिरप रखने में जेल

■ NBT न्यूज, बाराबंकी: कोतवाली नगर की पुलिस ने शुक्रवार को 41 बोतल कोडीनयुक्त कफ सीरप व 227 ट्रामाटोल टैबलेट बरामद करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर सुधीर कुमार सिंह के अनुसार आरोपित की पहचान जहांगीराबाद के विशैली निवासी पंकज यादव के रूप में हुई। प्रतिबंधित श्रेणी की दवाएं मिलने पर एनडीपीएस ऐक्ट के तहत केस दर्ज कर आरोपित को जेल भेज दिया गया है।

### मंत्रोच्चारण के बीच मां सरस्वती की आराधना

■ NBT न्यूज, बाराबंकी: वसंत पंचमी पर मां सरस्वती का प्रमुख संस्थान व स्थानों पर विधिविधान से पूजन हुआ। चिनहट-देवा मार्ग स्थित श्री रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय में कुलपति कर्नल (डॉ.) विजय तिवारी, रजिस्ट्रार डॉ. हेमेन्द्र शर्मा, डॉ.शैरम दीक्षित, डॉ. आर.डी. यादव की मौजूदगी में पूजन हुआ। गदिया के डॉ. केएन सिंह मेडिकल कॉलेज में चेयरपर्सन डॉ.मधुलिका सिंह, रजिस्ट्रार रजीत कुमार सिंह की मौजूदगी में पूजन हुआ। लखपेड़ाबाग के रामसेवक यादव स्मारक इंटर कॉलेज में डॉ. विकास यादव ने पूजन किया।

# मेरठ के युवक का आतंकी लिंक, पूरा परिवार फरार

**यूपी ATS, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सेना की इंटेलिजेंस जांच में जुटी**

■ NBT न्यूज, मेरठ

मेरठ के कोतवाली थाना क्षेत्र में फल व्यापारी के बेटे के संदिग्ध आतंकी हैंडलर से कनेक्शन का मामला सामने आने के बाद से सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं। खुलासे के बाद से संदिग्ध उजैद पूरे परिवार के साथ फरार है। यूपी एटीएस और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने जब छापा मारा, तो घर बंद मिला। अब कोतवाली पुलिस मकान पर निगरानी रखे हुए है।

## खातों और लेनदेन की भी हो रही जांच

पुलिस और सेना की इंटेलिजेंस यूनिट उजैद के बैंक खातों की जांच कर रही है। सभी लेन-देन भी खंगाले जा रहे हैं, ताकि यह पता चल सके कि कहीं जम्मू-कश्मीर या किसी अन्य संदिग्ध खाते से रकम तो नहीं आई। इसके साथ ही उजैद के सभी वॉट्सऐप ग्रुप की भी जांच हो रही है। वह कुछ समय पहले जम्मू-कश्मीर गया था, यात्रा से जुड़ी जानकारियां भी जुटाई जा रही हैं।

## जम्मू के साजिद के संपर्क में था उजैद

जानकारी के अनुसार 27 नवंबर 2025 को जम्मू के बाहु फोर्ट थाने की पुलिस ने रियासी निवासी 19 वर्षीय मोहम्मद साजिद को गिरफ्तार किया था। साजिद पर युवाओं को कट्टरपंथ से जोड़ने और आतंकी गतिविधियों से जुड़े होने का आरोप है। पूछताछ में सामने आया कि साजिद पाकिस्तान में बैठे आतंकी हैंडलर के संपर्क में था। जांच में यह भी पता चला कि साजिद के वट्सऐप ग्रुप से मेरठ निवासी उजैद कुरैशी जुड़ा हुआ था। उजैद ने ग्रुप में मेरठ से जुड़ी कुछ जानकारियां भी साझा की थीं। इसी सिलसिले में जम्मू-कश्मीर पुलिस जांच के लिए मेरठ आई थी, लेकिन उससे पहले ही उजैद परिवार समेत फरार हो गया।

## फंदे से लटके मिले प्रेमी युगल के शव

NBT न्यूज, बांदा: पिछले तीन दिनों से लापता प्रेमी युगल के शव शुक्रवार को पेड़ से लटके पाए गए। ललितपुर जिले के बार स्थित देवरान गांव निवासी प्रेमी युगल संदिग्ध हालात में लापता हो गए थे। दोनों के परिवारीजन तलाश में जुटे थे। इस बीच गांव के बाहर पेड़ से दोनों के शव लटके पाए गए। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने के साथ ही जांच शुरू कर दी है।

**कालिंजर किले में मिला महिला का शव:** कालिंजर किले में गुरुवार को एक महिला का शव पाया गया। माना जा रहा है कि किसी के साथ घूमने आई महिला की चट्टान से फिसलकर गिरने मौत हुई और साथी भाग निकले। मृतका की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

OFFICE OF THE CHIEF GENERAL MANAGER
CONSTRUCTION & DESIGN SERVICES, (E/M WING)
U.P. JAL NIGAM (URBAN)
3/218, Vivek Khand Gomti Nagar, Lucknow
Phone No. 0522-4314579

Letter No.: 89/Karya-17/(26)/20
Date: 21.01.2026

GEM BID NOTICE

Digitally signed Gem-bids are invited on the behalf of the Chairman, U.P. Jal Nigam (Urban) for "SITC of Storm water management and associated work at Gauri ganj"

From eligible, reputed and experienced bidder. Detailed Gem-bid documents will be available for download from 23.01.2026 by 12:00 Hrs., submission of e-bid till 09.02.2026 up to 11:00 Hrs. and opening of Gem-bid on 09.02.2026 at 11:30 Hrs. EMD required as per details given N.I.T & E-tender Cost is Rs 10000.00 + GST @ 18% for tender. Details are also available on Gem portal https://bidplus.gem.gov.in/all-bids.

उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 101/102/ECTC(L)/2025-26 अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु पृथक निविदा दो भागों (पार्ट-I टेक्निकल बिड एवम् पार्ट-II फाइनेंशियल) में आमंत्रित की जाती है। 101. कार्य का नाम :- 400/220 के0वी0 उपकेन्द्र, सरोजनी नगर, लखनऊ पर भण्डार गृहों के मरम्मत, ड्रेन्च कवर का मरम्मत, रोड क्रासिंग पुलिया की सफ़ेद, फेन्सिंग रोड की Strengthening के कार्य। कार्य की अनुमानित लागत :- रू0 -30.72 लाख। कार्यावधि :- 02 माह। 102. कार्य का नाम :- 132 के0वी0 उपकेन्द्र, एस0जी0पी0जी0आई0, लखनऊ पर भण्डार गृहों के मरम्मत, ड्रेन्च कवर का निर्माण, ड्रेन्च एप्रिंग की मरम्मत, फेन्सिंग की मरम्मत सम्प हाउस एवं ड्रेन के निर्माण कार्य। कार्य की अनुमानित लागत :- रू0 -21.92 लाख। कार्यावधि :- 02 माह। उक्त निविदा की Technical Bid एवम् अन्य शर्तें तथा मात्रा बीजक इत्यादि का विस्तृत विवरण पर देखा जा सकता है एवम् http://etender.up.nic.in साइट पर देखा एवम् प्राप्त किया जा सकता है। निविदा दिनांक 06.02.2026 को दोपहर 14:00 बजे तक साइट पर डाउनलोड किया जा सकता है तथा दिनांक 07.02.2026 को 15:00 बजे सार्वजनिक रूप से निविदाएँ खोली जायेंगी। अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत जानपद परिक्षण मण्डल, उ0प्र0 एस0एल0डी0सी0 परिसर, विभूति खण्ड गोमती नगर, लखनऊ। "राष्ट्र हित में बिजली बचायें" संख्या 254-वि.ज.प.मं.(ल.)/ दिनांक: 21.01.2026

सिडको

सार्वजनिक सूचना

कोंढणे बांध, ग्राम चोची, तालुका कर्जत से प्रस्तावित जल शोधन संयंत्र (डब्ल्यूटीपी) तक ग्राम मोहोपे, तालुका - पनवेल, जिला रायगढ़ तक 22.21 किलोमीटर लंबी कच्ची जल सुरंग एवं संबद्ध कार्यों का डिजाइन एवं निर्माण तथा ग्राम मोहोपे, तालुका पनवेल, जिला-रायगढ़ में 250 एमएलडी जल शोधन संयंत्र का डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, संस्थापन, परीक्षण और कमीशनिंग एवं 15 वर्षों तक डब्ल्यूटीपी का व्यापक संचालन एवं रखरखाव।

(डिजाइन, बिल्ड एंड ऑपरेट (DBO) अनुबंध)

सीए.सं. : 03/CIDCO/EE(कोंढणे)/2025-26

निविदा आईडी: 2025_CIDCO_1256791_1

निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे ध्यान दें कि उपरोक्त कार्य के लिए पूर्व-योग्यता (PQ) मानदंडों में संशोधन करते हुए शुद्धिपत्र संख्या 3 ई-निविदा पोर्टल www.mahatenders.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है।

अधीक्षण अभियंता (डब्ल्यूएस)

CIN - U99999 MH 1970 SGC-014574
www.cidco.maharashtra.gov.in

कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)

खुली ई-निविदा आमंत्रण सूचना दिनांक 23/01/2026

कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड की ओर से वरिष्ठ क्षेत्रीय इंजीनियर, रत्नागिरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जा रही है। **कार्य का नाम-** एसआर आरईएन /रत्नागिरी सेक्शन के अंतर्गत किमी 00/800 से किमी 378/100 के बीच चिपलूण बैलास्ट डिपो पर बैलास्ट की आपूर्ति, केआरसीएल हॉपर में लोडिंग, अनलोडिंग, बैलास्ट बिछाने एवं बॉक्सिंग का कार्य। **निविदा सूचना संख्या: केआर-आरएन-डब्ल्यू-2026-03, अनुमानित लागत:** ₹115,00,470/-, **ईएमडी:** ₹ 2,07,500/-, **ऑनलाइन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:** 16/02/2026 को अपराह्न 15.00 बजे तक। अधिक जानकारी के लिए क्षेत्रीय रेलवे प्रबंधक कार्यालय, एमआईडीसी क्षेत्र, मिरजोले, रत्नागिरी से संपर्क करें। (वेबसाइट: https://www.ireps.gov.in)

उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक
क्षेत्रीय कार्यालय- आर्यावर्त भवन 2-बी/105 आवास विकास लोहियापुरम, फतेहगढ़, फर्रुखाबाद 209601 यू.पी.

सार्वजनिक सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित कर्जदारों द्वारा बैंक से लिए गये ऋण का मूल धन तथा ब्याज अदा नहीं किया गया है। अतः लिया गया ऋण एन.पी.ए. निम्नांकित दिनांक से वर्गीकृत हो गया है। सिक्योरिटाईजेशन एण्ड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एण्ड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इन्टरेस्ट एक्ट 2002 की धारा 13(2) के अन्तर्गत उनके द्वारा पते पर नोटिस भेजा गया था जो वापस आ गया है। अतः इन सभी को इस सार्वजनिक सूचना द्वारा पुनः सूचित किया जाता है कि आप बकाया धनराशि मय ब्याज एवं अन्य व्यय जैसा कि इस सूचना में उल्लेखित है, सूचना के प्रकाशन के दिनांक से 60 दिनों के अन्दर अदा करें। अन्यथा बैंक उपरोक्त एक्ट की धारा 13 (4) तक अग्रेतर कार्यों के लिए स्वतंत्र होगा। कर्जदार का ध्यान आकर्षित किया जाता है कि धारा 13 की उपधारा (8) की अधिनियम के अन्तर्गत वो प्रतिभूति संपत्ति छुड़ाने के लिये उपलब्ध अधिकार समाप्त हो जाएगा।

कर्जदार/जमानतदारों का नाम व पता एवं प्रतिभूति समझौता के साथ प्रतिभूति का संक्षिप्त विवरण/एन.पी.ए. तिथि एवं डिमांड नोटिस में बकाया धनराशि

**कर्जदार: श्री शिवम मिश्रा** पुत्र स्वर्गीय अजय कुमार मिश्रा निवासी 5/148, नितगंजा साउथ, तहसील-फर्रुखाबाद, जिला फर्रुखाबाद -209625। **गारंटर: 1. श्रीमती ममता,** पत्नी श्री संतोष कुमार, 185, मोहम्मद वसीन खान, जिला फर्रुखाबाद 209625 **2. श्री संतोष कुमार** पुत्र श्री ब्रज नंदन, रसीन खान, फर्रुखाबाद 209501

**खाता संख्या:** 040062610000023

**NPA तिथि:** 28.10.2024 **मांग नोटिस तिथि:** 02.12.2025

**गिरवी रखी गई संपत्ति का विवरण:** श्री शिवम मिश्रा पुत्र श्री अजय कुमार की संपत्ति का इक्विटेबल मोर्गेज जो 5/148, नितगंजा, परगना पहड़ा, तहसील फर्रुखाबाद, जिला - फर्रुखाबाद 209625 में स्थित है। **चौहद्दी- पूर्व -** राधेश्याम पटेल का मकान **पश्चिम-** श्री श्याम सुंदर गुप्ता का मकान **उत्तर-** श्री रामसिंह वर्मा का मकान **दक्षिण-** श्री रामप्रकाश मिश्रा का मकान और 8" चौड़ी गली।

**मांग नोटिस के अनुसार बकाया राशि:** 01.12.2025 तक Rs. 11,47,314/- + ब्याज + अन्य शुल्क

दिनांक : 23.01.2026 — प्राधिकृत अधिकारी, उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया | Union Bank of India
भारत सरकार का उपक्रम (A Govt. of India Undertaking)
एआरबी, लखनऊ : भू-तल, यूनियन बैंक भवन, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226010,
ईमेल:- ubin0578720@unionbankofindia.bank

## मेगा ई-नीलामी बिक्री सूचना (सरफेसी अधिनियम के अन्तर्गत)

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन), 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक सपठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।

सर्वसाधारण को विशेषकर ऋणियों एवं जमानतदारों को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियां प्रतिभूति के रूप में हमारे बैंक के पास दृष्टिबंधक/बंधक है जिसका **सांकेतिक/भौतिक कब्जा** यूनियन बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, का विक्रय दिनांक **13.02.2026 (समय: दोपहर 12:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक)** को होने वाली ई-नीलामी में **"जहाँ है", "जैसा है", "जो कुछ भी है"** और **"बिना किसी सहारे के आधार"** पर नीचे वर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों से सम्बन्धित उनकी देनदारी की वसूली के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (सुरक्षित लेनदार) के द्वारा किया जायेगा। आरक्षित धनराशि एवं ईएमडी राशि नीचे वर्णित है।

**ऑनलाइन ई-नीलामी की वेबसाइट https://baanknet.com**
**नीलामी दिनांक व समय: 13 फरवरी, 2026, दोपहर: 12:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक (10 मिनट के असीमित अतिरिक्त समय सहित)**

| क्र. सं. | ऋणी एवं जमानतकर्ताओं का नाम और पता | ई-नीलामी हेतु सम्पत्तियों का विवरण | 1. आरक्षित मूल्य 2. ई.एम.डी. 3. बढ़ी हुई धनराशि | 1. शाखा प्रमुख/सम्पर्क 2. प्राधिकृत अधिकारी का नाम एवं सम्पर्क सूत्र 3. प्राधिकृत अधिकारी की ई-मेल आईडी 4. सहायक अधिकारी का नाम एवं सम्पर्क सूत्र | ब्याज एवं अन्य खर्च के साथ बकाया धनराशि | भार का विवरण / कब्जा सांकेतिक/भौतिक / लंबित मुकदमे का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मेसर्स प्रगति ट्रांसपोर्ट कम्पनी (पार्टनरशिप), चौहान होटल, घंटाघर के पास, रायबरेली-229001 (उ.प्र.) पार्टनर्स द्वारा :-1) श्री अशीष कुमार सिंह, पुत्र श्री अशोक कुमार सिंह, पता: चौहान होटल, निकट घंटाघर, रायबरेली-229001 (उ.प्र.) 2) श्री मनीष कुमार सिंह, पुत्र श्री अशोक कुमार सिंह, पता: चौहान होटल, निकट घंटाघर, रायबरेली-229001 (उ.प्र.) जमानतकर्ता :-1) श्री अशिष कुमार सिंह, पुत्र श्री अशोक कुमार सिंह, पता: चौहान होटल, कैपर्गंज, रायबरेली-229001 (उ.प्र.) 2) श्री मनीष कुमार सिंह, पुत्र श्री अशोक कुमार सिंह, पता: चौहान होटल, कैपर्गंज, रायबरेली-229001 (उ.प्र.) 3) श्रीमती किरण सिंह, पत्नी श्री अशोक कुमार सिंह, पता: चौहान होटल, कैपर्गंज, रायबरेली-229001 (उ.प्र.) 4) श्री अमरनाथ सिंह, पुत्र श्री मथुरा सिंह, पता-1: पूरे कल्लू, सदर, रायबरेली, उ.प्र.-229001, पता-2: पूरे कल्लू, सदर, रायबरेली-229001 (उ.प्र.) | साम्यिक बंधक खाता संख्या 21 का प्लॉट, गाटा संख्या 39, स्थित रतापुर, फैजाबाद रोड, परगना-सदर, जिला-रायबरेली, उत्तर प्रदेश, आशीष कुमार सिंह के स्वामित्व में, क्षेत्रफल-379.50 वर्ग मीटर चौहद्दी(बिक्री विलेख के अनुसार):- उत्तर- राम सनेही चौधरी की भूमि, दक्षिण- भूमि का शेष भाग, पूर्व-रायबरेली से फैजाबाद रोड, पश्चिम- विक्रेता का शेष भाग | 1.रु.1,73,00,000/- 2.रु. 17,30,000/- 3.रु. 1,00,000/- | 1. प्राधिकृत अधिकारी से विमर्शानुसार 2. श्री राजीव कुमार वर्मा/8584884263 3.ubin0578720@unionbankofindia.bank 4. श्री नवीन सिंह/9767601248 | रु. 57,87,120.65 (रुपये सत्तावन लाख, सत्तासी हजार, एक सौ बीस व पैसे पैंसठ मात्र) मांग सूचना दिनांक 06.12.2022 के अनुसार और उस पर आगे का ब्याज, शुल्क और लागत | प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं<br>सांकेतिक<br>प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं |
| 2. | श्री दीपक प्रजापति पुत्र हरिशंकर प्रजापति, पता1: निवासी म.नं. ई-73, रतनपुर ऑफिसर्स कॉलोनी, कानपुर, उत्तर प्रदेश-208002 पता2: निवासी मकान नंबर 419/1/9 (प्लॉट नंबर 9, आराजी नंबर 419/1) स्थित जरौली, कानपुर, उ.प्र.-208002 | समस्त आवासीय मकान, क्षेत्रफल 128.744 वर्ग मीटर, जो 154.00 वर्ग गज के बराबर, स्थित मकान संख्या 419/1/9, प्लॉट संख्या 9, हरदेव नगर, जरौली, कानपुर, उत्तर प्रदेश-208002, मालिक-श्री दीपक प्रजापति पुत्र हरिशंकर प्रजापति, चौहद्दी:-उत्तर: 25 फीट चौड़ी सड़क, दक्षिण: प्लॉट संख्या 1, पूर्व: प्लॉट संख्या 10, पश्चिम: प्लॉट संख्या 08 | 1.रु. 61,50,000/- 2.रु. 6,15,000/- 3.रु. 61,500/- | 1. प्राधिकृत अधिकारी से विमर्शानुसार 2. श्री राजीव कुमार वर्मा/8584884263 3.ubin0578720@unionbankofindia.bank 4.श्री गोरखनाथ शर्मा/9838744960 | रु. 79,58,611.00 (रुपये उन्यासी लाख, अट्ठावन हजार छः सौ ग्यारह मात्र) मांग सूचना दिनांक 08.07.2024 के अनुसार और उस पर आगे का ब्याज, शुल्क और लागत | प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं<br>सांकेतिक<br>प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं |
| 3. | 1) मेसर्स रॉयल किंग इंडस्ट्री, प्रोपराइटर श्रीमती पूनम गुप्ता, पत्नी श्री विवेक गुप्ता के माध्यम से, फर्म का पता- सुमन अपार्टमेंट, फ्लैट संख्या 401, सी-9/10, लिबर्टी कॉलोनी, सर्वोदय नगर, इंदिरा नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226016 (ऋणी) 2) श्री विवेक गुप्ता पुत्र श्री राज किशोर गुप्ता, फर्म का पता- सुमन अपार्टमेंट, फ्लैट संख्या 401, सी-9/10, लिबर्टी कॉलोनी, सर्वोदय नगर, इंदिरा नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226016 (जमानतकर्ता) | आवासीय सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से निहित मकान संख्या 613/पी192 (ख-503) प्लॉट संख्या 192 पर निर्मित, खसरा संख्या 503 मिनीजुल्ला, का हिस्सा, ग्राम-गौसपुर, वार्ड-फैजुल्लागंज परगना, तहसील व जिला- लखनऊ-226020, क्षेत्रफल- 111.524 वर्ग मी. श्री विवेक गुप्ता पुत्र श्री राज किशोर गुप्ता और श्रीमती पूनम गुप्ता पत्नी विवेक गुप्ता के नाम पर, निवासी सुमन अपार्टमेंट, फ्लैट नंबर 401, सी-9/10, लिबर्टी कॉलोनी, सर्वोदय नगर, इंदिरा नगर, लखनऊ, उ.प्र.-226016, चौहद्दी:- पूर्व-भूखण्ड टीगर, पश्चिम-20 फीट चौड़ी सड़क, उत्तर-शनाज जहां की भूखण्ड, दक्षिण-भूखण्ड मुजुबुल हसन | 1.रु. 41,00,000/- 2.रु. 4,10,000/- 3.रु. 41,000/- | 1. प्राधिकृत अधिकारी से विमर्शानुसार 2. श्री राजीव कुमार वर्मा/8584884263 3.ubin0578720@unionbankofindia.bank 4. श्री अनुज कुमार/7457071504 | रु. 52,06,932.27 (रुपये बावन लाख छः हजार, नौ सौ बत्तीस व पैसे सत्ताईस मात्र) मांग सूचना दिनांक 19.12.2024 के अनुसार और उस पर आगे का ब्याज, शुल्क और लागत | प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं<br>सांकेतिक<br>एसए सं. 720/2025 डीआरटी लखनऊ के समक्ष लंबित |
| 4. | 1) मेसर्स माँ वैष्णो एग्रो प्रोडक्ट्स, प्रोप. स्व. श्री राम सिंह पुत्र भभूती, ग्राम- सोहिलपुर, गवर्नमेंट इंडस्ट्रियल एस्टेट, जैदपुर, बाराबंकी, उ.प्र.-225414 (ऋणी) 2) स्व. राम सिंह पुत्र भभूती के कानूनी उत्तराधिकारी, ग्राम-सोहिलपुर, गवर्नमेंट इंडस्ट्रियल एस्टेट, जैदपुर, बाराबंकी, उ.प्र.-225414 (प्रोप.) 3) श्री राम प्रकाश पुत्र भभूती, ग्राम- जुनुनियाडीह, पोस्ट-बरयाह, जैदपुर, तहसील- नवाबगंज, बाराबंकी, उ.प्र.-225414 (जमानतकर्ता) 4) श्री कुशलेश कुमार वर्मा पुत्र बद्री प्रसाद वर्मा, ग्राम-रसूलपुर, तहसील- नवाबगंज, जिला- बाराबंकी, उ.प्र.-225414 (जमानतकर्ता) | 1) प्लॉट नंबर 12,13,14,15,16 और 17 पर फैक्ट्री की भूमि और भवन स्थित मिनी औद्योगिक एस्टेट, सोहिलपुर, जैदपुर, जिला-बाराबंकी, उत्तर प्रदेश-225414, क्षेत्रफल 774.32 वर्ग मीटर, श्री राम सिंह पुत्र श्री भभूति के स्वामित्व में, चौहद्दी:-पूर्व: ग्राम समाज भूमि, पश्चिम: पीडब्ल्यूडी रोड, उत्तर: कृषि भूमि, दक्षिण: सड़क | 1.रु. 23,00,000/- 2.रु. 2,30,000/- 3.रु. 23,000/- | 1. प्राधिकृत अधिकारी से विमर्शानुसार 2. श्री राजीव कुमार वर्मा/8584884263 3.ubin0578720@unionbankofindia.bank 4.श्री गोरखनाथ शर्मा/9838744960 | रु. 53,61,067.86 (रुपये तिरपन लाख, इकसठ हजार, सड़सठ व पैसे छियासी मात्र) मांग सूचना दिनांक 03.04.2019 के अनुसार और उस पर आगे का ब्याज, शुल्क और लागत | प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं<br>भौतिक |
| | | 2) प्लॉट नंबर 5,6,7,8,9,10 और 11 पर फैक्ट्री की भूमि और भवन स्थित मिनी औद्योगिक एस्टेट, सोहिलपुर, जैदपुर, जिला-बाराबंकी, उत्तर प्रदेश-225414, क्षेत्रफल 892.00 वर्ग मीटर, श्री राम प्रकाश चौहान के स्वामित्व में, चौहद्दी-पूर्व: सड़क, पश्चिम: पीडब्ल्यूडी रोड, उत्तर: सड़क, दक्षिण: औद्योगिक एस्टेट प्लॉट | 1.रु. 36,00,000/- 2.रु. 3,60,000/- 3.रु. 36,000/- | | | भौतिक<br>प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं |
| 5. | 1) मो. जैनुद्दीन आज़मी पुत्र मो. इकबाल आज़मी, निवासी मकान नंबर 107, बसंत विहार, नौबस्ता कानपुर नगर 208021, उ.प्र. (ऋणी) 2) श्रीमती सितारा बेगम आज़मी पत्नी मो. जैनुद्दीन आज़मी, निवासी मकान नंबर 107, बसंत विहार, नौबस्ता कानपुर नगर 208021, उ.प्र. (ऋणी) | साम्यिक बंधक भूमि व भवन नंबर 5-डी/301, आवास विकास नंबर 2, हंसपुरम नौबस्ता, कानपुर नगर, उ.प्र., क्षेत्रफल 174.07 वर्गमीटर, मोहम्मद जैनुद्दीन आज़मी के नाम पर निवासी हाउस नंबर 107, बसंत विहार, नौबस्ता, कानपुर- 208021, उ.प्र., चौहद्दी:-पूर्व: मकान नंबर 5डी-302, पश्चिम: 9 मीटर रोड, उत्तर: 12 मीटर रोड, दक्षिण: मकान नं. 5डी-321,322 | रु. 91,00,000/- रु. 9,10,000/- रु. 91,000/- | 1. प्राधिकृत अधिकारी से विमर्शानुसार 2. श्री राजीव कुमार वर्मा/8584884263 3.ubin0578720@unionbankofindia.bank 4. श्री गोरखनाथ शर्मा/9838744960 | रु. 30,75,332.80 (रुपये तीस लाख, पचहत्तर हजार, तीन सौ बत्तीस व पैसे अस्सी मात्र) मांग सूचना दिनांक 06.06.2019 के अनुसार और उस पर आगे का ब्याज, शुल्क और लागत | प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं<br>सांकेतिक<br>प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं |
| 6. | 1) श्री बिजेश कुमार सिंह पुत्र श्री पदम देव सिंह, पता-खसरा नंबर 434 एसए पी नंबर 42 दयाल फार्म, ग्राम-भवन देवा रोड, चिनहट, लखनऊ, उ.प्र. 226028 पता-909/ए इंदिरा नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226016 पता-ग्राम व पोस्ट-शिवपुर बलिया, उत्तर प्रदेश (277001) पता-6 मानुस नगर जियामऊ, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226016 (ऋणी) 2) श्रीमती रेखा पाल पत्नी श्री वीरेंद्र बहादुर पाल (पुत्री श्री शिव मूर्ति), पता-3/81 विश्वास खंड नेहरू एन्क्लेव, गोमती नगर लखनऊ, उत्तर प्रदेश, 226001 (जमानतकर्ता) 3) श्री वीरेंद्र बहादुर पाल पुत्र श्री दया राम पाल, पता-3/81 विश्वास खंड नेहरू एन्क्लेव, गोमती नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, 226001 (जमानतकर्ता) | साम्यिक बंधक भूमि भवन स्थित प्लॉट संख्या 42, खसरा संख्या 434 एसए का हिस्सा, दयाल पैराडाइज, ग्राम भवन, परगना तहसील और जिला लखनऊ, उत्तर प्रदेश, श्री बृजेश कुमार सिंह पुत्र श्री पदुम देव सिंह के स्वामित्व में, क्षेत्रफल 3200 वर्ग फीट, चौहद्दी:-उत्तर: प्लॉट संख्या 43, दक्षिण: प्लॉट संख्या 41, पूर्व: प्लॉट संख्या 44,45,46,47, पश्चिम: सड़क 15.00 फीट चौड़ी | 1.रु. 81,00,000/- 2.रु. 8,10,000/- 3.रु. 81,000/- | 1. प्राधिकृत अधिकारी से विमर्शानुसार 2. श्री राजीव कुमार वर्मा/8584884263 3.ubin0578720@unionbankofindia.bank 4. सुश्री विशाखा वर्मा/8839844672 | रु. 46,40,944.90 (रुपये छियालीस लाख, चालीस हजार, नौ सौ चौवालीस व पैसे नब्बे मात्र) मांग सूचना दिनांक 03.12.2024 के अनुसार और उस पर आगे का ब्याज, शुल्क और लागत | प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं<br>सांकेतिक<br>एसए सं. 850/2022 डीआरटी लखनऊ के समक्ष लंबित |
| 7. | 1) श्री मान सिंह पुत्र राम नारायन सिंह, पता: मकान नंबर 285, कल्याणी देवी रोड, सिविल लाइन्स, उन्नाव, उ.प्र.-209801 (ऋणी) 2) श्री रवि सिंह पुत्र मान सिंह, पता: मकान नंबर 285, कल्याणी देवी रोड, सिविल लाइंस, उन्नाव, उ.प्र.-209801 (सह-ऋणी) 3) श्री अजय कुमार तिवारी पुत्र रामदत्त तिवारी, पता: मकान नंबर 311, आदर्श नगर, उन्नाव, उ.प्र.-209801 (जमानतकर्ता) | मकान नम्बर 285, कल्याणी देवी रोड, सिविल लाइंस, उन्नाव, उत्तर प्रदेश मालिक श्री मान सिंह, क्षेत्रफल 126.30 वर्ग मीटर, चौहद्दी:-पूर्व- आराजी संख्या 4818 (गिरीश वर्मा), पश्चिम-अन्य प्लॉट (भगवान दास कटियार), उत्तर-10 फीट रोड, दक्षिण- शीतला का मकान | 1. रु. 27,00,000/- 2. रु. 2,70,000/- 3. रु. 27,000/- | 1. प्राधिकृत अधिकारी से विमर्शानुसार 2. श्री राजीव कुमार वर्मा/8584884263 3.ubin0578720@unionbankofindia.bank 4. श्री प्रमोद कुमार/7023104016 | रु. 19,92,502.00 (रुपये उन्नीस लाख बानबे हजार पांच सौ दो मात्र) मांग सूचना दिनांक 06.06.2018 के अनुसार और उस पर आगे का ब्याज, शुल्क और लागत | प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं<br>सांकेतिक<br>प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं |
| 8. | 1) मेसर्स आबिदी इंटरप्राइजेज, पता: ए-1, जेहरा कॉम्प्लेक्स, नेपियर कॉलोनी-II, ठाकुर गंज, लखनऊ-226003, जिला- लखनऊ उत्तर प्रदेश, पता2 खसरा/गाटा नं. 188 (क), ग्राम भिकारीपुर, परगना महोना, तहसील- बख्शी का तालाब, जिला- लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226203 2) डॉ. फातिमा पत्नी सैयद महमूद अख्तर, ए-1, जेहरा कॉम्प्लेक्स, नेपियर कॉलोनी-II, ठाकुर गंज, लखनऊ-226003, उत्तर प्रदेश (पार्टनर व जमानतकर्ता) 3) श्रीमती मरियम फातिमा पत्नी डॉ. शिफात हुसैन, मकान न. 24, आलिया कॉलोनी, पीर बुखारा, चौक, जिला-लखनऊ उत्तर प्रदेश-226003, (पार्टनर व जमानतकर्ता) 4) श्री सैयद महमूद अख्तर पुत्र स्व. सैयद अख्तर, अब्बास, ए-1, जेहरा कॉम्प्लेक्स, नेपियर कॉलोनी-II, ठाकुर गंज, लखनऊ- 226003, उत्तर प्रदेश (पार्टनर व जमानतकर्ता) 5) श्री मोहम्मद जाकिर जव्वार हुसैन पुत्र स्व. जव्वार हुसैन, ए-1, जेहरा कॉम्प्लेक्स, नेपियर कॉलोनी-II, ठाकुर गंज, लखनऊ- 226003, जिला-लखनऊ उत्तर प्रदेश (पार्टनर व जमानतकर्ता) 6) डॉ. शिफात हुसैन पुत्र स्व. सैयद अंसार हुसैन, मकान नं. 24, आलिया कॉलोनी, पीर बुखारा, चौक, लखनऊ, जिला- लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226003, (पार्टनर व जमानतकर्ता) | साम्यिक बंधक फ्लैट नंबर ए-1 प्रथम तल पर, जेहरा कॉम्प्लेक्स, नेपियर कॉलोनी, ठाकुरगंज, लखनऊ-226003, उत्तर प्रदेश संपत्ति का क्षेत्रफल-103.137 वर्गमीटर, सम्पत्ति श्रीमती मरियम फातिमा पत्नी डॉ. शिफात हुसैन के स्वामित्व में, चौहद्दी:- पूर्व-हाता यश पाल, पश्चिम-30 फीट चौड़ा रोड, उत्तर- मकान नं. 85, दक्षिण- फ्लैट नं. ए-2 | 1.रु. 20,30,000/- 2. रु. 2,03,000/- 3. रु. 20,300/- | 1. प्राधिकृत अधिकारी से विमर्शानुसार 2. श्री राजीव कुमार वर्मा/8584884263 3.ubin0578720@unionbankofindia.bank 4. श्री प्रमोद कुमार/7023104016 | रु. 4,28,00,040.52 (रुपये चार करोड़ अट्ठाइस लाख चालीस एवं पैसा बावन मात्र) मांग सूचना दिनांक 22.10.2020 के अनुसार और उस पर आगे का ब्याज, शुल्क और लागत | प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं<br>सांकेतिक (भौतिक कब्जा हेतु सीएम आदेश प्राप्त)<br>एसए सं. 115/2021 डीआरटी लखनऊ के समक्ष लंबित |
| 9. | 1) श्रीमती आरती यादव, पता: मकान नंबर 12/372, ग्वालटोली कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश-208001 (ऋणी) 2) श्री दुर्गेश यादव, पता: मकान नंबर 12/372, ग्वालटोली, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश-208001 (सह-ऋणी) | परिसर संख्या 12/36/15, प्लॉट संख्या 15, ग्वालटोली, कानपुर नगर-208001, श्रीमती आरती यादव पत्नी श्री दुर्गेश यादव के स्वामित्व में, क्षेत्रफल 203 वर्ग गज, चौहद्दी: पूर्व: प्लॉट संख्या 25, पश्चिम: 40 फीट चौड़ी सड़क, उत्तर: प्लॉट संख्या 6,7 और 8, दक्षिण: प्लॉट संख्या 16 | 1.रु. 69,00,000/- 2.रु. 6,90,000/- 3.रु. 69,000/- | 1. प्राधिकृत अधिकारी से विमर्शानुसार 2. श्री राजीव कुमार वर्मा/8584884263 3.ubin0578720@unionbankofindia.bank 4. श्री प्रमोद कुमार/7023104016 | रु. 98,05,627.51 (रुपये अट्ठानवे लाख, पांच हजार छः सौ सत्ताईस व पैसे इक्यावन मात्र) मांग सूचना दिनांक 21.04.2025 के अनुसार और उस पर आगे का ब्याज, शुल्क और लागत | प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं<br>सांकेतिक<br>प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं |
| 10. | 1) मेसर्स एम.आर. ट्रेडर्स, प्रो.-श्रीमती मोना मेंदीरत्ता पत्नी श्री राकेश कुमार मेंदीरत्ता, पता 1: दुकान नंबर 54, गोयल मार्केट, गौतम बुद्ध मार्ग, लखनऊ-226018, पता 2: दुकान नंबर 92/197, गौतम बुद्ध मार्ग, लाटूश रोड, लखनऊ-226018 (ऋणी) 2) श्रीमती मोना मेंदीरत्ता पत्नी श्री राकेश कुमार मेंदीरत्ता, पता1:एफ-2132, राजाजी पुरम, लखनऊ - 226017, पता2:एफ-331, राजाजी पुरम, एफ ब्लॉक पानीटंकी के सामने, लखनऊ, पता3: C/o मेसर्स एम.आर. ट्रेडर्स शॉप नंबर 54, गोयल मार्केट, गौतम बुद्ध मार्ग, लखनऊ-226018, पता4: C/o मेसर्स ड.र. ट्रेडर्स, शॉप नंबर 92/197, गौतम बुद्ध मार्ग, लाटूश रोड, लखनऊ-226018 (प्रोपराइटर) 3) श्री राकेश कुमार मेंदीरत्ता पुत्र स्व. बृजलाल मेंदीरत्ता, पता 1: पता1:एफ-2132, राजाजी पुरम, लखनऊ - 226017, पता2:एफ-331, राजाजी पुरम, एफ ब्लॉक पानीटंकी के सामने, लखनऊ, (जमानतकर्ता) | बेसमेंट और भूतल पर स्थित दुकान संख्या 54, गोयल मार्केट, गौतम बुद्ध मार्ग, लखनऊ-226018, स्वामित्व: श्री राकेश कुमार मेहदीरत्ता पुत्र स्व. बृजलाल मेंदीरत्ता और श्रीमती मोतिया रानी मेंदीरत्ता पत्नी स्व. श्री बृजलाल, क्षेत्रफल: 31.97 वर्ग मीटर चौहद्दी: पूर्व: मार्ग, पश्चिम: अन्य की संपत्ति, उत्तर: गोयल मार्केट का भाग, दक्षिण: राम चंद्र जिंदल की दुकान | 1.रु. 23,00,000/- 2.रु. 2,30,000/- 3.रु. 23,000/- | 1. प्राधिकृत अधिकारी से विमर्शानुसार 2. श्री राजीव कुमार वर्मा/8584884263 3.ubin0578720@unionbankofindia.bank 4. सुश्री विशाखा वर्मा/8839844672 | (क) रु. 28,28,798.37 (रुपये अट्ठाइस लाख, अट्ठाइस हजार, सात सौ अट्ठानबे व पैसे सैंतीस मात्र) मांग सूचना दिनांक 07.12.2018 के अनुसार और उस पर आगे का ब्याज, शुल्क और लागत | प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं<br>सांकेतिक<br>प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं |
| | 1) मेसर्स शिव ट्रेडिंग कंपनी, प्रो. श्री राकेश कुमार मेंदीरत्ता, पुत्र स्व. बृजलाल मेंदीरत्ता, पता1:C/o मेसर्स शिव ट्रेडिंग कंपनी-शॉप नंबर 54, गोयल मार्केट, गौतम बुद्ध मार्ग, लखनऊ-226018, पता2:एफ-2132, राजाजी पुरम, लखनऊ - 226017, पता3: एफ-331, राजाजी पुरम, विपरीत एफ ब्लॉक पानीटंकी, लखनऊ-226017 (ऋणी) 2) श्री राकेश कुमार मेंदीरत्ता पुत्र स्व. बृजलाल मेंदीरत्ता, पता 1: एफ-2132, राजाजी पुरम, लखनऊ - 226017, पता 2: एफ-331, राजाजी पुरम, एफ ब्लॉक पानीटंकी के सामने, लखनऊ (प्रोपराइटर) 3) श्रीमती मोना मेंदीरत्ता पत्नी श्री राकेश कुमार मेंदीरत्ता, पता 1: एफ-2132, राजाजी पुरम, लखनऊ - 226017, पता 2: एफ-331, राजाजी पुरम, एफ ब्लॉक पानीटंकी के सामने, लखनऊ, पता3: C/o मेसर्स एम.आर. ट्रेडर्स, शॉप नंबर 54, गोयल मार्केट, गौतम बुद्ध मार्ग, लखनऊ-226018, पता4: C/o मेसर्स एम.आर. ट्रेडर्स, शॉप नंबर92/197, गौतम बुद्ध मार्ग, लाटूश रोड, लखनऊ-226018 (जमानतकर्ता) | | | | (ख) रु. 21,73,921.97 (रुपये इक्कीस लाख, तिहत्तर हजार, नौ सौ इक्कीस व पैसे सत्तानवे मात्र) मांग सूचना दिनांक 22.02.2019 के अनुसार और उस पर आगे का ब्याज, शुल्क और लागत | |
| | 1) श्री राकेश कुमार मेंदीरत्ता पुत्र स्व. बृजलाल मेंदीरत्ता, पता 1: एफ-331, राजाजी पुरम, एफ ब्लॉक पानीटंकी के सामने, लखनऊ, पता2: एफ-2132, राजाजी पुरम, लखनऊ - 226017 (ऋणी) 2) श्रीमती मोतिया रानी मेंदीरत्ता पत्नी स्व. बृजलाल मेंदीरत्ता, पता 1: एफ-331, राजाजी पुरम, एफ ब्लॉक पानीटंकी के सामने, लखनऊ, पता2: एफ-2132, राजाजी पुरम, लखनऊ - 226017 (ऋणी) | | | | (ग) रु.7,34,761.00 (रुपये सात लाख, चौंतीस हजार, सात सौ इकसठ मात्र) मांग सूचना दिनांक 29.07.2019 के अनुसार और उस पर आगे का ब्याज, शुल्क और लागत | |
| 12. | श्री प्रकाश दीक्षित पुत्र स्व. रामाज्ञा दीक्षित, पता: फ्लैट संख्या ए 101, विंग गार्डन अपार्टमेंट, राम स्वरूप स्कूल के पास, फैजाबाद रोड, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226028 | सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से निहित साम्यिक बंधक भूमि व भवन स्थित प्लॉट नंबर बी-4, सेक्टर-बी, खसरा संख्या 419, विंग गार्डन स्थित खसरा संख्या 374 से 376, 380, 381, 383 से 387, 404 से 407, 419 से 422, ग्राम उजरियाँव, तहसील सदर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226028, सम्पत्ति का स्वामित्व श्री प्रकाश दीक्षित पुत्र स्व. रामाज्ञा दीक्षित, क्षेत्रफल 147.019 वर्ग मीटर, चौहद्दी:- उत्तर-प्लॉट सं. बी-5 एवं 7.5 मी. चौड़ी सड़क, दक्षिण-ग्रीन एरिया-6, पूर्व- प्लॉट सं. बी-15, पश्चिम-ग्रीन एरिया-6 | रु. 48,60,000/- रु. 4,86,000/- रु. 48,600/- | 1. प्राधिकृत अधिकारी से विमर्शानुसार 2. श्री राजीव कुमार वर्मा/8584884263 3.ubin0578720@unionbankofindia.bank 4. श्री अनुज कुमार/7457071504 | रु. 35,52,837.00 (रुपये पैंतीस लाख, बावन हजार, आठ सौ सैंतीस मात्र) मांग सूचना दिनांक 08.07.2024 के अनुसार और उस पर आगे का ब्याज, शुल्क और लागत | प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं<br>सांकेतिक<br>प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं |

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए वेबसाइट www.unionbankofindia.co.in और https://baanknet.com में दिये गए लिंक को देखें। पंजीकरण, ईएमडी भुगतान और बोली-प्रक्रिया के नियमों के लिए वेबसाइट https://baanknet.com पर जाएं। ऑनलाईन नीलामी में भाग लेने के लिए इच्छुक बोलीदाताओं के पास वैध ई-मेल आईडी, केवाईसी दस्तावेज, बैंक डिटेल और सक्रिय दूरभाष नम्बर अवश्य होना चाहिए। केवाईसी दस्तावेजों के अनुमोदन के लिए बोलीदाताओं/खरीदार के पास "डिजिलॉकर सुविधा" होनी चाहिए। इच्छुक बोलीदाता/खरीदार वेबसाइट के होम पेज पर दिए गए क्रेता मैनुअल द्वारा निर्देशित हो सकते हैं।

**Security Interest (Enforcement) Rule,** 2002 के नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के अन्तर्गत 15 दिन की बिक्री सूचना।

इसे Security Interest (Enforcement) Rule, 2002 के नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के अन्तर्गत उक्त तिथि को की जा रही ई-नीलामी/बिक्री के सम्बन्ध में उक्त ऋण के बकाया राशि वाले ऋणियों/जमानतकर्ताओं को जारी किया हुआ नोटिस भी माना जाये।

दिनांक: 24.01.2026 | स्थान: लखनऊ/बाराबंकी/रायबरेली/उन्नाव/कानपुर | प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

संवाद

नवभारत टाइम्स

नवभारत टाइम्स । कानपुर (कानपुर व लखनऊ में एक साथ प्रसारित) । शनिवार, 24 जनवरी 2026

# दूरी ही अच्छी

## बोर्ड ऑफ़ पीस में न रहे भारत

**दूसरे टर्म** के पहले एक साल में डॉनल्ड ट्रंप ने अपने भाषणों और संदेशों में एक शब्द का इस्तेमाल बार-बार किया - पीस यानी शांति। पहले वह शांति का नोबेल चाहते थे, जो नहीं मिला तो उन्होंने ग्रीनलैंड पर दावा ठोक दिया। अब वह अपने महत्वाकांक्षी प्लान 'बोर्ड ऑफ पीस' के लिए दुनिया को धमका रहे हैं। इसका हिस्सा बनने के लिए तमाम देशों के साथ भारत को भी निमंत्रण भेजा गया है, पर उसे इससे दूर ही रहना चाहिए।

मनमर्जी करेंगे ट्रंप

**बढ़ा रहे दायरा** । इस बोर्ड को लेकर दो बड़े सवाल हैं - भारत की अपनी नीति और ट्रंप का रवैया। बोर्ड ऑफ पीस की भूमिका को लेकर शुरू से अस्पष्टता है। ट्रंप ने इस आइडिया को गाजा में शांति बहाली के नाम पर आकार दिया, लेकिन अब धीरे-धीरे वह इसका दायरा बढ़ाते जा रहे हैं। दावोस में उन्होंने इन आशंकाओं को खारिज किया था कि यह बोर्ड संयुक्त राष्ट्र की जगह लेगा, पर वहां से लौटते समय उनका मन बदल गया। अब वह कह रहे हैं कि UN अगर बोर्ड के साथ मिलकर काम करता है, तो उसके लिए अच्छा रहेगा।

**व्यक्ति केंद्रित व्यवस्था** । ट्रंप के साथ मुश्किल यही है कि अपनी सहूलियत के अनुसार कभी भी बदल सकते हैं। और फिर यह बोर्ड तो उनकी मर्जी के गुलाम जैसा है, जिसमें उनके चहेतों को ही पद मिले हैं। यह बोर्ड व्यक्ति केंद्रित ढांचा ज्यादा है, जिसमें सारी शक्ति ट्रंप के हाथों में है। ऐसे बोर्ड का सदस्य बनने से कोई फायदा नहीं, जिसमें लोकतांत्रिक बहस और विचारों को जगह न मिले। इसका ताजा सबूत है कनाडा के पीएम मार्क कार्नी से नाराजगी के बाद निमंत्रण वापस ले लेना।

**UN कमजोर होगा** । पीस ऑफ बोर्ड के जरिये ट्रंप दुनिया में शांति बहाल करने की बात कह रहे हैं, इसका मतलब गाजा के इतर भी दूसरे मामलों में हस्तक्षेप करने की उनकी मंशा है। यह भारत के लिए चिंता की बात होनी चाहिए क्योंकि इसकी वजह से संयुक्त राष्ट्र की भूमिका भी कमजोर होने की आशंका है।

**स्वतंत्र विदेश नीति** । एक अरब डॉलर की फीस और बोर्ड के सदस्यों का चुनाव जैसे मुद्दों पर स्पष्टता नहीं है। यह सीधे-सीधे अमेरिकी प्रभुत्व का ही एक रूप है। भारत की विदेश नीति हमेशा से स्वतंत्र रही है और उसी पर चलना चाहिए। गाजा को फिर से बसाने की जरूरत है और दुनिया में शांति भी चाहिए, लेकिन उसका रास्ता आपसी सहमति से निकलेगा - धमकियों से नहीं।

खुले मन से

# पोस्ट करने से डर नहीं लगता साहब, एल्गोरिदम से लगता है

सुधीर मिश्र

अजहर इनायती का शेर है-

*वो ताज़ा-दम हैं नए शो'बदे दिखाते हुए*
*अवाम थकने लगे तालियाँ बजाते हुए*

हाल ही में विपक्ष के एक नेता का X पर लिखा कमेंट देखा तो लगा कि यह कटाक्ष है, पर है किस पर? विपक्ष की राजनीति को गहराई से समझने वाले एक साथी ने बताया कि यह व्यंग्य सत्ता पक्ष के एक वरिष्ठ मंत्री पर है। मुझे आश्चर्य हुआ कि अगर कोई कमेंट मुझे समझ नहीं आ रहा तो उन आम लोगों को कैसे समझ आएगा, जिनका नेता होने का नेता जी दावा करते हैं।

सच कहें तो यूपी की सियासत अब दो हिस्सों में बंट चुकी है। खासतौर पर विपक्ष की। एक हिस्सा वह जिसमें गांव हैं, कस्बे हैं, सड़कें हैं, थाने-तहसीलें हैं और चुनावी बूथ हैं। दूसरी तरफ सोशल मीडिया स्पेस है, ट्रेंड हैं, रिपोस्ट हैं, लाइक हैं और एल्गोरिदम हैं। इसमें एल्गोरिदम सबसे ज्यादा खतरनाक है। यूपी के विपक्ष का ज्यादातर हिस्सा इस दूसरी साइड में ही रहता है। नेता अब भाषण कम देते हैं, पोस्ट ज्यादा डालते हैं। यहां सड़कों पर संघर्ष नहीं होता, ब्रेड ज्यादा बनते हैं। आंदोलन की जगह इमोजी ने ले ली है और जनता की जगह फॉलोअर्स। इनमें वोट देने कितने बूथ पर पहुंचते हैं इसका आंकड़ा उपलब्ध नहीं है, लेकिन एक मोटा आंकड़ा इस बात का जरूर है कि उत्तर प्रदेश में करीब 34% लोग ही सोशल मीडिया पर हैं। समझ नहीं आता कि बाकी 66 प्रतिशत लोगों के लिए बिना मेहनत किए हुए चुनाव की नैया कैसे पार हो सकती है। सोशल मीडिया पर भी विपक्षी नेताओं का हाल यह है कि कोई बात सीधे नहीं बोली जाती। ऐसा करने में इन नेताओं को एल्गोरिदम से डर लगता है।

एल्गोरिदम रीच या सोशल पहुंच का उत्प्रेरक है। यानी जैसे विपक्षी नेता अब X पर यह नहीं लिखते कि सरकार पलट देंगे। उन्हें लगता है कि सरकार शब्द से रीच ही रुक जाएगी। एल्गोरिदम स्पोर्ट नहीं करेगा, इसलिए इसी बात को घुमाकर कहा जाता है। कभी-कभी इतना घुमाकर कि समझने वाले का दिमाग ही घूम जाता है। महंगाई है तो X पर लिखा जाएगा कि कुछ लोग हैं जिन्हें सब ठीक लग रहा है। या फिर बेरोजगारी की बात करनी है तो लिखेंगे कि युवाओं को आजकल बहुत-कुछ समझ आ रहा है। युवा बेचारा यह पढ़कर सोच रहा है कि नेता जी शायद लॉलीपॉप-लॉलीपॉप वाले नए गाने की बात कर रहे हैं। कानून-व्यवस्था बिगड़ी है तो कटाक्ष आएगा कि डबल इंजन बहुत तेज चल रहा है। कुल मिलाकर विपक्ष के लिए नाम लेना अपराध है, मुद्दे पर बोलना जोखिम है और समाधान देना तो महापाप। नेता न आंदोलन करते हैं, न कोई बड़ा हमला। हल्के से मुस्कराते हैं और एक व्यंग्य पोस्ट कर देते हैं। पत्रकार उसका विश्लेषण करते हैं और सरकार आराम से शासन करती है। ऐसा लगता है कि जैसे विपक्ष ने तय कर रखा है कि हम सरकार को थोड़ा असहज करेंगे, लेकिन सोशल मीडिया पर।

ज्यादा असहज करने के लिए नेताओं को जमीन पर आना पड़ता है और जमीन पर आने से धूप, ठंड, हवा और धूल लगती है। वैसे भी जमीन पर जाने का काम बहुत थकान वाला है। गांव तक जाना पड़ेगा, गांव जाएंगे तो लोग सवाल पूछेंगे, किसानों से मिलना पड़ा तो वे फसल के भाव पूछेंगे। बेरोजगार मिले तो वे पूछ सकते हैं कि वे उन्हें नौकरी कैसे देंगे और बड़ी तादाद ऐसे लोगों की होगी जो पूछेंगे कि जब सरकार में थे तब उन्होंने क्या किया था? इन सब झंझटों से बचने के लिए बढ़िया है कि सोशल मीडिया पर ही आंदोलन छेड़े जाएं। यहां कोई नहीं पूछता कि संगठन क्यों कमजोर था, बूथ क्यों नहीं संभाले और जनता से संवाद क्यों नहीं किया? अब राजनीति नहीं डिजिटल तपस्या चल रही है। मोबाइल साधक भी है और साधना भी। स्क्रीन से उतरने पर जमीन पर जनता की आंखों का कोई सामना नहीं करना चाहता। फिर जब हार होती है तो वोटिंग मशीन है ही, जिम्मेदार बनने के लिए। बहरहाल विपक्ष के इस हाल पर शकील बदायूनी का यह शेर और बात खत्म कि-

*काँटों से गुज़र जाता हूँ दामन को बचा कर*
*फूलों की सियासत से मैं बेगाना नहीं हूँ*

अकेलेपन से जूझते लोग चैटबॉट्स की 'संवेदनशीलता' से आकर्षित हो रहे

# AI से रिलेशनशिप में कई ख़तरे

Adobe Stock

**भावनात्मक निर्भरता**
- चैटबॉट्स जज नहीं करते, न ही दूरी बनाते हैं
- हर हाल में सहारा देते, हमेशा उपलब्ध रहते हैं

क्या आपने कभी अकेलेपन, तनाव या उलझन के क्षणों में किसी चैटबॉट से बात की है? यदि हां, तो आप अकेले नहीं हैं। आज लाखों लोग अपने मन की बात कहने, तनाव कम करने और भावनात्मक सहारा पाने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी AI की ओर रुख कर रहे हैं। यह प्रवृत्ति विशेष रूप से युवाओं और सीनियर सिटिजंस में अधिक दिखाई देती है।

सुरभि सागर

**सवाल नहीं पूछती** । जब भावनाओं को खुलकर व्यक्त करने में झिझक हो, जजमेंट का डर सताता हो या सामाजिक रिश्तों में संवाद की कमी महसूस होती हो, तब AI-आधारित प्रणालियां एक मजबूत विकल्प के रूप में सामने आती हैं। वे न सवाल पूछती हैं, न आलोचना करती हैं और न ही दूरी बनाती हैं। उपयोगकर्ता की भाषा, मनोदशा और भावनात्मक संकेतों के अनुसार रिस्पांस देने की क्षमता इन्हें 'संवेदनशील' बनाती है। यही सहजता और निरंतर उपलब्धता कई बार वास्तविक मानवीय रिश्तों का स्थान लेने लगती है।

**बॉट से विवाह** । जापान की कानो की कहानी इस बदलते यथार्थ का एक मार्मिक उदाहरण है। टूटे हुए रिश्ते और गहरे भावनात्मक आघात के बाद उन्होंने ChatGPT को अपना सहारा बनाया। शुरू में यह डिजिटल सहायक उनके लिए लेखन, जानकारी और संवाद का माध्यम था, लेकिन धीरे-धीरे यह उनका 'भावनात्मक साथी' बन गया। इस भावनात्मक जुड़ाव का शिखर तब दिखा, जब उन्होंने ऑगमेंटेड रियलिटी (AR) चश्मों की मदद से एक प्रतीकात्मक वर्चुअल शादी का आयोजन किया।

युवाओं और सीनियर सिटिजंस में बढ़ रहा ट्रेंड

भले ही यह रिश्ता कानूनी या सामाजिक रूप से मान्य न हो, लेकिन कानो के लिए यह उतना ही सच्चा था जितना कोई मानवीय संबंध।

**चमकीगीरी का खतरा** । यह वाकया एक गंभीर चेतावनी भी है। जब लोग अपनी भावनात्मक जरूरतों को AI से जोड़ते हैं, तो एक ऐसे सिस्टम पर निर्भर हो जाते हैं, जिसके पास न तो व्यक्तिगत अनुभव होते हैं और न ही मानवीय संवेदनाओं की वास्तविक समझ। AI चाहे जितनी भी 'सहानुभूति' दिखाए, वह भावनाओं को महसूस नहीं कर सकता, वह केवल डेटा और पैटर्न के आधार पर प्रतिक्रिया देता है। इसके अलावा, इन प्रणालियों को इस तरह प्रशिक्षित किया जाता है कि वे अक्सर यूजर्स की बातों से सहमत दिखें। एक्सपर्ट्स इसे चमकीगीरी कहते हैं। इसका खतरा यह है कि AI किसी की गलत धारणाओं या भ्रम को भी सही ठहराता हुआ दिख सकता है, जिससे मानसिक उलझन और गहरी हो सकती है।

**व्यवहार में बदलाव** । यूथ की आवाज और यूथ लीडर्स फॉर एफेक्टिव सिटिजनशिप (YLAC) की ओर से 2025 में किए गए सर्वे 'क्या तुम हो, AI?' (Are You There, AI?) के आंकड़े इस बदलाव की गंभीरता को और स्पष्ट करते हैं। सर्वे के अनुसार, 13 से 35 वर्ष की आयु के लगभग 57% भारतीय युवा तनाव, अकेलेपन और भावनात्मक सहारे के लिए AI को एक साथी के रूप में उपयोग कर रहे हैं। यह केवल एक तकनीकी ट्रेंड नहीं, बल्कि सामाजिक व्यवहार और मानवीय रिश्तों की प्रकृति में हो रहा गहरा परिवर्तन है।

**वैश्विक चुनौती** । वैश्विक स्तर पर भी इस चुनौती को गंभीरता से लिया जा रहा है। इंग्लैंड में अकेलेपन की बढ़ती समस्या से निपटने के लिए 2018 में एक अलग मंत्रालय - मिनिस्ट्री फॉर लोनलीनेस - गठित किया गया था। ऐसे ही दक्षिण कोरिया में युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने के लिए विशेष आर्थिक सहायता और स्टाइपेंड जैसी योजनाएं चलाई जा रही हैं।

**संतुलन कैसे साधें** । इस बदलते परिदृश्य में सबसे बड़ी चुनौती है तकनीक और मानवीय संवेदनाओं के बीच संतुलन बनाना। इसकी शुरुआत डिजिटल साक्षरता से होती है। युवाओं को यह सिखाना जरूरी है कि डिजिटल दुनिया में मिलने वाला भावनात्मक सहारा वास्तविक मानवीय रिश्तों का विकल्प नहीं हो सकता। नीति-निर्माताओं, शिक्षण संस्थानों और AI डिवेलपर्स को मिलकर गोपनीयता, डेटा सुरक्षा, बच्चों और युवाओं के लिए उपयोग-सीमा व AI से उत्पन्न भावनात्मक प्रभावों से जुड़े नोस और संवेदनशील नियम बनाने होंगे।

**भावना नहीं, बस अहसास** । इस सच को मन में मजबूती से बिठाना होगा कि तकनीक हमारे जीवन को सरल, तेज और सुविधाजनक बना सकती है, लेकिन उसे अर्थ देने वाली भावनाएं आज भी मनुष्यों में ही बसती हैं। AI को दक्षता बढ़ाने वाला सहयोगी बनाइए, पर उसे रिश्तों और भावनाओं का स्थान न लेने दीजिए।

*(लेखिका DU में रिसर्च स्कॉलर हैं)*

AI Image

## ट्रंप ने चीन को फंसाया

5 पॉइंट

डॉनल्ड ट्रंप की हालिया विदेश नीति ने चीन को मुश्किल में डाल दिया है। ट्रंप सीधे तो पेइचिंग से पंगा नहीं ले रहे, पर ऐसे काम कर रहे हैं, जिसने शी चिनफिंग के लिए कठिनाई खड़ी कर दी है। चीन फिलहाल वेट एंड वॉच के मूड में दिख रहा।

**1 सस्ता तेल अब नहीं**
वेनेजुएला से चीन अपनी कुल जरूरत का करीब 4% और ईरान से 12% से अधिक कच्चा तेल आयात करता है। US ने इन दोनों देशों को निशाना बनाया है। वेनेजुएला से अब शायद ही चीन को तेल मिल पाए।

**2 कर्ज की वापसी फंसी**
चीन ने कच्चे तेल के बदले वेनेजुएला को 100 अरब डॉलर का कर्ज दिया था। वेनेजुएला ने 2017 से कर्ज के आंकड़े सार्वजनिक नहीं किए गए हैं, पर अनुमान है कि अब भी 10 अरब डॉलर का बकाया है।

**3 हथियारों की बिक्री रुकी**
लैटिन अमेरिका और मिडिल ईस्ट में चीन ने कर्ज के साथ हथियार भी खूब बेचे। वेनेजुएला तो सबसे बड़े हथियार खरीदारों में है। लेकिन, ट्रंप की सख्त नीतियों के बाद चीन के लिए यह रास्ता भी बंद हो चला है।

**4 अफ्रीका में घेराव**
ट्रंप की लिस्ट में क्यूबा, कोलंबिया, निकारागुआ और ब्राजील है। साथ ही वह अफ्रीका में अमेरिकी दखल बढ़ाना चाहते हैं। चीन ने अफ्रीकी देशों में बहुत कर्ज बांटा है, यानी यहां भी उसे मुश्किल होने वाली है।

**5 लेकिन चीन भी कम नहीं**
वेनेजुएला की मोबाइल नेटवर्क प्रणाली चीन की कंपनियों - ZTE और हुआवे पर निर्भर है। अमेरिका के व्यवस्था संभालने के बाद भी वेनेजुएला को चीन की जरूरत होगी।

*प्रस्तुति: अभिषेक मिश्र*

www.nbt.in

# इंग्लिश वहीं जहां बहुत ज़रूरी हो

**कुछ समय** पहले दिल्ली की एक नगर निगम पार्षद का विडियो वायरल हुआ, जिसमें वह एक विदेशी फुटबॉल कोच को धमकी दे रही थीं कि अगर उसने एक महीने में हिंदी नहीं सीखी तो सार्वजनिक पार्क में बच्चों को फुटबॉल सिखाना बंद कर दे। हालांकि जब विडियो वायरल हुआ तो उस नगर निगम पार्षद ने माफी मांग ली।

इस किस्से को देख सुनकर मुझे यूरोपीय देशों की याद ताजा हो गई। हालांकि वहां भाषा को लेकर इस तरह से किसी विदेशी को धमकाया नहीं जाता, लेकिन वहां के लोग भी अपनी भाषा को लेकर बेहद संवेदनशील रहते हैं। खासतौर पर जर्मन और फ्रेंच। जब हम लोग वहां पहुंचे तो हमें दो-तीन शब्द समझाए गए और कहा गया कि अगर कोई जर्मन मिले तो उससे उन शब्दों के साथ बातचीत शुरू करें और तब कहें कि नो जर्मन, ओनली इंग्लिश। वजह पूछी तो बताया कि ऐसा करने से उन्हें लगता है कि सामने वाले ने जर्मन में बात करने की कोशिश की है तो फिर वे बात कर लेते हैं। अगर वे इंग्लिश जानते हैं तो आपको गुजारे लायक जानकारी इंग्लिश में दे देंगे।

खुद अपनी आंख से

गुलशन राय खत्री

ऐसे में हमने दो शब्द तो सीख ही लिए। एक था गुटन मॉर्गेन यानी गुड मॉर्निंग और दूसरा डंकेशन यानी थैंक्यू। लेकिन इसके अलावा हमारे लिए और जर्मन सीखना संभव नहीं था। इसलिए हम लोगों ने 'नो जर्मन, ओनली इंग्लिश' को एक नारे की तरह रट लिया।

एयरपोर्ट पर हम जाते तो सिक्योरिटी चेकिंग के वक्त जैसे ही मेटल डिटेक्टर की ओर बढ़ते, तुरंत कहते कि 'नो जर्मन, ओनली इंग्लिश'। इतना समझते ही वे हमें इशारे से बताते कि हाथ ऊपर कर लो। अगर घड़ी आदि कुछ उतारने के लिए कहना होता तो भी इशारे से बताते। ये फॉर्मूला कई जगह काम आया। हालांकि जब वहां के लोगों के अपनी भाषा के प्रति जुनून के बारे में जानना चाहा तो पता चला कि उनके लिए अपनी भाषा, सिर्फ संवाद का साधन नहीं बल्कि राष्ट्रीय पहचान है। उन्हें ये भी लगता है कि अगर इंग्लिश पर जोर दिया तो उनकी पहचान खत्म हो सकती है।

शायद यही वजह है कि वहां एजुकेशन, एडमिनिस्ट्रेशन, जुडिशरी, मीडिया सब उनकी अपनी भाषा में ही है। वहां काम करने के लिए इंग्लिश की कोई जरूरत नहीं है। इसकी एक वजह ये भी है कि उन्होंने अतीत में इतना सब झेला है कि उन्हें लगता है अब अपनी भाषा और संस्कृति को क्यों छोड़ा जाए। लेकिन ऐसा नहीं, कि वहां लोग इंग्लिश जानते ही नहीं। खासतौर पर नई पीढ़ी तो इंग्लिश समझती भी है और बोलती भी है लेकिन वहीं, जहां बहुत जरूरी हो। वे इतना जरूर चाहते हैं कि सामने वाला जर्मन, फ्रेंच बोलने की कोशिश तो करे। बाकी तो वे इंग्लिश में 'मदद' कर ही देंगे।

## चलते-चलते...

**Cell Press** में प्रकाशित हालिया अध्ययन के अनुसार, जैसे ही राइनोवायरस नाक में प्रवेश करता है, कोशिकाएं इंटरफेरॉन प्रोटीन छोड़कर वायरस की बढ़त रोकने लगती हैं। यह प्रतिक्रिया तेज हो तो संक्रमण दब जाता है और लक्षण नहीं उभरते, जबकि धीमा होने पर सर्दी के लक्षण गंभीर हो सकते हैं।

# इंसान बराबर हैं, तो समाज का एक हिस्सा दलित क्यों

*हाल ही में नई धारा रचना सम्मान से सम्मानित साहित्यकार प्रो. रजत रानी 'मीनू' न सिर्फ अपने लेखन के लिए बल्कि हिंदी में दलित साहित्य को उसकी पहचान दिलाने के लिए भी जानी जाती हैं। हिंदी दलित कविताओं पर पहला शोध उन्हीं के नाम पर दर्ज है जो उन्होंने JNU से एमफिल करते हुए साल 1992 में किया था। 'हम कौन हैं' (कथा संग्रह) और 'रिता भी तो होते हैं मां' (कविता संग्रह) जैसी दर्जनों पुस्तकों की लेखिका और अनेकानेक पुरस्कारों से नवाजी जा चुकीं प्रो. रजत रानी 'मीनू' से बातचीत की है NBT के **प्रणव प्रियदर्शी** ने। प्रस्तुत हैं मुख्य अंश :*

सप्ताह का इंटरव्यू

प्रो. रजत रानी 'मीनू'

**■ दलित साहित्य पर आपके काम की खास चर्चा होती है। तो सबसे पहले यही सवाल, जो आज भी कई हलकों में पूछा जाता है कि साहित्य तो साहित्य होता है, फिर अलग से दलित साहित्य क्यों?**

ठीक यही बात JNU में मेरी गाइड ने कही थी, जब मैंने पहली बार उनके सामने एमफिल के अपने शोध का टॉपिक रखा था। टॉपिक था, नीवें दशक की हिंदी दलित कविता पर डॉ. आंबेडकर का प्रभाव। उन्होंने कहा, कविता तो कविता होती है...। मेरे मुंह से तत्काल निकला, 'मनुष्य तो मनुष्य होता है। फिर भी मनुष्य समाज का एक बड़ा हिस्सा दलित कहलाता है'। बात उनकी समझ में आई, लेकिन फिर उनका सवाल था कि हिंदी में दलित कविता है ही कहां जो तुम उस पर शोध करोगी। यह मैं 1992 की बात बता रही हूं। मराठी दलित साहित्य के बारे में सब जानते थे क्योंकि कमलेश्वर 1975 में उस पर सारिका के विशेषांक निकाल चुके थे। हिंदी में भी दलित लेखक कविताएं-कहानियां लिख रहे थे लेकिन राष्ट्रीय साहित्यिक पत्र-पत्रिकाएं उन्हें नोटिस नहीं ले रही थीं। लिहाजा, उनके बारे में हिंदी जगत को कुछ पता नहीं था। मेरे कहने पर भी गाइड को भरोसा नहीं हुआ। उन्होंने कहा, पहले तुम हिंदी दलित कविता की विकास यात्रा विषय पर एक आर्टिकल लिखकर दिखाओ। जब मैंने आर्टिकल तैयार कर उन्हें दिखाया, तब उन्होंने विषय को मंजूरी दी।

**■ एक धारणा यह सुनने में आती है कि दलितों का दर्द दलित ही महसूस कर सकता है, महिला का दर्द महिला ही क्यों कर सकती है। क्या ऐसी धारणाएं मानवीय संवेदना के रेंज को सीमित नहीं करती?**

नहीं। इस धारणा से मानवीय चेतना सीमित नहीं होती, बल्कि उसका और विस्तार ही होता है। जो भेदभाव है, उसकी क्रूरतम अनुभूति तो उसी को होती है जो पीड़ित है। आज भी दलित दूल्हे को घोड़ी पर बैठने से रोकने की घटनाएं होती हैं। अब जो दूल्हे को घोड़ी पर बैठने से रोक रहा है, वही इस पर कहानी भी लिखे तो उसके लेखन में प्रामाणिकता कैसे आएगी? उसमें सतहीपन, एक तरह का बनावटीपन रहना स्वाभाविक है।

**■ आपको दलित लेखन के लिए जाना जाता है, लेकिन आप महिला भी हैं और महिला उत्पीड़न का पहलू भी आपके लेखन में आया है। तो जो अलग-अलग तरह के अनुभव मिलते हैं जीवन में, उनमें किस पहचान से जुड़ा कौन सा अनुभव प्राथमिकता पाएगा लेखन में, यह कैसे तय होता है? आपने कभी गौर किया है इस पर?**

पहले यह साफ कर दूं कि दलित लेखक मैं नहीं कहती खुद को। मैं तो एक नागरिक हूं और अपने जीवन अनुभव को लेखन में उतार रही हूं, जैसे कोई भी लेखक उतारता है। यह पहचान तो दूसरे देते हैं मुझे। वैसे ही, जैसे कि दलित ने खुद को दलित या अस्पृश्य नहीं बनाया कभी। दूसरों ने ही उस पर यह ठप्पा लगाया। दूसरी बात यह कि अनुभव तो समाहता में ही आते हैं इसे अलग-अलग करके नहीं देखना चाहिए। आपने ठीक ही कहा कि मेरी कहानियों में महिला उत्पीड़न के पहलू भी आते हैं। बतौर लेखक हमारी मुख्य चिंता न्याय की है। जहां, जिस तरह का भी अन्याय है, वह हमारे लेखन में उभरता है।

> जो भेदभाव है, उसकी क्रूरतम अनुभूति तो उसी को होती है जो पीड़ित है। आज भी दलित दूल्हे को घोड़ी पर बैठने से रोकने की घटनाएं होती हैं। अब जो दूल्हे को घोड़ी पर बैठने से रोक रहा है, वही इस पर कहानी भी लिखे तो उसके लेखन में प्रामाणिकता कैसे आएगी? उसमें सतहीपन, एक तरह का बनावटीपन रहना स्वाभाविक है।

**■ मौजूदा दौर ऐसा है जिसमें बहुसंख्यक चेतना हावी होती दिख रही है। इस दौर की क्या चुनौतियां आप देखती हैं, साहित्य के संदर्भ में?**

साहित्य के संदर्भ में तो यह बात मायने रखती है कि जिसका जो अनुभव है, वह व्यक्त करता रहे लेखन में। अगर दलित उत्पीड़न झेल रहे हैं तो वे अपना अनुभव दर्ज करते रहें, कहानी, कविता, लेख- जिस विधा में भी लिख सकते हों, लिखें। साहित्यकार का यही काम है। राजनीतिक दल तो अपना काम करेंगे। उनसे टकराने का मतलब नहीं। **क्या साहित्य के मूल्यांकन की प्रक्रिया भी प्रभावित हो रही है इससे?**

कुछ क्षण के लिए हो सकती है। लेकिन अगर ईमानदारी से लेखन जारी रखा जाए तो साहित्य की अपनी ताकत होती है और उससे समाज भी देर-सबेर प्रभावित होता है, राजनीति भी प्रभावित होती है।

## रीडर्स मेल

**▸ फैसले का सम्मान हो**

**23 जनवरी** का संपादकीय 'सौहार्द की पहल' पढ़ा। मध्य प्रदेश के धार जिले में भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद में सरस्वती पूजा और जुमे की नमाज को लेकर सुप्रीम कोर्ट का फैसला सराहनीय है। हिंदू समुदाय के लोग इस भोजशाला को वाग्देवी (देवी सरस्वती) का मंदिर मानते हैं, जबकि मुस्लिम तबके के लोग इसे मौला मस्जिद कहते हैं। ASI के अनुसार यह भोजशाला 11वीं सदी का स्मारक है। बहरहाल, हमारा देश धर्म निरपेक्ष है। यहां पर विभिन्न जाति समुदाय के लोगों को अपनी धार्मिक आस्था के अनुसार पूजा या इबादत करने की पूरी आजादी है। हमारी गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल पूरी दुनिया में दी जाती है। इस मामले में जब माननीय सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है, तब सभी को इसका सम्मान करना चाहिए। आपसी भाईचारे की जिम्मेदारी निभाते हुए यहां के लोग पूरे देश के लिए बेहतर उदाहरण पेश कर सकते हैं।

**हितेंद्र डेढ़ा**, फिल्ला गांव

**▸ सरकारी स्कूलों को सुधारें**

**यह पत्र** 23 जनवरी के लेख 'सिर्फ सीटें देने से नहीं आएगा चेंज' से संबंधित है। इसमें कोई दो राय नहीं कि निजी स्कूलों को शिक्षा के अधिकार कानून के अंतर्गत गरीब बच्चों को प्रवेश देना चाहिए, वे देते भी हैं लेकिन प्रवेश पाने वाला गरीब बच्चा क्या समयुग उस स्तर की शिक्षा ग्रहण कर पाता है जो मध्यम वर्गीय और एक संपन्न परिवार का बच्चा करता है? लेखक का यह कहना वाजिब है कि स्कूल की फीस के अतिरिक्त अन्य स्कूली खर्चे पर भी सरकार को विचार करना चाहिए। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि शिक्षा और स्कूल आज के समय में व्यापार बन चुके हैं। हर स्कूल ज्यादा से ज्यादा कमाई करना चाहता है। इस समस्या को दूर करने के लिए सबसे पहले सरकारी स्कूलों का स्तर काफी सुधारना होगा।

**बाल गोविंद**, नोएडा

[illegible]

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 24-01-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG13 User: rishi.yadav Time: 01-24-2026 00:31 Color:



केरल में कांग्रेस को 'MMC' और तमिलनाडु में डीएमके को 'CMC' करार दिया

# PM ने साउथ में फूंका चुनावी बिगुल

■ भाषा, तिरुअनंतपुरम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को केरल में सत्तारूढ़ वाम मोर्चे पर निशाना साधते हुए सबरीमला मंदिर में गोल्ड चोरी का मुद्दा उठाया। मुस्लिम लीग के साथ कांग्रेस के संबंधों को लेकर उस पर भी हमला बोला और आरोप लगाया कि वह राज्य में कट्टरपंथी तत्वों को बढ़ावा दे रही है। विधानसभा चुनाव से पहले यहां बीजेपी की रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने केरल के लोगों से अपनी पार्टी के पक्ष में निर्णायक जनादेश मांगा। उन्होंने कांग्रेस को मुस्लिम लीग माओवादी कांग्रेस (MMC) बताते हुए कहा कि इससे सतर्क रहने की जरूरत है। क्योंकि, ये दल केरल को अपनी रणनीतियों के परीक्षण स्थल के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। पीएम ने देशभर में पीएम स्वनिधि योजना के पात्र हितग्राहियों को ऋण राशि एवं क्रेडिट कार्ड वितरण कार्यक्रम का भी उद्घाटन किया।

स्वनिधि योजना के पात्र हितग्राहियों को ऋण, क्रेडिट कार्ड वितरण का भी उद्घाटन

केरल के तिरुवनंतपुरम में पीएम मोदी ने भव्य रैली को किया संबोधित

पीएम मोदी ने कहा, 'एलडीएफ और संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (UDF) के झंडे और चुनाव चिह्न अलग हो सकते हैं, लेकिन उनकी मूल राजनीतिक सोच और एजेंडा लगभग समान है। बिना जवाबदेही के व्यापक भ्रष्टाचार और बिना जिम्मेदारी के विभाजनकारी सांप्रदायिकता को बढ़ावा देना। इसलिए आपको केरल के लिए एक नई सरकार बनानी है, जो जनहितैषी और विकास समर्थक हो। यह काम केवल बीजेपी और राजग ही कर सकते हैं। पीएम नरेन्द्र मोदी ने तिरुवनंतपुरम नगर निगम में वामपंथी शासन का अंत करने वाली बीजेपी की जीत की प्रशंसा की। कहा, केरल के लोग भी अब बीजेपी पर भरोसा जताने लगे हैं। हम तिरुवनंतपुरम को सर्वश्रेष्ठ शहरों में से एक बनाएंगे।

**BJP की सरकार बनी तो जेल जाएंगे 'सोना चोर' :** मोदी ने आरोप लगाया कि वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (LDF) ने सबरीमला स्थित भगवान अयप्पा मंदिर की परंपराओं को बदनाम करने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने कहा, 'अब खबरें आ रही हैं कि मंदिर से सोना चोरी हो गया। मैं साफ कर दूं कि आने वाले विधानसभा चुनाव में जैसे ही बीजेपी की सरकार बनेगी, दोषियों को जेल भेजेंगे। यह मोदी की गारंटी है।'

### 3 अमृत भारत ट्रेनों को 'ग्रीन सिग्नल'

■ भाषा, तिरुवनंतपुरम : पीएम मोदी ने शुक्रवार को ऑनलाइन हरी झंडी दिखाकर तीन अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की शुरुआत की। ये साप्ताहिक ट्रेनें केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश जैसे दक्षिणी राज्यों को जोड़ेंगी। रेल मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि कमर्शल रन और किराये की जानकारी आने वाले दिनों में दी जाएगी। इसके अलावा पीएम ने गुरुवायूर-त्रिशूर सवारी गाड़ी को भी हरी झंडी दिखाई।

## चुनाव आयोग की समिट में पांच मुद्दों पर सहमति

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : चुनाव आयोग का दिल्ली में आयोजित तीन दिवसीय भारत अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र एवं निर्वाचन प्रबंधन सम्मेलन-2026 शुक्रवार को संपन्न हो गया। इसमें दिल्ली डिक्लेरेशन किया गया, जिसमें पांच मुख्य बातों पर सहमति बनी। इनमें मतदाताओं के फोटो के साथ शुद्ध वोटर लिस्ट बनाना, ट्रेनिंग, तकनीक, अनुसंधान और इलेक्शन मैनेजमेंट शामिल है।

शुद्ध वोटर लिस्ट, ट्रेनिंग, टेक्नॉलजी, रिसर्च, मैनेजमेंट पर दिया जोर

मुख्य चुनाव आयुक्त **ज्ञानेश कुमार** ने बताया कि सभी चुनाव प्रबंधन निकायों ने मिलकर काम करने का संकल्प लिया। समय-समय पर इन पॉइंट पर प्रगति समीक्षा करने का भी निर्णय लिया। इसके लिए सभी के साथ इस साल अंत में 3,4 और 5 दिसंबर को दिल्ली में मिलने का प्रस्ताव रखा गया है।

SC बोला, आदेश मैकेनिकल था

## बाल तस्करी में महिला आरोपित की ज़मानत रद्द

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट द्वारा चाइल्ड ट्रैफिकिंग की एक महिला आरोपित को दी गई जमानत को रद्द कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि इलाहाबाद हाई कोर्ट ने आरोपों की गंभीरता और नेचर पर समुचित विचार किए बिना मकैनिकल तरीके से जमानत आदेश पारित किया था।

सुप्रीम कोर्ट ने यह भी सवाल उठाया कि उत्तर प्रदेश राज्य ऐसे जमानत आदेशों को रद्द कराने के लिए गंभीरता क्यों नहीं दिखा रहा है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस विनोद के. चंद्रन की बेंच ने यह आदेश सीनियर वकील अपर्णा भट (जो एक एनजीओ की ओर से पेश हुईं) की दलीलों के बाद पारित किया। शुक्रवार को मामले की सुनवाई के दौरान एडवोकेट अपर्णा भट ने बताया कि आरोपी के खिलाफ इमोरल ट्रैफिकिंग प्रीवेंशन एक्ट (अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम) 1956 के तहत मामला है। इसके बावजूद हाई कोर्ट ने अत्यंत सतही तरीके से आदेश पारित किया और केवल इस आधार पर जमानत दे दी कि प्रतिवादी आरोपित पांच साल से जेल में बंद थी और अन्य सह-आरोपितों के साथ समानता (parity) का आधार लिया गया।

## दिल्ली में पुरानी गाड़ी को EV बनाने के लिए सब्सिडी की तैयारी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : इलेक्ट्रिक गाड़ी खरीदने की योजना बना रहे दिल्लीवालों के लिए गुड न्यूज है। दिल्ली सरकार ई-वीइकल पॉलिसी 2.0 लेकर आ रही है। इसमें पुरानी गाड़ी को EV में बदलने और नई EV खरीदने में सब्सिडी और इंसेंटिव की भरमार है।

पॉलिसी पर ड्राफ्ट फरवरी में, जनता से लेंगे सुझाव

इसमें 10 साल पुरानी डीजल और 15 साल पुरानी पेट्रोल कारों को इलेक्ट्रिक में बदलने पर 50 हजार से ज्यादा का इंसेंटिव देने का प्रस्ताव है। चूंकि पुरानी कारों को इलेक्ट्रिक में बदलने वाली तकनीक में 2-3 लाख तक खर्च आता है, इसलिए सरकार पहली 1000 पुरानी कारों को EV में बदलने पर इंसेंटिव देने का प्रस्ताव लाई है। सरकार EV की बिक्री को बढ़ावा देने के लिए ई-गाड़ी के कर्ज पर भी 5% तक सब्सिडी दे सकती है।

# जम गया कामचटका

AFP

## रूस के शहर में बर्फीले तूफान से परेशानी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: उफ...ऐसी बर्फबारी की रूह कांप जाए...कारें, सड़कें तो दूर चार मंजिला इमारतें भी बर्फ के पहाड़ में दब गईं। लोग बर्फ के अंदर टनल बनाकर किसी तरह बाहर निकल पा रहे। यह हाल है रूस के शहर कामचटका का। ऐसे हालात के बाद यहां आपातकाल की घोषणा कर दी गई है।

कामचटका प्रायद्वीप प्रशांत महासागर और ओखोत्स्क सागर के बीच है। यहां की भौगोलिक स्थिति और मौसम प्रणाली इसे भारी बर्फबारी के लिए आदर्श बनाती है।

**60** साल की सबसे भीषण बर्फबारी हुई

**13** डिग्री तापमान है यहां का

**04** मंजिला घर तक बर्फ से ढक गए

**03** लाख है आबादी

**02** लोगों की मौत हो चुकी है बर्फ के नीचे दबकर

## इधर, देश में पहाड़ों ने ओढ़ी बर्फ की चादर

PTI

श्रीनगर एयरपोर्ट पर 4 इंच तक बर्फ जम गई।

**60** सेंमी बर्फबारी हुई मनाली के पास कोठी गांव में

कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड के कई इलाकों में शुक्रवार को बर्फबारी हुई। गुलमर्ग में बर्फ का लंबा इंतजार खत्म हुआ। उत्तराखंड के बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री, औली, मसूरी, चकराता, धनोल्टी, उत्तरकाशी सहित अनेक जगहें सफेद चादर में लिपट गईं।




PTI

### असर क्या हुआ

■ श्रीनगर एयरपोर्ट पर हवाई यातायात बंद होने के बाद कश्मीर आने-जाने वाली उड़ानें रद्द।

■ माता वैष्णो देवी मंदिर में भी मौसम की पहली बर्फबारी हुई। यात्रा स्थगित करनी पड़ी।

### मैदानों में बारिश

दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश समेत उत्तर भारत के कई इलाकों में बिजली, गरज और तेज हवाओं के साथ बारिश हुई।

## आतंकी पन्नू के खिलाफ FIR

■ भाषा, नई दिल्ली: दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ (स्पेशल सेल) ने 'सिख फॉर जस्टिस' (एसएफजे) के आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ गणतंत्र दिवस से पहले राष्ट्रीय राजधानी में अशांति फैलाने की धमकी देने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है।

## तिरुप्परकुंद्रम मंदिर के कंट्रोल पर मांगा जवाब

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को केंद्र सरकार, तमिलनाडु सरकार और अन्य पक्षों से उस याचिका पर जवाब मांगा, जिसमें भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) द्वारा तिरुप्परकुंद्रम मंदिर का नियंत्रण अपने हाथ में लेने और 'दीपथून' (पत्थर का स्तंभ) के शीर्ष पर हर रोज दीपक जलाने के निर्देश देने की मांग की गई है।

हिंदू धर्म परिषद द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की बेंच को बताया गया कि मद्रास हाई कोर्ट ने 6 जनवरी को दीपक जलाने से संबंधित सिंगल बेंच के आदेश को बरकरार रखा था। तमिलनाडु सरकार द्वारा आदेशों का पालन न किए जाने पर अवमानना याचिका दायर की गई।

## नौ नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया

■ भाषा, धमतरी: छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में शुक्रवार को 47 लाख के इनामी नौ नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। इनमें सीतानदी एरिया कमेटी की सचिव ज्योति (28) और संभागीय समिति सदस्य उषा (45) पर आठ-आठ लाख रुपये का इनाम था।

---

लखनऊ दरबार

## भर्ती बोर्ड ने दूर किया आयु सीमा का भ्रम

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

### यूपी पुलिस आरक्षी भर्ती-2025

उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष के 32,679 पदों पर सीधी भर्ती- 2025 में एक बार आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट दिए जाने के बाद तमाम अभ्यर्थियों में उम्र सीमा को लेकर तमाम संशय है।

आयु सीमा में छूट के संबंध में लगातार आ रहे आवेदनों और अभ्यर्थियों के सवालों के बीच उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड (UPPBPB) ने नियमावली और शासनादेशों का हवाला देते हुए आयु को लेकर सभी पहलुओं को विस्तार सामने रखा है। भर्ती बोर्ड ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे किसी भी अफवाह व भ्रम से बचते हुए नवीनतम अपडेट, निर्देश और स्पष्टीकरण के लिए केवल आधिकारिक वेबसाइट uppbpb.gov.in को ही देखें।

### भर्ती बोर्ड ने जारी किया स्पष्टीकरण

- सीधी भर्ती में आयु की गणना उस कैलेंडर वर्ष की 1 जुलाई की स्थिति से की जाएगी, जिस वर्ष भर्ती की विज्ञप्ति प्रकाशित की गई है।
- पुरुष अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम 22 वर्ष निर्धारित है। वहीं, महिला अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम 25 वर्ष तय की गई है।
- अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य आरक्षित श्रेणियों के अभ्यर्थियों को शासनादेशों के अनुसार उच्चतर आयु सीमा में अतिरिक्त छूट दिए जाने का प्रावधान पहले से है।
- भर्ती बोर्ड ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन के 5 जनवरी 2026 को जारी शासनादेश में इस भर्ती में सभी वर्गों को एक बार के लिए तीन वर्ष की अतिरिक्त तीन वर्ष की छूट देने का निर्णय लिया गया है।
- पुलिस एवं पीएसी भर्ती में होमगार्ड जवानों के लिए 5-5 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था है। हालांकि, होमगार्ड श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष, अधिकतम आयु 25 वर्ष तथा कम से कम 3 वर्ष की सेवा पूरी होना अनिवार्य है।

# बोआई और कटाई के दौरान गांवों में बंद रहेगा सरकारी काम

## वीबी-जी राम जी कानून का किसानों को भी मिलेगा लाभ

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

किसानों को अब गांवों में फसलों की बोआई और कटाई के समय मजदूरों की दिक्कत नहीं होगी। पहले मनरेगा के कार्यों के चलते किसानों को खेती के काम के लिए मजदूर नहीं मिलते थे। लेकिन, मनरेगा को संशोधित कर बनाए गए विकसित भारत-रोजगार गारंटी व आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी-जी राम जी कानून में प्रावधान किया गया है कि फसलों की कटाई और बोआई के समय (साल में 60 दिन) इस योजना के तहत कोई सरकारी काम नहीं होगा।

**चार बिंदुओं पर फोकस :** केंद्र सरकार ने पिछले दिनों मनरेगा (महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना, ग्रामीण) को खत्म कर ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के लिए ही विकसित भारत-रोजगार गारंटी व आजीविका मिशन (ग्रामीण) कानून संसद में पास करवाया है। जी राम जी ऐक्ट में चार चीजों पर विशेष फोकस किया गया है। इनमें पहला है ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करना। दूसरा, मौसम की मार को कम करने के लिए स्पेशल काम करना। तीसरा, जीविका से संबंधित इंफ्रास्ट्रक्चर और चौथा है पानी से जुड़े काम कर जल संचयन करना।

**कैसे अलग और कितना बेहतर :** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के मुताबिक, जी राम जी ऐक्ट को मनरेगा की तुलना में अपग्रेड किया गया है और पहले की कमियों में सुधार कर उसे लागू किया गया है। मनरेगा में ग्रामीण परिवारों को सौ दिनों की रोजगार गारंटी दी जाती थी, जिसे जी राम जी में बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है। इससे ग्रामीण परिवारों की ज्यादा आय हो सकेगी। नए ऐक्ट में यह सुनिश्चित होगा कि मजदूरों को बेहतर रोजगार विकल्प उपलब्ध हो सकेंगे। ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों का कहना है कि योजना में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए भुगतान में बायोमेट्रिक और आधार से वेरिफिकेशन को अनिवार्य किया गया है। अगर किसी मजदूर को 125 दिन तक काम नहीं मिलता है तो उसे बेरोजगारी भत्ता मिलेगा। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इस योजना में जल से संबंधित कामों को प्राथमिकता दी गई है।

### कमियां और चुनौतियां

केंद्रीय रोजगार गारंटी परिषद के पूर्व सदस्य संजय दीक्षित के मुताबिक, बजट में इस योजना के लिए बड़ी राशि दिखाने के बावजूद, फंड अक्सर बीच में खत्म हो जाता है, जिससे मजदूरों को महीनों तक मजदूरी का भुगतान नहीं मिलता। इस पुरानी समस्या पर नया ऐक्ट भी मौन है। सबसे अहम यह कि जी राम जी में योजना का प्रशासनिक खर्च 6% से बढ़ाकर 9% किया गया है। जानकारों की मानें तो इसका असर सीधा मजदूरी के भुगतान पर दिखेगा। मजदूरों को मिलने वाली राशि मजदूरी में कम खर्च होकर ऑफिस और स्टाफ पर ज्यादा खर्च होगी। इसके साथ ही ग्राम पंचायतों में सोशल ऑडिट ठीक से नहीं किए जाने को लेकर कोई प्रावधान नहीं किया गया है, जिससे योजनाओं की पारदर्शिता और जवाबदेही कम होती है।

## 14 करोड़ की ठगी में वॉन्टेड कंपनी का निदेशक गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : जाली बॉन्ड और रसीदें जारी कर निवेशकों का धन हड़पने के आरोप में फरार चल रहे कंपनी निदेशक शैलेश कुमार उपाध्याय को ईओडब्ल्यू ने गुरुवार को गोरखपुर से गिरफ्तार किया है। शैलेश व उसके अन्य साथियों के खिलाफ वर्ष 2017 में राजधानी के आलमबाग थाने में एफआईआर दर्ज करवाई गई थी।

ईओडब्ल्यू ने गोरखपुर से दबोचा

ईओडब्ल्यू के अनुसार अभियुक्त शैलेश कुमार उपाध्याय M/S पियर्स एलाइड कॉर्पोरेशन लिमिटेड का निदेशक था। यह कंपनी आरओसी दिल्ली एवं हरियाणा से पंजीकृत थी, लेकिन कंपनी प्रबंधन ने भारतीय रिजर्व बैंक के तहत आवश्यक एनबीएफसी (NBFC) पंजीकरण करवाए बिना ही बैंकिंग गतिविधियां संचालित कीं। कंपनी के सीएमडी दुर्गा प्रसाद दुबे, अन्य निदेशकों और कर्मचारियों ने बिजनौर सहित कई जनपदों में शाखाएं खोलकर लोगों को कम समय में निवेश की राशि दो से तीन गुना करने का झांसा दिया।

जांच में सामने आया कि कंपनी ने आरडी (आईबीपी), एफडी (एसआईपी) जैसी योजनाओं के नाम पर निवेश करवाए और निवेशकों को कूटरचित बॉन्ड और रसीदें थमाईं। बाद में कंपनी के निदेशकगण निवेशकों का लगभग 14 करोड़ रुपये मूलधन हड़प कर कार्यालय व शाखाएं बंद करके फरार हो गए। इस मामले में थाना आलमबाग, लखनऊ में वर्ष 2017 में एफआईआर दर्ज करवाई गई। शुरुआत में मुकदमे की विवेचना लखनऊ से हुई, लेकिन मामले की गंभीरता को देखते हुए शासन के आदेश पर इसकी जांच ईओडब्ल्यू को सौंप दी गई।

ईओडब्ल्यू की विवेचना में कुल 13 अभियुक्तों की संलिप्तता सामने आई है। गिरफ्तार अभियुक्त शैलेश कुमार उपाध्याय, जो कंपनी में निदेशक पद पर कार्यरत था, लंबे समय से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी गोरखपुर में उसके मूल जिले से की गई। वह मूलरूप से थाना झंगहा क्षेत्र के रौनापार गांव का निवासी है, जबकि कानपुर नगर के बेनाझाबर में भी उसका पता दर्ज है। ईओडब्ल्यू ने बताया कि इस मामले में शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## शैली ट्रेडर्स ने अमित टाटा की फर्मों को सप्लाई की 1.45 लाख बोतलें

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : कोडीन युक्त कफ सिरप की तस्करी की अहम कड़ी अमित सिंह टाटा के खिलाफ भी एसटीएफ को जांच में कई अहम साक्ष्य हाथ लगे हैं। मास्टरमाइंड शुभम जायसवाल की फर्म शैली ट्रेडर्स ने फर्जीवाड़ा करके जो 2.95 लाख बोतलें सप्लाई की थीं, उनमें से एक लाख 45 हजार बोतलों की सप्लाई अमित सिंह टाटा की दो फर्मों को की गई है। इनमें से 40,000 बोतलें अमित टाटा की फर्म श्री मेडिकल, वाराणसी को और 1,05,000 बोतलें अमित की दूसरी फर्म देव कृपा मेडिकल एजेंसी, धनबाद को सप्लाई की गई है। जबकि बाकी डेढ़ लाख बोतलों की सप्लाई बर्खास्त सिपाही आलोक सिंह की फर्मों को की गई थी।

■ सप्लाई के दस्तावेज में फर्जीवाड़ा
■ बर्खास्त सिपाही और टाटा की फर्मों में अनुभव प्रमाण पत्र एक से

एसटीएफ की जांच में खुलासा हुआ है कि अमित टाटा इस नेटवर्क का सक्रिय सदस्य था। उसके नाम पर धनबाद में 'देव कृपा मेडिकल एजेंसी' और वाराणसी में 'श्री मेडिकल' फर्म कूटरचित दस्तावेज के आधार पर खोली गई। इसी तरह उसके साथी आलोक प्रताप सिंह के नाम पर अंश्वी मेडिकल (धनबाद) और मां शारदा मेडिकल (वाराणसी) के नाम से फर्में बनाई गई। दोनों के ड्रग लाइसेंस में संलग्न अनुभव प्रमाणपत्र गलत पाए गए। वाराणसी की शिवम फार्मा के संचालक दिलीप कुमार ने लिखित बयान में कहा कि उन्होंने कभी भी न अमित को और न ही आलोक को अनुभव प्रमाणपत्र जारी ही नहीं किया। साथ ही यह भी पाया गया कि दोनों फर्मों के अनुभव प्रमाणपत्रों में दर्शाई गई अवधि एक जैसी है, जो भौतिक रूप से संभव नहीं।

जांच में यह सामने आया है कि इन फर्मों से यह सिरप फर्जी बिलिंग दिखाकर वाराणसी, चंदौली, गाजीपुर, आजमगढ़ और जौनपुर की फर्मों के नाम से बेचा गया और असल में यह माल तस्करों को हवाले किया गया। मोबाइल चैट, फेसटाइम लॉग और जीएसटी दस्तावेज से भी अमित सिंह टाटा के खिलाफ कई अहम साक्ष्य मिले हैं। अमित टाटा की गिरफ्तारी के समय उससे दो मोबाइल फोन बरामद हुए थे। उसके वॉट्सऐप चैट में तुषार (सीए), वरुण सिंह, विशाल मेहरोत्रा तथा अन्य नेटवर्क सदस्यों के साथ विस्तृत वार्तालाप मिला है। चैट में जीएसटी भुगतान चालान, ड्रग लाइसेंस दस्तावेज और औषधि निरीक्षक धनबाद के पत्रों की प्रतियां मिली हैं। आईफोन से मिले फेसटाइम लॉग से पुष्टि हुई कि शुभम जायसवाल, जो इस नेटवर्क का मुख्य संचालक है, ने उससे नियमित संपर्क किया।

## रिश्वत मांगने वाला जेई निलंबित, लाइनमैन की सेवा समाप्त

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : रिश्वत मांगने की शिकायत के बाद जेई को निलंबित कर दिया गया है। वहीं, लाइनमैन की सेवा समाप्त कर दी गई है। इसके साथ ही एसडीओ रितेश प्रसाद और अधिशासी अभियंता राहुल निगम से स्पष्टीकरण मांगा गया है। संतोषजनक जवाब न मिलने की स्थिति में विभागीय कार्रवाई किए जाने की संस्तुति की गई है। इस कार्रवाई को लेकर ऊर्जा मंत्री ने कहा कि ऊर्जा विभाग जनता की सेवा के लिए है, न कि जनता से अवैध वसूली के लिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो भी अधिकारी व कर्मचारी अपने पद का दुरुपयोग कर आम नागरिकों को परेशान करेगा, उसके खिलाफ बिना किसी दबाव या भेदभाव के कठोर कार्रवाई की जाएगी।

■ ऊर्जा मंत्री ने जनसुनवाई के दौरान मिली शिकायत के बाद की कार्रवाई

दरअसल, गुरुवार को ऊर्जा मंत्री एके शर्मा अपने आवास पर जनसुनवाई कर रहे थे। इस दौरान अमेठी के गौरीगंज साहाट निवासी शिकायतकर्ता मो. युसा ने विद्युत संयोजन देने के नाम पर रिश्वत मांगने और जानबूझकर कार्य में टालमटोल किए जाने की शिकायत मंत्री से की। मामले को संज्ञान में लेते हुए मंत्री ने तत्काल पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक सतीश गुप्ता से फोन पर बात की और दोषी अधिकारियों-कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश दिए। मंत्री के सख्त तेवर का असर यह रहा कि देर रात तक कार्रवाई करते हुए दोषियों पर गाज गिराई गई।

तैयारी | बहराइच में थमने लगा भेड़ियों का कहर, सितंबर से शुरू हुई थी हमले की घटनाएं

# ...तो प्रसव के लिए अपनी मांद में जाने लगे भेड़िये

Deep.Singh@timesofindia.com

**लखनऊ :** बहराइच में सितंबर से भेड़ियों का आतंक शुरू हुआ था, लेकिन फिलहाल वह थम गया है। 22 दिसंबर के बाद से भेड़ियों के हमलों में कोई मौत नहीं हुई है और छह जनवरी के बाद से कोई हमला भी नहीं हुआ है। इस दौरान वन विभाग ने 11 भेड़ियों को मार भी, लेकिन यह दावा नहीं कर रहा कि सभी भेड़िये खत्म हो गए। वन्य जीव विशेषज्ञों का कहना है कि भेड़ियों के हमलों का जो ट्रेंड रहा है, उसके अनुसार गर्मियों से सर्दियों के बीच ही भेड़ियों के हमले ज्यादा बढ़ते हैं। इसकी एक बड़ी वजह ये है कि नवंबर-दिसंबर उनका मेटिंग का समय होता है। उसके बाद जनवरी से मार्च तक प्रसव काल होता है। प्रसव के लिए वे अपनी मांद में चले जाते हैं। इस दौरान वे अपनी मांद में या उसके आसपास ही रहते हैं।

■ 6 जनवरी से नहीं हुआ कोई हमला, 22 दिसंबर को हुई थी हमले में आखिरी मौत

**बहराइच में ऐसा रहा हमलों का ट्रेंड :** भेड़ियों के हमलों के ट्रेंड की बात करें तो इस साल नौ सितंबर को भेड़िये के हमले में पहली मौत हुई थी। हमले की घटनाएं छह जनवरी तक हुईं और 22 दिसंबर को आखिरी मौत हुई। इस दौरान कुल 12 लोगों की मौत हुई और 11 भेड़िये मारे गए। पिछले 17 जुलाई से हमले घटनाएं शुरू हुई थीं और ये अक्टूबर तक चली थीं। इस दौरान नौ लोगों की हमलों में मौत हुई थी और पांच भेड़िये रेस्क्यू किए गए थे। तब वन विभाग ने दावा किया था कि सभी भेड़िये पकड़ लिए गए इसलिए घटनाएं बंद हो गईं। इस साल फिर इतनी बड़ी संख्या में हमलों से वह दावा गलत साबित हुआ।

**पुराना ट्रेंड ये रहा :** भेड़ियों के हमलों के पुराने ट्रेंड की बात करें तो इससे पहले 1997 से 1999 के बीच ऑपरेशन चले थे। उस समय जौनपुर, सुल्तानपुर और प्रतापगढ़ जिलों के बॉर्डर पर सई नदी के किनारे घटनाएं हो रही थीं। उस ऑपरेशन में शामिल रहे रिटायर्ड आईएफएस विनोद सिंह बताते हैं कि उस समय घटनाएं मई-जून से अगस्त के बीच ज्यादा हुई थीं। वह कहते हैं कि सामान्य तौर पर भेड़िया हिरन, खरगोश, चूहा या भेड़-बकरी जैसे मवेशी खाते हैं। मनुष्यों पर हमला करने लगे तो पूरे झुंड को खत्म करना जरूरी होता है। वजह ये कि एक भी बच्चा बच गया तो उसको भी मनुष्य पर हमला करने की आदत लग चुकी होती है।

### हमलों का मौसम से संबंध



वाइल्डलाइफ इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया (WII) से रिटायर होकर अब इंडियन नेशनल साइंस अकेडमी में सीनियर साइंटिस्ट डॉ.वाईवी झाला मांद में पानी भरने के कारण भेड़ियों के बाहर आने की थ्योरी को नकारते हैं। वह कहते हैं कि भेड़िये सामान्य तौर पर मांद में नहीं रहते। वे प्रसव के लिए मांद में जाते हैं। नवंबर-दिसंबर में मेटिंग का समय होता है। उसके बाद जनवरी से मार्च के बीच उनके प्रसव का समय होता है। उस समय वे मांद में चले जाते हैं। ऐसे में वे मांद के आसपास ही रहते हैं। इससे घटनाएं थम जाती हैं। दूसरी वजह फसल चक्र से जुड़ी है। वह कहते हैं कि अगस्त से अक्टूबर तक खरीफ की फसल का कवर उनको मिलता है। खेत, गांव, घर सब सटे हुए हैं। फसल के कवर के सहारे वे गांव-घर तक आ जाते हैं। अप्रैल-मई में भी फसल कट चुकी होती है। तब तक वे नहीं आते।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 24-01-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTL14 User: cci Time: 01-24-2026 00:25 Color:



मुझे आश्चर्य है कि ऋषभ पंत भारतीय टी20 टीम का हिस्सा नहीं है। वह अद्भुत और प्रतिभाशाली खिलाड़ी है। वह अपने दम पर मैच जिता सकते है। टी20 खिलाड़ियों में यही खूबी होनी चाहिए। उन्हें मैच विनर होना चाहिए और ऋषभ एक मैच विनर है। -इयन स्मिथ, पूर्व क्रिकेटर, न्यूजीलैंड

**130.50**

बैटिंग ऐवरेज है ब्रेंडन मैकुलम का टी20 इंटरनैशनल में भारत के खिलाफ। वह दोनों देशों के बीच इस फॉर्मेट में हुए मैच में सर्वाधिक ऐवरेज वाले बैटर हैं

## स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव किस देश के चेस प्लेयर है? A) अमेरिका B) रूस C) सऊदी अरब D) उज्बेकिस्तान
2. चेन यू फेई किस देश की बैडमिंटन प्लेयर है? A) चीन B) साउथ कोरिया C) सिंगापुर D) वियतनाम

**कल के जवाब**
1. D) धार 2. C) हॉन्ग कॉन्ग 3. D) रायपुर

**लकी WINNERS**

1 राजय वर्मा, जालौन, यूपी

2 राजिंद्र कुमार, नागलोई, दिल्ली

3 दक्ष पाल, संगम विहार, दिल्ली

4 कपिल नेगी, गाजियाबाद, यूपी

5 तृप्ति सोनी, बोरीवली, मुंबई

**आप अपने जवाब हमें 9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

बल्लेबाजों के पराक्रम से भारत ने दूसरा मैच सात विकेट से जीतकर सीरीज में 2-0 से बनाई बढ़त

# फिर ईशान का चमका 'सूर्य'

**भारत Vs न्यूजीलैंड | टी20I सीरीज, दूसरा मैच**

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** बाएं हाथ के आक्रामक बल्लेबाज ईशान किशन ने अपनी धुआंधार बल्लेबाजी से टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम में खुद को शामिल करने के फैसले को सही साबित किया। ईशान ने शुक्रवार को रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनैशनल स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20I सीरीज के दूसरे मैच में तूफानी अर्धशतक लगाया, जबकि कप्तान सूर्यकुमार यादव ने भी अपने चिरपरिचित अंदाज में जोरदार नाबाद पारी खेलकर खुद के साथ-साथ टीम के लिए भी राहत भरी खबर लाई। ईशान ने 32 गेंदों में 11 फोर और 4 सिक्स के साथ 76 रनों की धमाकेदार पारी खेली, जबकि सूर्य ने भी सिर्फ 37 गेंद पर 82* रन बनाए जिसमें 9 फोर और 4 सिक्स शामिल थे। इन दोनों की बल्लेबाजी की बदौलत भारत ने न्यूजीलैंड के द्वारा जीत के लिए रखे गए 209 बड़े लक्ष्य को बौना साबित करते हुए सिर्फ 15.2 ओवर्स में तीन विकेट पर 209 रन बनाकर सात विकेट से आसान जीत हासिल की। न्यूजीलैंड ने रचिन रविंद्र (44 रन, 26 बॉल, 2 फोर, 4 सिक्स) के अलावा निचले क्रम में कप्तान मिचेल सैंटनर (47* रन, 27 बॉल, 6 फोर, 1 सिक्स) के अलावा पूरी टीम के उम्दा साझा प्रयास की बदौलत निर्धारित 20 ओवर्स में छह विकेट पर 208 रनों का बड़ा स्कोर बनाया था।

**जुगलबंदी से जीत:** बड़े लक्ष्य के सामने भारत की ओपनिंग जोड़ी नहीं चल पाई और उसने छह रन के अंदर दो विकेट गंवा दिए। संजू सैमसन (6) ने पारी के पहले ओवर की दूसरी गेंद पर ही मैट हेनरी की गेंद पर सिक्स जड़ा लेकिन इसी ओवर की पांचवीं गेंद पर वह मिड ऑन पर रचिन को कैच देकर वापस लौट गए। जबकि अगले ओवर ही पहली ही गेंद पर जैकब डफी ने अभिषेक शर्मा को शून्य पर आउट कर भारतीय खेमे में सनसनी फैला दी। लेकिन, इसके बाद तस्वीर पूरी तरह बदल गई।

प्लेयर ऑफ द मैच ईशान और सूर्य ने जोरदार काउंटर अटैक करते हुए न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को मुकाबले में कोई मौका ही नहीं दिया। ईशान ने पारी के तीसरे ओवर में जैक फोक्स पर तीन चौके और एक सिक्स के साथ अपनी लय पा ली। अगले ओवर में उन्होंने डफी पर दो चौके लगाए। अगले ओवर में सैंटनर को भी नहीं बख्शा और उन पर हैटट्रिक फोर लगाए। ईशान ने केवल 21 गेंदों पर अपनी हाफ सेंचुरी जड़ दी। दूसरी ओर, सूर्य ने भी अपनी पिछली नाकामियों को पीछे छोड़ते हुए विपक्षी गेंदबाजों की जमकर खबर ली। कप्तान ने ने फोक्स के एक ही ओवर में चार चौके और एक छक्का लगाया। दसवें ओवर की पहली गेंद पर हालांकि ईश सोढ़ी ने ईशान को आउट कर इस जोड़ी को तोड़ा। ईशान और सूर्य के बीच तीसरे विकेट के लिए 49 बॉल पर 122 रन की भागीदारी हुई।

**3 तीसरी** बार आउट किया कुलदीप ने ग्लेन फिलिप्स को टी20I में। दोनों टी20I में तीन बार ही एक दूसरे के सामने आए है

**6 छठी** बार भारतीय क्रिकेट टीम ने टी20I में 200+ रन चेज किए। यह ऑस्ट्रेलिया (7 बार) के बाद सर्वाधिक है

**209 रन** चेज किए भारत ने। यह टी20I में भारत का संयुक्त सबसे बड़े चेज का रेकॉर्ड है

**स्कोरकार्ड**

**न्यूजीलैंड:** डेवॉन कॉन्वे को हार्दिक बो हर्षित 19, टीम सीफर्ट को ईशान बो वरुण 24, रचिन रविंद्र को अर्शदीप बो कुलदीप 44, ग्लेन फिलिप्स को हार्दिक बो कुलदीप 19, डेरिल मिचेल को हार्दिक बो दुबे 18, मार्क चैपमैन को अभिषेक बो हार्दिक 10, मिचेल सैंटनर नॉट आउट 47, जैक फाउलक्स नॉट आउट 15 **एक्स्ट्रा:** 12 **टोटल:** 20 ओवर्स में छह विकेट पर 208 रन **विकेट:** 1-43, 2-43, 3-98, 4-125, 5-129, 6-161 **बोलिंग:** अर्शदीप सिंह 4-0-53-0, हार्दिक पंड्या 3-0-25-1, हर्षित राणा 3-1-35-1, वरुण चक्रवर्ती 4-0-35-1, कुलदीप यादव 4-0-35-2, अभिषेक शर्मा 1-0-12-0, शिवम दुबे 1-0-7-1

**भारत:** संजू सैमसन को रचिन बो हेनरी 6, अभिषेक शर्मा को कॉन्वे बो डफी 0, ईशान किशन को हेनरी बो सोढ़ी 76, सूर्यकुमार यादव नॉट आउट 82, शिवम दुबे नॉट आउट 36 **एक्स्ट्रा:** 9 **टोटल:** 15.2 ओवर्स में तीन विकेट पर 209 रन **विकेट:** 1-6, 2-6, 3-128 **बोलिंग:** मैट हेनरी 3-0-41-1, जैकब डफी 4-0-38-1, जैक फॉक्स 3-067-0, मिचेल सैंटनर 2-0-27-0, ईश सोढ़ी 3-0-34-1, डेरिल मिचेल 0.2-0-2-0

# बांग्लादेश बोर्ड ने अब लगाई DRC के सामने गुहार

Social Media

टी20 वर्ल्ड कप 2026 में स्कॉटलैंड की एंट्री लगभग तय

■ **पीटीआइ, नई दिल्ली:** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) ने इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) की विवाद समाधान समिति (DRC) को पत्र लिखा है। उसने अपनी मैंस नैशनल टीम के टी20 वर्ल्ड कप मैच भारत में कराने के संचालन परिषद के फैसले को पलटने की मांग की है। हालांकि, यह अपील सुनी नहीं जाएगी क्योंकि यह मामला उप-समिति के अधिकार क्षेत्र से बाहर है। ICC ने भले ही स्कॉटलैंड को 'स्टैंडबाय' पर रखा हो, लेकिन पूरी तरह घिर जाने के बाद अमीनुल इस्लाम बुलबुल के नेतृत्व वाला BCB आखिरी विकल्प के तौर पर ICC की DRC के पास पहुंचा। इस समिति के अध्यक्ष इंग्लैंड के माइकल बेलॉफ हैं। BCB के एक सूत्र ने कहा, 'हां, BCB ने DRC का रुख किया है क्योंकि वह अपने सभी विकल्प आजमाना चाहता है। अगर DRC BCB के खिलाफ फैसला देती है तो फिर एकमात्र मंच स्विट्जरलैंड स्थित खेल पंचाट (CAS) ही बचेगा।'

**भारत में नहीं खेलने का मामला**

**अधिकार क्षेत्र में नहीं:** DRC के 'कार्यक्षेत्र और अधिकार' को देखा जाए तो यह साफ हो जाता है कि उसके पास ICC निदेशक मंडल के किसी फैसले के खिलाफ अपील सुनने का कोई अधिकार नहीं है। ICC निदेशक मंडल ने स्वतंत्र सुरक्षा आकलन के बाद 14-2 के भारी बहुमत से बांग्लादेश के मैच भारत में ही कराने के पक्ष में मतदान किया था। उस आकलन में सुरक्षा खतरे को 'कम से मध्यम' बताया गया था। इसके बावजूद नजरूल का कहना था कि यह फैसला BCB नहीं, बल्कि सरकार को लेना है। DRC के 'कार्यक्षेत्र और अधिकार' के अनुच्छेद 1.3 के अनुसार, 'समिति ICC या उसके तहत गठित किसी भी निर्णय लेने वाली संस्था के फैसलों के खिलाफ अपीलीय निकाय के रूप में कार्य नहीं करेगी।' ICC बोर्ड के सूत्र ने कहा, 'बांग्लादेश DRC के पास जा सकता है, लेकिन नियमों को देखें तो यह मामला सुना ही नहीं जा सकता'

**आज हो सकता है फैसला**

ICC के प्रमुख जय शाह नामीबिया (अंडर-19 वर्ल्ड कप) से दुबई लौट आए है और बांग्लादेश के संभावित विकल्प को लेकर औपचारिक फैसला शनिवार तक घोषित कर दिया जाएगा। सूत्रों के अनुसार ICC बोर्ड के सदस्य अमीनुल से काफी नाराज है। इस नाराजगी की वजह ICC को औपचारिक रूप से जानकारी देने से पहले बांग्लादेश सरकार की ओर से प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी गई। एक सूत्र ने कहा, 'आसिफ नजरुल से ICC को ज्यादा मतलब नहीं है, लेकिन बुलबुल को ICC को बताए बिना प्रेस कॉन्फ्रेंस की अनुमति नहीं देनी चाहिए थी।' ICC की DRC ब्रिटिश कानून के तहत काम करती है।

## हेंड्रिक्स के दो गोल से कलिंगा फाइनल में पहुंचा

■ **एजेंसियां, भुवनेश्वर:** अलेक्जेंडर हेंड्रिक्स के दो शानदार गोल की बदौलत वेदांता कलिंगा लांसर्स ने मेंस हॉकी इंडिया लीग के क्वालिफायर-1 में रांची रॉयल्स को 2-1 से हराकर फाइनल में जगह बना ली। रांची रॉयल्स ने आक्रामक शुरुआत की, लेकिन 12वें मिनट में हेंड्रिक्स ने पेनल्टी कॉर्नर पर ड्रैगफ्लिक से टीम को बढ़त दिलाई। दूसरे क्वॉर्टर में रांची ने बराबरी के लिए कई मौके बनाए, लेकिन लीग की सबसे मजबूत डिफेंस मानी जा रही लांसर्स ने बढ़त कायम रखी। तीसरे क्वॉर्टर में हेंड्रिक्स ने एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर स्कोर 2-0 कर दिया। रांची के लिए 40वें मिनट में मंदीप सिंह ने गोल कर वापसी की कोशिश की, लेकिन यह प्रयास नाकाफी साबित हुआ। अब रॉयल्स क्वालिफायर-2 में हैदराबाद तूफांस से भिड़ेंगे। तूफांस ने एलिमिनेटर में HIL GC (हॉकी इंडिया लीग गवर्निंग काउंसिल) को 2-0 से हराकर क्वालिफायर-2 में जगह पक्की की।

**हॉकी इंडिया लीग**

अलेक्जेंडर हेंड्रिक्स

## सरफराज का डबल, गिल फिर नहीं चले

■ **एजेंसियां, हैदराबाद:** सरफराज खान की 227 रन की शानदार पारी की बदौलत मुंबई ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप-डी मुकाबले में हैदराबाद पर मजबूत पकड़ बना ली है। मुंबई ने पहली पारी में 560 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। हैदराबाद ने दूसरे दिन स्टंप्स तक दो विकेट पर 138 रन बनाए थे। सरफराज ने दूसरे दिन 142 रन से आगे खेलते हुए 19 फोर और नौ सिक्स की मदद से सीजन का पहला दोहरा शतक जड़ा और मोहम्मद सिराज की अगुआई वाले आक्रमण पर दबदबा बनाया। हैदराबाद के राहुल गहलोत (82* रन) और कोडिमेला हिमातेजा (40* रन) ने तीसरे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी की।

**मुश्किल में दिल्ली:** ग्रुप-डी के एक अन्य मुकाबले में आयुष पांडे (161* रन) और अनुज तिवारी (108 रन) की सेंचुरी की बदौलत छत्तीसगढ़ ने दिल्ली पर 135 रन की पहली पारी की लीड हासिल कर ली है। स्टंप्स तक छत्तीसगढ़ ने दो विकेट पर 351 रन बना लिए हैं। दिल्ली अपनी पहली पारी में 216 रन पर आउट हो गई थी।

**पंजाब की करारी शिकस्त:** राजकोट में शुभमन गिल की लगातार दूसरी विफलता के बीच सौराष्ट्र ने पंजाब को 194 रन से करारी शिकस्त दी। पंजाब की टीम 320 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 125 रन पर सिमट गई। गिल दोनों पारियों में बाएं हाथ के स्पिनर पार्थ भूट का शिकार बने। पहली पारी में 0 पर आउट होने वाले गिल दूसरी पारी में 14 रन पर पविलियन लौट गए। भूट ने मैच में 10 विकेट लिए।

**रणजी का रण**

**यूपी का टॉप ऑर्डर बिखरा:** लखनऊ में एलीट ग्रुप-ए के मुकाबले में दूसरा दिन भी पूरी तरह झारखंड के नाम रहा। मेहमानों ने 561 रन बनाकर अपनी पहली पारी घोषित की। यूपी के माधव कौशिक (2), आर्यन जुयाल (4) और आदित्य शर्मा (2) सस्ते में पविलियन लौट गए। स्टंप्स तक यूपी ने 32 रनों में अपने तीन विकेट गंवा दिए। ओपनर अभिषेक गोस्वामी (14*) और शिवम शर्मा (8*) क्रीज पर थे। इससे पूर्व, शरणदीप (139) और कुमार कुशाग्र (102) शतक जड़े। फुलंग में खेले जा रहे एक अन्य मैच में असम को पहली में 247 रन पर समेटने के बाद युवराज सिंह (70) और अंकित कुमार (50) की बदौलत हरियाणा ने 164/3 का स्कोर बनाया।

Rama Moorthy P

मुंबई के सरफराज खान

## मिल्ने की जगह जेमीसन वर्ल्ड कप टीम में शामिल

■ **एजेंसियां, क्राइस्टचर्च:** न्यूजीलैंड ने एडम मिल्ने के चोटिल होने के कारण उनकी जगह पेसर काइल जेमीसन को अपनी टी20 वर्ल्ड कप टीम में शामिल किया है। मिल्ने बाईं हैमस्ट्रिंग में चोट के कारण इस अहम टूर्नामेंट से बाहर हो गए। मिल्ने को यह चोट पिछले संडे को एसए20 में सनराइजर्स ईस्टर्न केप और एमआई केपटाउन के बीच मैच के दौरान लगी। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने कहा कि स्कैन में इस चोट की गंभीरता सामने आई। न्यूजीलैंड के हेड कोच रॉब वॉल्टर ने कहा कि मिल्ने भारत दौरे पर टीम का हिस्सा नहीं थे क्योंकि वह टी20 वर्ल्ड कप के लिए तैयारी में जुटे थे।

**क्रिकेट कनेक्ट**

काइल जेमीसन

**अफरीदी ने की वापसी**

**कराची:** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सीरीज के लिए पेसर शाहीन शाह अफरीदी को टी20 टीम में शामिल किया है। अफरीदी के घुटने की चोट से वापसी और बाबर आजम के बिग बैश लीग से लौटने के अलावा इस महीने की शुरुआत में श्रीलंका के खिलाफ खेलने वाली टीम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। अफरीदी को ऑस्ट्रेलिया में बिग बैश लीग के दौरान फील्डिंग करते हुए घुटने में चोट लग गई थी और वह लाहौर के 'हाई परफॉर्मेंस सेंटर' में उपचार के लिए पाकिस्तान लौट आए थे।

## गुकेश के सामने होंगे अब्दुसत्तोरोव

**टाटा मास्टर्स चेस टूर्नामेंट**

■ **एजेंसियां, विज्क आन जी (नीदरलैंड्स):** पिछले मुकाबले में जीत से आत्मविश्वास हासिल करने वाले वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश टाटा स्टील मास्टर्स चेस टूर्नामेंट के छठे राउंड में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से भिड़ेंगे। गुकेश ने पांचवें राउंड में काले मोहरों से चेक रिपब्लिक के थाई दाई वान गुयेन को हराया था। अब्दुसत्तोरोव संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे हैं। गुकेश को लगातार दूसरे मुकाबले में काले मोहरों से खेलना होगा। तीन अंक लेकर गुकेश फिलहाल संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। वह अब्दुसत्तोरोव, सिंदारोव और अमेरिका के हंस नीमन से केवल आधा अंक पीछे हैं।



डी गुकेश

## अल्काराज, सबालेंका का कारवां चौथे राउंड में पहुंचा

■ **एजेंसियां, मेलबर्न:** दुनिया के नंबर-1 पुरुष टेनिस खिलाड़ी स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में खिताब की ओर अपना सफर मजबूती से आगे बढ़ाया। उन्होंने शुक्रवार को मैंस सिंगल्स के चौथे राउंड में जगह बनाई। बाईस साल के अल्काराज ने तीसरे राउंड में फ्रांस के कोरेंटिन माउटेट को 6-2, 6-4, 6-1 से हराया। यह अल्काराज का 100वां ग्रैंडस्लैम मुकाबला था और इस स्तर तक पहुंचने में उनके जीत-हार का रेकॉर्ड 87-13 का है। यह सिर्फ दिग्गज ब्योर्न बोर्ग से कम है। करियर ग्रैंडस्लैम की कोशिश में जुटे अल्काराज अब अमेरिकी खिलाड़ी टॉमी पॉल से भिड़ेंगे, जिन्हें एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना के चोट के कारण रिटायर होने से फायदा मिला।

**मुश्किल से जीतीं:** विमिंस सिंगल्स में शीर्ष वरीय आरिना सबालेंका को अनास्तासिया पोतापोवा से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। उन्होंने 7-6, 7-6 से जीत दर्ज करते हुए अंतिम-16 में जगह बनाई। सबालेंका चार साल में तीसरा ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीतने की कोशिश में हैं। मैंस सिंगल्स में डेनियल मेदवेदेव ने जबर्दस्त जुझारूपन दिखाते हुए दो सेट से पिछड़ने के बाद फैबियन मारोजसन को 6-7, 4-6, 7-5, 6-0, 6-3 से हराया। यह पांचवीं बार है जब मेदवेदेव ने ग्रैंडस्लैम में 0-2 से पिछड़ने के बाद जीत दर्ज की।

AP

स्पेन के कार्लोस अल्काराज

AO ऑस्ट्रेलियन ओपन

## सिंधु, लक्ष्य की हार से भारतीय चैलेंज खत्म

**इंडोनेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट**

■ **एजेंसियां, जकार्ता:** पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन अपने-अपने क्वॉर्टर फाइनल मुकाबलों में हारकर बाहर हो गए। इससे इंडोनेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती शुक्रवार को समाप्त हो गई। सिंधु को विमिंस सिंगल्स में चीन की शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व नंबर चार खिलाड़ी चेन यू फेई के खिलाफ 42 मिनट तक चले मुकाबले में 13-21, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। यू फेई के खिलाफ आमने-सामने के रेकॉर्ड में अब सिंधु 6-8 से पीछे हैं। सिंधु ने चीन की इस खिलाड़ी को आखिरी बार 2019 में हराया था। लक्ष्य को थाईलैंड के उभरते खिलाड़ी पनितफोन तीरारत्सकुल से कड़े मुकाबले में 18-21, 20-22 से हार मिली।

पीवी सिंधु

## फटाफट खबरें

**माने और साक्षी चमके**

■ **नई दिल्ली:** महाराष्ट्र की साक्षी सुनील पडेकर और रेलवे के शाहू तुषार माने ने नैशनल सिलेक्शन ट्रायल 1 और 2 (ग्रुप ए) में क्रमशः 10 मीटर एयर राइफल महिला और पुरुष स्पर्धाओं के फाइनल और क्वॉलिफिकेशन राउंड में नैशनल रेकॉर्ड से बेहतर स्कोर बनाया। साक्षी ने 254.3 अंक बनाए जबकि माने ने 637.1 का स्कोर किया।

**भारतीय टीम पूल बी में**

■ **नई दिल्ली:** भारत को हैदराबाद में होने वाले FIH विमिंस हॉकी वर्ल्ड कप क्वॉलिफायर में चार टीमों वाले पूल-बी में रखा गया है। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत आठ मार्च को उरुग्वे के खिलाफ करेगी। भारत इसके बाद स्कॉटलैंड और वेल्स से खेलेगा।

**क्रॉस कंट्री टीम का चयन**

■ **रांची:** भारतीय ऐथलेटिक्स संघ ने बताया कि शनिवार को यहां आयोजित होने वाली 60वीं राष्ट्रीय क्रॉस-कंट्री चैंपियनशिप एशियन क्रॉस-कंट्री चैंपियनशिप (जापान) के लिए सिलेक्शन टेस्ट का काम करेगी।

**THE ECONOMIC TIMES**

# कॉमन मैन की जरूरतों और जेब का रखना होगा खयाल!

Maneesh.Aggarwal@timesofindia.com

AI image



**बजट अलोकेशन (रु. में)**

| | |
|---|---|
| 2025 | 2.52 लाख करोड़ |
| 2024 | 2.41 लाख करोड़ |
| 2023 | 1.40 लाख करोड़ |

■ **नई दिल्ली:** सरकार की तमाम कोशिशों के बावजूद आम लोग अभी भी रेलवे सर्विस से परेशान हैं। इस बार के बजट में आम लोगों को उम्मीदें हैं कि सस्ती दरों में उन्हें भी बिना वेटिंग कन्फर्म टिकट के साथ ट्रेनों में सफर करने का अवसर मिल सकेगा। साथ ही प्रीमियम ट्रेन बनाने से पहले जरूरी है कि रेलवे ट्रैक भी अच्छे बनाए जाएं। ताकि उन पर ट्रेनें अपनी पूरी रफ्तार से दौड़ सकें।

आम लोगों को रेलवे से उम्मीद है कि रेलवे अपनी प्रीमियम ट्रेनों के साथ ही लोकल ट्रेनों को भी समय से चलाएगा। इसके अलावा रेलवे में एक बड़ी समस्या ट्रेनों के गंदा होने, खान-पीने की क्वॉलिटी अच्छी ना होने, ट्रेनों में पानी की बोतलों और अन्य चीजें खरीदने पर उनका एमआरपी से अधिक पैसा वसूलने, गंदे टॉयलेट और उनमें पानी खत्म होने समेत रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में यात्रियों के साथ होने वाली चोरी-चकारी और यदा-कदा होने वाली टक्करों को रोकने जैसे कदमों पर भी रेलवे को बड़े स्तर पर अभी भी काम करना होगा। रेल मंत्री अश्विनी ने साल 2026 को रेलवे के लिए रिफार्म ईयर बताया है। पिछले दिनों रेल मंत्री वैष्णव ने यह कहा भी था कि साल 2026 के 52 सप्ताह में हम 52 रिफार्म करेंगे।

**एक्सपर्ट की राय:** रेलवे की चेन्नै स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री से रिटायर्ड जीएम सुधांशु मणि का कहना है कि पहले कॉमन मैन की जेब, हितों और जरूरतों को ध्यान में रखते हुए रेलवे का बजट बनाया जाता था। लेकिन अब ऐसा कुछ नहीं है। सरकार रेलवे के बजट में पिछले कुछ साल से कुछ इजाफा नहीं कर रही है। मणि का कहना है कि प्रीमियम ट्रेन जरूर दीजिए, लेकिन आम लोगों की जेब और जरूरतों का भी खयाल रखिए।

## सरकारी GIC, नाबार्ड, RBI कर्मचारियों की बढ़ी सैलरी

AI image



■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** सरकारी जनरल इंश्योरेंस कंपनियों और नैशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चरल एंड रूरल डिवेलपमेंट (NABARD) के कर्मचारियों की वेतन बढ़ोतरी को सरकार ने मंजूरी दे दी है। साथ ही आरबीआई और नाबार्ड के पेंशनधारकों की पेंशन में बदलावों को भी मंजूरी दी गई है। इससे 46322 कर्मचारियों, 23570 पेंशनधारकों और 23260 फैमिली पेंशनर्स को फायदा होगा।

**पेंशन और फैमिली पेंशन में बढ़ोतरी को सरकार ने मंजूरी दी**

सरकारी जनरल इंश्योरेंस कंपनियों में वेज रिवीजन 1 अगस्त 2022 से प्रभावी माना जाएगा। इसके तहत मौजूदा मूल वेतन और महंगाई भत्ते में 14% बढ़ोतरी होगी। 1 अप्रैल 2010 के बाद जॉइन करने वालों के लिए NPS कॉन्ट्रिब्यूशन 10% से बढ़ाकर 14% होगा। वेज रिवीजन में सालाना कुल 8170.30 करोड़ रुपये जाएंगे। इसमें 5822 करोड़ एरियर के रूप में, 250 करोड़ NPS और 2097 करोड़ रुपये फैमिली पेंशन के मद में जाएंगे। नाबार्ड के मामले में वेज रिवीजन 1 नवंबर 2022 से प्रभावी होगा। ग्रुप ए, बी और सी के सभी कर्मचारियों के वेतन-भत्ते में करीब 20% बढ़ोतरी होगी। वेज रिवीजन में सालाना 170 करोड़ रुपये जाएंगे और 510 करोड़ रुपये एरियर पेमेंट में जाएंगे। RBI के मामले में पेंशन और फैमिली पेंशन को बेसिक पे प्लस डियरनेस अलाउंस का 10% बढ़ाने का फैसला किया है। यह बढ़ोतरी 1 नवंबर 2022 से प्रभावी मानी जाएगी।

## SUVs की आंधी में लग्जरी कारों का 'किंग खान'



मर्सिडीज-बेंज E-Class 220d
कीमत : 80.40 लाख रुपये
एक्स शोरूम

**ऑटो रिव्यू**
खालिद अमीन

■ **नई दिल्ली:** लग्जरी कारों की दुनिया में मर्सिडीज-बेंज E-Class की पहचान कुछ वैसी ही है जैसी बॉलीवुड में शाहरुख खान की। नई-नई SUVs की भीड़ में जहां हर तरफ ऊंची, बड़ी और भारी गाड़ियां छाई हुई हैं, वहीं E-Class आज भी अपनी शालीनता, क्लास और अलग अंदाज से लोगों का ध्यान खींच लेती है। इसमें ऐसी क्या खूबियां हैं जो इसे आज भी एक मजबूत खिलाड़ी बनाए हुए हैं और किन फीचर्स की कमी इसमें खलती है, जानिए इस टेस्ट ड्राइव रिपोर्ट में।

लुक्स और रोड प्रेजेंस के मामले में ई-क्लास किसी भी एसयूवी को टक्कर दे सकती है। केबिन की बात करें तो भी अंदर बैठते ही लग्जरी का अहसास होता है। केबिन में मर्सिडीज का नया 'सुपरस्क्रीन' दिया गया है। ड्राइवर के लिए 12.3 इंच, बीच में 14.4 इंच और पैसेंजर के लिए 12.3 इंच की स्क्रीन। सीटें चौड़ी, आरामदायक और लंबी यात्राओं के लिए बेहतरीन सपोर्ट देने वाली हैं। लेकिन ताज्जुब की बात है कि लगभग एक करोड़ कीमत वाली इस कार की सीटों में न तो वेंटिलेशन है और न ही मसाज सीटों का विकल्प दिया गया है।

E-Class की खास बात है कि यह चलाने में भी मजेदार रहती है और पीछे बैठकर भी राजाओं वाला कंफर्ट लिया जा सकता है। पिछली सीटें रिक्लाइन होती हैं, मल्टीज़ोन क्लाइमेट कंट्रोल, हेडरेस्ट पर कुशन मिलते हैं और बड़ा पैनोरमिक सनरूफ केबिन को हवादार बनाता है। 2.0 लीटर डीजल इंजन, 197hp की पावर और 440Nm टॉर्क देता है। पावर डिलिवरी मजेदार है। हाइवे पर हाई स्पीड ट्रैफिक में भी ओवरटेकिंग आराम से हो जाती है। 9-स्पीड ऑटोमैटिक गियरबॉक्स तुरंत सही गियर चुन लेता है और बिना झटके के कार आगे बढ़ जाती है।

माइलेज और रेंज डीजल का सबसे बड़ा फायदा है। एक टैंक में 1200 किमी से ज्यादा चल जाना बड़ी बात है। राइड क्वालिटी हमेशा की तरह शानदार है। सस्पेंशन खराब सड़कों को अच्छे से सोख लेता है और कार हर वक्त स्थिर महसूस होती है। ओवरऑल रिफाइनमेंट अच्छा है लेकिन स्टार्ट करते समय हल्की आवाज और वाइब्रेशन महसूस होती है, जो 3000rpm के बाद फिर सुनाई देने लगती है। कुल मिलाकर, मर्सिडीज E 220d आज भी एक बेहद आरामदायक, स्पेशियस और लॉन्ग-डिस्टेंस फ्रेंडली लग्जरी सेडान है और एसयूवीज की आंधी में भी अपनी इन खूबियों के दम पर जगह बनाए हुए है।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 24-01-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTL15 User: cci Time: 01-24-2026 00:35 Color:

NBT AI टाइम मशीन

## आज हम मना रहे नैशनल गर्ल चाइल्ड डे

आज देश नैशनल गर्ल चाइल्ड डे मना रहा है। इसकी पहल महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने 2008 में की थी। यह दिन बेटियों के अधिकारों और उनकी शिक्षा के प्रति संकल्प का प्रतीक है। इसका मुख्य उद्देश्य समाज में लिंग भेदभाव को खत्म करना और लड़कियों को समान अवसर मुहैया करना है। वर्तमान में देश के सेक्स रेशो में धीरे-धीरे सुधार दर्ज किया जा रहा है, जिसे सामाजिक जागरूकता का संकेत माना जा रहा है।

# NBT



कानपुर (कानपुर व लखनऊ से एक साथ प्रसारित)। शनिवार, 24 जनवरी 2026 > पेज 15

## भविष्य में जेंडर आधारित क्राइम घटेंगे

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में भारत में भ्रूण हत्या पर सख्ती, शिक्षा और सामाजिक चेतना से लड़कियों का भविष्य सुरक्षित होगा। लड़की सिर्फ संरक्षण की नहीं, नेतृत्व और निर्णय की भूमिका में होगी। शिक्षा, अर्थव्यवस्था, राजनीति और तकनीक में महिलाओं की समान भागीदारी दिखेगी। विवाह और परिवार की परिभाषा बदलेगी, जेंडर-आधारित अपराध घटेंगे और पुरुषों की भूमिका अधिक संवेदनशील होगी। संस्कृति, भाषा और कामकाज में बराबरी दिखेगी।

AI Images

## फटाफट खबरें

### जापान की PM ने भंग की संसद

■ एपी, तोक्यो: जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची ने शुक्रवार को संसद के निचले सदन को भंग कर दिया जिससे आठ फरवरी को मध्यावधि चुनाव कराए जाने का रास्ता साफ हो गया।

### अनिल अंबानी को SC से नोटिस

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने अनिल अंबानी और उनसे जुड़े कंपनियों के समूह ADAG को एक जनहित याचिका पर शुक्रवार को नोटिस जारी किए। याचिका में कथित बैंकिंग और कॉरपोरेट फ्रॉड की कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग की गई है। इस पर कोर्ट ने CBI और ED से जांच पर 10 दिन में सीलबंद स्टेटस रिपोर्ट मांगी है।

### 23 अप्रैल को खुलेंगे बदरीनाथ के कपाट

■ भाषा, देहरादून: उत्तराखंड में बदरीनाथ मंदिर के कपाट इस वर्ष 23 अप्रैल को श्रद्धालुओं के लिए फिर खोल दिए जाएंगे। गंगोत्री और यमुनोत्री मंदिर के कपाट 19 अप्रैल को खोले जाएंगे जबकि केदारनाथ धाम के कपाट खोले जाने की तिथि महाशिवरात्रि पर घोषित की जाएगी।

### जैश-ए-मोहम्मद का आतंकी ढेर

■ भाषा, जम्मू: जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में शुक्रवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद (जैईएम) का कमांडर उस्मान मारा गया। उसके पास एम4 स्वचालित राइफल सहित भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किया गया।

### उज्जैन में फिर तनाव, तोड़फोड़, पथराव

■ आईएएनएस, उज्जैन : मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले के तराना कस्बे में शुक्रवार को एक बार फिर तनाव फैल गया। जुमे की नमाज के बाद भीड़ ने दो बसों में आग लगा दी, दुकानों में तोड़फोड़ की और कई जगहों पर पथराव किया। इस मामले में छह लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। इनमें से पांच को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# ट्रंप के हाथ पर कैसा निशान, एस्पिरिन का असर या चोट?

■ एएफपी, वॉशिंगटन

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के हाथ पर पड़े नए नीले निशानों की तस्वीरों ने एक बार फिर उनकी सेहत को लेकर सवाल खड़े किए हैं। ये तस्वीरें गुरुवार को सामने आईं, जब ट्रंप स्विट्जरलैंड के दावोस में वर्ल्ड इकॉनमिक फोरम में मौजूद थे। हालांकि, वाइट हाउस ने इन अटकलों को खारिज करते हुए कहा है कि ट्रंप का हाथ एक मेज से टकरा गया था। 79 साल के ट्रंप के दाहिने हाथ पर पहले भी कई बार नीले निशान देखे गए हैं।

> ट्रंप ने एक इंटरव्यू में कहा था कि दवा की ओवरडोज ले रहे हैं

इस साल के शुरुआत में वॉल स्ट्रीट जर्नल को दिए इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा था कि वह 'एस्पिरिन' का हेवी डोज लेते हैं और उसके साइड इफेक्ट्स की वजह से ऐसा हुआ है। NYT की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप तय मात्रा से करीब 4 गुना ज्यादा यानी 325 मिलीग्राम एस्पिरिन ले रहे हैं। ट्रंप ने खुद बताया था कि वह डॉक्टरों के सलाह को नजरअंदाज कर ज्यादा एस्पिरिन ले रहे हैं। उन्होंने कहा, 'डॉक्टरों ने मुझे कहा कि आपको यह लेने की जरूरत नहीं है, पर मैं कोई रिस्क नहीं लेना चाहता।'



> राष्ट्रपति ट्रंप का हाथ एक मेज से टकरा गया था, जिससे हल्की चोट लगी है।
> -वाइट हाउस

## खून पतला करने वाली दवा के इफेक्ट- हल्के दबाव से भी बन जाते हैं निशान

Rahul.Anand
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: हार्ट अटैक आने के बाद आमतौर पर खून पतला करने वाली दवा एस्पिरिन लेने की सलाह दी जाती है। इस दवा की वजह से 95% मामलों में कोई निशान नहीं बनते। एक भारतीय प्रेसिडेंट के हाथ में भी ऐसे निशान बनते थे। डॉक्टरों ने उन्हें ग्लव्स पहनने की सलाह दी थी। देश के 3 प्रेसिडेंट के फिजिशन रहे गंगाराम हॉस्पिटल के डॉक्टर एम. वली ने बताया कि हार्ट अटैक आने के बाद प्रिवेंशन के लिए यह दवा दी जाती है। सीके बिरला हॉस्पिटल के इंटरनल मेडिसिन की डॉ. मनीषा अरोड़ा ने कहा कि एस्पिरिन एक एंटी-प्लेटलेट दवा है, जो खून के प्लेटलेट्स को आपस में चिपकने से रोकती है। इसकी वजह से खून जमने की प्रक्रिया धीमी हो जाती है। इसके साइड इफेक्ट के तौर पर हल्की चोट या दबाव से भी निशान बन सकते हैं।





AI Image

### हाई डोज से क्या खतरे



■ पहले खून पतला के लिए एस्पी 625mg दी जाती थी। इसका इस्तेमाल अब नहीं होता है। इसमें गैस्ट्रो संबंधी साइड इफेक्ट्स होते थे। पेट में ब्लीडिंग का खतरा रहता था।

■ डॉक्टर एम. वली ने कहा कि एस्पिरिन अब पेट में नहीं खुलती है। यह अब आंत में जाकर घुलती है, इस वजह से भी साइड इफेक्ट कम होता है।

### कितनी डोज जरूरी

■ भारत में 75mg और 150mg की दवा लेने की सलाह दी जाती है।
■ कई देशों में इस दवा की डोज 300mg तक होती है।
■ अमेरिका में 80mg से 160mg और 325mg तक की डोज लेने की सलाह डॉक्टर देते हैं।
■ अमेरिका में हाई डोज स्ट्रोक से बचाव के लिए दिया जाता है।
■ डॉक्टर ने जितनी डोज लेने की सलाह दी है, उतनी ही लेनी चाहिए।

### कौन दवा न ले

■ डॉक्टर मनीषा अरोड़ा ने कहा कि असली चिंता यह है कि एस्पिरिन किस वजह से और किस जरूरत में ली जा रही है।
■ जिन लोगों को पहले कभी हार्ट डिजीज, स्ट्रोक नहीं हुआ है या जिनमें हार्ट की बीमारी के दो से ज्यादा जोखिम नहीं है, उनके लिए रोजाना एस्पिरिन लेना ठीक नहीं है।
■ अगर हार्ट का जोखिम नहीं है, भले ही उन्हें डायबिटीज हो तो भी आमतौर पर इस दवा की सलाह नहीं दी जाती है।
■ बगैर जोखिम या डॉक्टर की सलाह के इस दवा के खाने के नुकसान फायदे से कहीं ज्यादा हो सकते हैं।

# ईरान में 5 हज़ार मौतें? ट्रंप बोले- हमारी सेना बढ़ रही

## US संस्था का दावा- मौत का आंकड़ा बढ़ेगा, 2 हफ्ते से नेट बंद

■ एपी, दुबई

**पूरे ईरान** में हुए विरोध प्रदर्शन में सरकार की कार्रवाई में मारे गए लोगों की संख्या 5 हजार से ज्यादा हो गई है। अमेरिका के मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने दावा किया कि इंटरनेट बंद होने की वजह से यह आंकड़ा और बढ़ सकता है। इस बीच, अमेरिका और ईरान के बीच तनाव और गहराता जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कहा कि एक विशाल नौसैनिक बेड़ा ईरान की ओर बढ़ रहा है।

ईरान से जानकारी जुटाने में सबसे बड़ी बाधा 8 जनवरी से बंद किया गया इंटरनेट है। इंटरनैशनल कॉल्स भी काफी हद तक रोक दी गई है। न्यू यॉर्क स्थित थिंक टैंक सूफान सेंटर ने अपने एनालिसिस में कहा है कि सैन्य जमावड़ा ट्रंप को सीमित हमलों का विकल्प दे सकता है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि केवल एयरस्ट्राइक से ईरानी शासन को गिराना संभव नहीं है। ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी के अनुसार, मारे गए लोगों में 4,716 प्रदर्शनकारी थे, 203 सरकार से जुड़े लोग थे, 43 बच्चे थे और 40 ऐसे नागरिक थे जो सीधे प्रदर्शन में शामिल नहीं थे। संगठन का कहना है कि अब तक 26,800 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया जा चुका है।

> मारे गए लोगों में 203 लोग सरकार से जुड़े थे और 43 बच्चे भी मारे गए हैं

### विमानवाहक पोत हिंद महासागर की ओर

सैन्य मोर्चे पर अमेरिका ने विमानवाहक पोत USS अब्राहम लिंकन और उससे जुड़े युद्धपोतों को दक्षिण चीन सागर से हिंद महासागर की ओर बढ़ाया है। ट्रंप ने गुरुवार को एयर फोर्स वन में कहा कि ये जहाज जरूरत पड़ने पर कार्रवाई के लिए भेजे गए हैं। अमेरिकी नौसेना के एक अधिकारी ने गुरुवार को कहा कि लिंकन स्ट्राइक ग्रुप हिंद महासागर में है। ब्रिटेन ने भी क्षेत्रीय तनाव का हवाला देते हुए कतर के साथ अपने संयुक्त यूरोफाइटर टाइफून स्क्वाड्रन की तैनाती की पुष्टि की है। इसी बीच ईरान ने अर्धसैनिक रिवोल्यूशनरी गार्ड के वार्षिक कार्यक्रम डे ऑफ द गार्डियन के मौके पर अपनी सैन्य ताकत का प्रदर्शन किया। सरकारी टीवी पर कार्यक्रम के दौरान शाहिद ड्रोन दिखाए गए, जिनका इस्तेमाल रूस यूक्रेन युद्ध में कर चुका है। कार्यक्रम में शामिल एक सुरक्षा कर्मी ने हिब्रू भाषा में इस्राइल को धमकी देते हुए कहा, 'आपके सोचने से भी ज्यादा करीब हैं हम।' वहीं, ब्रिटेन ने कहा कि 12 स्क्वाड्रन को क्षेत्रीय तनाव को देखते हुए फारस की खाड़ी में तैनात किया गया है।

> अमेरिकी विमानवाहक पोत USS अब्राहम लिंकन आगे बढ़ रहा है





### ईरान सरकार ने माना 3,117 लोगों की मौत

ईरान सरकार ने पहली बार बुधवार को मौतों का आधिकारिक आंकड़ा जारी किया था, जिसमें 3,117 लोगों के मारे जाने की बात कही गई। सरकार का दावा है कि इनमें से 2,427 नागरिक और सुरक्षा बल थे, जबकि बाकी को आतंकवादी बताया गया। अतीत में ईरान पर ऐसे आंदोलनों में मौतों को कम करके दिखाने या आंकड़े छिपाने के आरोप लगते रहे हैं। ईरान की सरकारी मीडिया लगातार प्रदर्शनकारियों को दंगाई बताकर उन्हें अमेरिका और इस्राइल से प्रेरित बता रहा है, हालांकि इसके समर्थन में कोई ठोस सबूत पेश नहीं किए गए हैं।

### ट्रंप बोले, फांसी रुकवाई, ईरान ने बताया झूठ

ईरान के अटॉर्नी जनरल और अन्य लोगों ने हिरासत में लिए गए कुछ लोगों को मोहारेब या अल्लाह का दुश्मन कहा है। इस आरोप में मौत की सजा का प्रावधान है। इसका इस्तेमाल 1988 में बड़े पैमाने पर फांसी देने के लिए किया गया था, जिसमें कथित तौर पर कम से कम 5,000 लोग मारे गए थे। ट्रंप ने कई बार दावा किया है कि उनके हस्तक्षेप से 800 कैदियों की फांसी रुक गई, लेकिन ईरान के शीर्ष अभियोजक मोहम्मद मोवाहेदी ने इस दावे को झूठा बताया है।

# 'यूनुस प्रशासन ने भारत संग रिश्तों को नुकसान पहुंचाया'

Alpyu.Singh@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने भारत और बांग्लादेश के बीच संबंधों की असहजता का ठीकरा यूनुस प्रशासन पर फोड़ा है। **एनबीटी** से खास बातचीत में हसीना ने कहा कि बांग्लादेश में भारतीय मिशनों पर भीड़ की घेराबंदी, प्रदर्शन और राजनयिक प्रतिनिधियों को डराने धमकाने की छूट दी गई। कट्टरपंथियों को शह दिए जाने और तुष्टीकरण की नीति ने मौजूदा माहौल खड़ा किया है, जिसकी वजह से द्विपक्षीय संबंधों को खासा नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा उन्होंने वहां अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रहे हमलों पर भी चिंता जताई। हसीना ने कहा कि यूनुस प्रशासन के तहत बांग्लादेश के विविधतापूर्ण समाज को चुनौती मिल रही है। जिसकी वजह से हिंदुओं, बौद्ध, ईसाइयों और अहमदी मुसलमानों के खिलाफ चिंताजनक घटनाएं हो रही हैं।

बांग्लादेश में 12 फरवरी को होने वाले चुनावों पर हसीना ने कहा कि वहां जो लोग बिना जमात या बीएनपी के नॉमिनेशन फॉर्म खरीद रहे हैं, उन्हें पुलिस गिरफ्तार कर रही है। उन्हें उम्मीद है कि भविष्य में जब बांग्लादेश में लोकतांत्रिक सरकार और कानून का शासन लौटेगा, तब दोनों देशों के रिश्ते पहले की तरह सहयोगात्मक हो जाएंगे।

**Q हाल ही में BNP अध्यक्ष बने तारिक रहमान की बांग्लादेश वापसी को कैसे देखती हैं?**

बांग्लादेश के लोगों को ये याद रखना चाहिए कि तारिक रहमान लंदन में निर्वासित तौर पर कई साल तक रहे। वह आम लोगों की रोज की परेशानियों से कोसों दूर थे। देश से वह भागे, क्योंकि उन्होंने अपनी स्वर्गीय मां और पूर्व पीएम खालिदा जिया की पब्लिक फंड गबन करने में मदद की थी। उनकी उसमें भूमिका थी। ये राजनीतिक असहमति का मसला नहीं, जवाबदेही का है। BNP लीडरशिप ने अपने हितों की वजह से कट्टरपंथी तत्वों के साथ करीबी दिखाई है। लोकतांत्रिक विकल्प के बजाय BNP ने बहिष्करण, डराना धमकाना और अवसरवादिता को चुना। बांग्लादेश को ऐसी सरकार चाहिए जो देश के भीतर से आए, विविधता का सम्मान करे और लोगों के प्रति जवाबदेह हो। ऐसी नहीं, जो बाहर रहकर कट्टरपंथी ताकतों से मिल कर सत्ता की जुगत में लगे।

**Q फरवरी में होने वाले चुनाव की संभावनाओं पर सवाल उठ रहे, आपकी पार्टी की भागीदारी पर भी प्रश्न है?**

सवाल ये नहीं है कि चुनाव होंगे कि नहीं, सवाल ये है कि क्या ये वैध तरीके से होंगे। लोकतांत्रिक विकल्पों से विहीन चुनाव केवल नाम का चुनाव होता है। बांग्लादेश की मौजूदा सरकार को लोगों ने नहीं चुना है। इसने खुद को देश का संविधान फिर से लिखने और कानून में संशोधन कर देश के सबसे लोकप्रिय दल को चुनाव में हिस्सा लेने से वंचित के लिए नियुक्त किया है। अगर अवामी लीग को चुनाव लड़ने दिया जाए तो देश के आधे से ज्यादातर वोटर हमारे पक्ष में वोट करेंगे। इसी डर की वजह से उन्होंने हमें बैन किया है। एक बिना चुनी सरकार के प्रमुख को अवामी लीग को बैन करने का क्या हक है? जबकि हमारे दल को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से 9 बार चुनकर सरकार में भेजा है। अभी राजनीतिक उत्पीड़न के चलते वैध राजनीतिक दलों ने कदम पीछे कर लिए हैं, जमात और BNP की मंजूरी के बिना नामांकन पत्र खरीदने वालों को पुलिस अरेस्ट कर रही है।

**Q अल्पसंख्यकों पर हमलों के पीछे भारत ने कहा कि इन सबके पीछे एक पैटर्न है, आप क्या कहेंगी?**

एक सरकार की मूल जिम्मेदारी अपने नागरिकों को बचाना है। अंतरिम सरकार ना सिर्फ इस उद्देश्य में नाकाम रही है, बल्कि इस दमन को सक्रिय तौर पर शह दे रही है। मेरी सरकार के दौरान जिन कट्टरपंथी समूहों को काबू करने में इतनी मेहनत करनी पड़ी थी, वे अब ताकतवर और प्रभुत्वशाली हो गए हैं। उनमें से कई अपराधी, आतंकी संगठनों से संबंध रखते हैं। उन्हें कट्टरपंथी विचारधारा फैलाने की इजाजत दी गई है। इससे कि बांग्लादेश की विविधता को चुनौती मिल रही है। शांतिपूर्ण हिंदुओं, बौद्ध, ईसाइयों और अहमदी मुसलमानों के खिलाफ हिंसा की घटनाएं की हो रही हैं। बांग्लादेश में मौजूदा माहौल कट्टरपंथी ताकतों के प्रति तुष्टिकरण का नतीजा है।

**Q भारत बांग्लादेश में शांति कायम करने में किस तरह मददगार साबित हो सकता है?**

भारत के लोगों से मिले समर्थन को लेकर मैं शुक्रगुजार हूं। भारत सरकार ने यूनुस प्रशासन में आम हो चुकी मानवाधिकार हनन की घटनाएं और राजनीतिक दमन की साफ तौर पर आलोचना की है। अल्पसंख्यक समुदायों को रोज हिंसा का सामना करना पड़ रहा है। राजनीतिक कारावास नया मानदंड बन चुका है। ढाका से असहज बयानबाजी हो रही है। ऐसे में भारत सरकार ये जानती है कि दोनों देशों की समृद्धि आपस में जुड़ी हुई है। उम्मीद है जैसे ही वहां लोकतांत्रिक शासन और कानून का शासन लौटेगा, तो दोनों महान देश फिर नजदीकी से एकसाथ काम करेंगे।

**Q द्विपक्षीय संबंधों का भविष्य कहां देखती हैं आप?**

भारत बांग्लादेश का सबसे नजदीकी दोस्त और लंबे समय का साझेदार रहा है। यूनुस प्रशासन की ओर से अल्पसंख्यकों के ऊपर खुलेआम निशाना साधने की छूट देने की वजह से इस संबंध को खासा नुकसान पहुंचा है। भारतीय मिशनों की घेराबंदी और राजनयिक प्रतिनिधियों को धमकाने की छूट दी गई, ये उस प्रशासन के तहत हो रहा है, जिसके पास ना तो अनुभव है और ना ही बांग्लादेश की विदेश नीति के संचालन का जनादेश। भारत को एक विश्वसनीय साझेदार की जरूरत है। हमें एक ऐसे दोस्त की तरह लौटना होगा, जिस पर हमारे पड़ोसी विश्वास कर पाएं। भारत का धैर्य तारीफ के लायक है।

**Q आपके बच्चों को अब फ्रंटलाइन पॉलिटिक्स में आना चाहिए क्या?**

अवामी लीग किसी एक परिवार की कभी नहीं रही। ये लाखों बांग्लादेशी लोगों की पार्टी है, जो लोकतंत्र, आजादी और सहिष्णुता में विश्वास रखते हैं। ये लोग 1971 के मूल्यों के बारे में विश्वास करते रहे हैं। हमारी सरकार ने लाखों को गरीबी से निकाला है। महिलाओं का सशक्तिकरण किया। ऐसी इकॉनमी सामने रखी जो 7 % की रफ्तार से बढ़ी है। सभी समुदाय के लोगों के लिए शांतिपूर्ण माहौल कायम किया। ये सबकुछ हमारे दल, कार्यकर्ता और बांग्लादेश के लोगों से जुड़ा है। जनता ने 9 बार हम पर विश्वास किया। हम भविष्य में भी उनकी सेवा, सत्ता और विपक्ष दोनों में करने के लिए तैयार हैं। एक सरकार की मूल जिम्मेदारी अपने नागरिकों को बचाना है। अंतरिम सरकार ना सिर्फ इस उद्देश्य में नाकाम रही है, बल्कि इस दमन को सक्रिय तौर पर शह दे रही है। मेरी सरकार के दौरान जिन कट्टरपंथी समूहों को काबू करने में इतनी मेहनत करनी पड़ी थी, वे अब ताकतवर और प्रभुत्वशाली हो गए हैं।

# कनाडाई PM के बयान से ट्रंप नाराज़, गाज़ा पीस बोर्ड का न्योता छीना

■ एएफपी, मॉन्ट्रियल (कनाडा)

**अमेरिका और** कनाडा के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने गुरुवार को कहा कि कनाडा अमेरिका के रहम पर जिंदा नहीं है। कनाडा इसलिए फलता-फूलता है, क्योंकि हम कनाडाई हैं। कार्नी का यह बयान दावोस में वर्ल्ड इकॉनमिक फोरम में ट्रंप के उस भड़काऊ बयान पर पलटवार माना जा रहा है, जिसमें ट्रंप ने कहा था कि 'कनाडा का अस्तित्व अमेरिका की वजह से है।' क्यूबेक सिटी में नए संसदीय सत्र से पहले राष्ट्र को संबोधित करते हुए कार्नी ने यह बयान दिया। हालांकि उन्होंने दोनों देशों के बीच असाधारण साझेदारी को भी स्वीकार किया। कार्नी के बयान के कुछ ही देर बाद ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल प्लैटफॉर्म पर प्रतिक्रिया देते हुए कनाडा को 'बोर्ड ऑफ पीस' में शामिल होने का निमंत्रण वापस लेने की घोषणा की।

> ट्रंप के दावोस में दिए गए भड़काऊ बयान पर कार्नी ने किया पलटवार

**वैश्विक व्यवस्था में दरारों पर खुलकर की थी बात** । दावोस में अपने भाषण में कार्नी ने अमेरिका के नेतृत्व वाली वैश्विक व्यवस्था में आ रही दरारों की खुलकर बात की थी। उन्होंने कहा था कि अब दुनिया एक नए दौर में प्रवेश कर चुकी है और केवल अमेरिका के साथ तालमेल बैठाने से देशों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं होगी। इस भाषण को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काफी सराहना मिली थी। ट्रंप ने इस पर नाराजगी जताते हुए अगले दिन अपने भाषण में कार्नी पर तंज कसा और कहा, 'मैंने आपके प्रधानमंत्री को देखा, वह ज्यादा आभारी नहीं लगे। कनाडा अमेरिका की वजह से ही है।'



कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी

### जेपी मॉर्गन पर ट्रंप ने दायर किया मुकदमा

■ एपी, न्यू यॉर्क: अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने बैंकिंग क्षेत्र की दिग्गज जेपी मॉर्गन चेस और उसके CEO जैमी डिमॉन पर 5 अरब डॉलर का मुकदमा दायर किया है। ट्रंप का आरोप है कि जनवरी 2021 में उनके पद छोड़ने के बाद जेपी मॉर्गन ने राजनीतिक कारणों से उन्हें और उनके व्यवसायों को बैंकिंग सेवाएं देना बंद कर दिया था। फ्लोरिडा के मियामी-डेड काउंटी कोर्ट में दायर मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि फरवरी 2021 उनके अकाउंट बंद किए गए थे।

# ईयू समिट 27 को, डिफेंस सिक्योरिटी मुद्दों पर चर्चा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**यूरोपीय यूनियन** (ईयू) का मानना है कि 27 जनवरी को होने वाली भारत-ईयू समिट दोनों पक्षों के संबंधों में एक नया अध्याय शुरू करेगी। समिट से पहले भारत को ईयू का एक अहम साझेदार बताया गया।

हालांकि, इस दौरान ईयू की ओर से दोनों पक्षों के बीच होने वाली फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (FTA) को लेकर ज्यादा डिटेल नहीं दी गई। सूत्रों के मुताबिक, इस डील के बाद दोनों ही ओर से टैरिफ में कमी आएगी। समिट में मोबिलिटी करार पर भी सहमति बन सकती है। इस करार में छात्रों, कामगारों जैसी विशिष्ट श्रेणियों के लोगों को भी फायदा मिल सकती है। समिट में दोनों पक्षों के बीच सुरक्षा और डिफेंस में और ज्यादा सहयोग और बहुपक्षवाद का समर्थन जैसे आयाम भी सामने आएंगे। इंडिया मिडिल ईस्ट यूरोप कॉरिडोर (IMEC) पर कहा कि दोनों पक्ष इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

File



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ ईयू की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन

# रूस, यूक्रेन और US की पहली बार शांति पर बात

■ एपी, दावोस (स्विट्जरलैंड)

**यूक्रेन के** राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि अबू धाबी में रूस और अमेरिका के साथ होने वाली बैठक में यूक्रेन के पूर्वी डोनबास क्षेत्र का भविष्य एक प्रमुख मुद्दा होगा।

यूक्रेन, रूस और अमेरिका के वार्ताकार शुक्रवार को करीब 4 साल से जारी युद्ध को खत्म कराने के लिए अबू धाबी में बैठक करने के लिए जुटे। इससे पहले, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के दूतों के साथ रातभर चली लंबी बातचीत के दौरान यूक्रेन में समझौते पर चर्चा करने के कुछ घंटों बाद त्रिपक्षीय वार्ता हुई।

रूसी राष्ट्रपति भवन 'क्रेमलिन' ने कहा कि शांति समझौते तक पहुंचने के लिए, कीव को पूर्व में डोनबास समेत उन क्षेत्रों से अपनी सेना वापस बुलानी होगी जिन्हें रूस ने अपने कब्जे में ले लिया था लेकिन कभी भी पूरी तरह से कब्जा नहीं किया था।

File

रूस के राष्ट्रपति पुतिन से मॉस्को में US दूत स्टीव विटकॉफ मिले।

## अब फोटो छपवाने का मौका भी

### खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1. ट्रंप ने किस बैंक पर फ्लोरिडा के कोर्ट में मुकदमा दायर किया है?
A. जेपी मॉर्गन चेस B. बैंक ऑफ न्यू यॉर्क C. यूएस बैंक

2. जापान की पीएम ने शुक्रवार को संसद के निचले सदन को भंग कर दिया, उनका क्या नाम है?
A. मत्सुकाता मासायोशी
B. साने ताकाइची
C. इतो हिरोबुमी

3. बांग्लादेश की पार्टी BNP के राष्ट्रीय अध्यक्ष का क्या नाम है?
A. तारिक रहमान B. शेख हसीना
C. मोहम्मद यूनुस

4. अमेरिकी शेयर बाजार रेगुलेटर SEC ने किस भारतीय उद्योगपति को ईमेल से समन भेजने की कोर्ट से अनुमति मांगी है?
A. राहुल तक B. अनिल अंबानी
C. गौतम अडाणी

5. कार्तिगई दीपम विवाद किस राज्य से जुड़ा है?
A. केरल B. गोवा C. तमिलनाडु

**कल के जवाब**

A1 C. क्वेटा A2 A. बांग्लादेश A3 A. मध्य प्रदेश A4 C. मणिपुर A5 B. मेटे फ्रेडरिकसन

**लकी विनर्स**



1. अर्जुन सिंह रघुनाथ, दिल्ली
2. बीना गर्ग, दिल्ली
3. प्रवीण कुमार झा, नोएडा

**ऐसे भेजें अपने जवाब**

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 24-01-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLBP User: vivek.kumar4 Time: 01-23-2026 22:32 Color:

DELL Technologies

Intel® Core™
Ultra 7 processor

intel CORE ULTRA 7

REPUBLIC DAY OFFERS

# Deals worth celebrating.

Own a Dell laptop starting at **₹1,999**/month*.

Dell 16 Plus

Dell 14 Plus

Get more done, faster. | Stay unplugged longer.

Accidental Damage Protection starting at ₹299*

Cashback up to ₹10,000*

HDFC BANK

Warranty upgrades starting at ₹299*

Visit your nearest Dell authorized store

89298 75365

Log on to www.dellstore.com

*Featured offers are applicable on selected products and valid until 30 January 2026 in selected authorized stores only. For more details, visit https://www.dellretailstores.in/. Get a Dell laptop starting at ₹1,999* is applicable on Dell 15 laptop (ODC1525002001RINB1). Mentioned offers may vary from store to store. Please visit the store for applicable offers. Terms and conditions apply. All sales and offers are subject to Dell Technologies' terms and conditions. While efforts are made to check pricing, offer and other errors, inadvertent errors do occur from time to time, and Dell Technologies reserves the right to decline sales or offers arising from such errors. Trademarks: Dell Technologies and Inspiron are trademarks of Dell Technologies Inc. Intel and Intel Evo are trademarks of Intel Inc. while other trademarks are the property of their respective owners. Copyright: © 2026 Dell Technologies Inc. All rights reserved. Images / Products shown are for illustration purposes, prices, specs, and features may vary depending on the configuration.

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 24-01-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLJKT2 User: vivek.kumar4 Time: 01-23-2026 22:32 Color:

@createwithvarun

# Half Price Sale

**15%-50% OFF ON ENTIRE COLLECTION. 23rd-26th JANUARY**

**Lucknow :** Flagship Store at Phoenix Palassio, Ph. 7428235090 | Lulu Mall, Ph. 8383945743 | Factory Outlet at Phoenix United Mall, Alambagh, Ph. 8383056610
**Kanpur :** Z Square Mall, Ph: 9354145579 | **Prayagraj :** S.P. Marg, Civil Lines, Ph. 9238578455 | **Bareilly :** Phoenix United Mall

**Flagship Stores Now Open at Omaxe Mall, Chandni Chowk, Delhi | MG Road, Agra | Sigra Chauraha, Varanasi | Luxury Boutique at Unity One Elegante, NSP, Delhi**

Delhi NCR | Agra | Bangalore | Chandigarh | Dehradun | Haldwani | Indore | Jaipur | Jammu | Jodhpur | Meerut | Pune | Udaipur | Varanasi

See our Exclusive Luxury Collection, visit our VIP Room at Phoenix Palassio

Open all days | customer care: +91 9310884100

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 24-01-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLFP User: cci Time: 01-24-2026 00:26 Color:

कानपुर (कानपुर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित) › शनिवार, 24 जनवरी 2026 › माघ 4, शक संवत 1947, माघ शुक्ल षष्ठी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG पेज 22*› मूल्य सिर्फ ₹6.00 facebook.com/nbtlucknow›twitter.com/nbtlucknow Vol 8 no 24

NBT
नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

'यूनुस प्रशासन ने भारत संग रिश्तों को नुकसान पहुंचाया'

▸p15

ईशान-सूर्या का तूफान, भारत 7 विकेट से जीता

▸p14

खबरों के अंदर की बात
NBT Lens
देखें पेज 5

WPL आज का मैच
दिल्ली कैपिटल्स vs रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
7:30pm से, वडोदरा में
टेलिकास्ट स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

## भोजशाला में पूजा, नमाज साथ-साथ

एमपी में धार की भोजशाला में वसंत पंचमी पर मां वाग्देवी की पूजा और जुमे की नमाज साथ-साथ करवाई गई। शुक्रवार सुबह 6 बजे हिंदू समाज ने सरस्वती पूजन शुरू कर दिया, जो सूर्यास्त तक चला। दोपहर में एक से तीन बजे तक 15 लोगों ने नमाज अदा की।

### हैपी मॉर्निंग

**सोनू, मोनू से :** एक कॉकरोच जा रहा था उसने गाना सुना और वह मर गया? पूछो क्यों?
**मोनू :** क्यों?
**सोनू :** क्योंकि गाना हिट था।

*18+4 Lucknow Times

सोना लॉकर में सो रहा है?
सोना लीज़ पर दें
प्रति वर्ष 5% तक अधिक सोना पाएं
myGold
For more details: +91-90 4445 4178

# टूटा शेयर बाज़ार, एक दिन में निवेशकों के ₹5.7 लाख करोड़ डूबे

## अदाणी पर SEC के ऐक्शन का दिखा असर

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

भारतीय शेयर शुक्रवार को भारी गिरावट के साथ बंद हुए। एशियाई बाजारों से अच्छे संकेतों और जियो-पॉलिटिकल चिंताओं में कमी के बावजूद सेंसेक्स और निफ्टी दोनों करीब 1% गिर गए। इससे निवेशकों की पूंजी भी 5.7 लाख करोड़ रुपये घट गई। विदेशी निवेशकों की बड़े पैमाने पर बिकवाली और डॉलर के मुकाबले रुपये का रेकॉर्ड निचले स्तर से बाजार पर दबाव बना। अदाणी ग्रुप के शेयरों में अचानक आई भारी गिरावट ने भी बाजार को तेजी से नीचे की ओर खींचा।

खबरों के मुताबिक, अमेरिकी शेयर बाजार के रेगुलेटर यूएस सिक्यॉरिटीज ऐंड एक्सचेंज कमिशन (SEC) ने गौतम अदाणी और उनके भतीजे सागर अदाणी को ईमेल से समन भेजने की कोर्ट से अनुमति मांगी है। इससे निवेशकों में घबराहट फैल गई। अदाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में 13% तक गिरावट आई। इस ग्रुप का मार्केट कैप ₹1.1 लाख करोड़ घट गया।

**रुपया 91.88/डॉलर पर:** रुपया शुक्रवार को कारोबार के दौरान रेकॉर्ड निचले स्तर 92 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया, हालांकि बाद में 91.88 (अस्थायी) पर बंद हुआ। कमजोर घरेलू बाजार और विदेशी पूंजी की लगातार निकासी से रुपया शुरुआती बढ़त गंवा बैठा। कच्चे तेल की कीमत बढ़ने और अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में उछाल से भी दबाव पड़ा। इस महीने अब तक रुपया 200 पैसे तक यानी दो प्रतिशत तक लुढ़क चुका है। (इनपुट: एजेंसियां)

### सेंसेक्स 770 तो निफ्टी 241 अंक गिरा

**30** पैसे टूटा रुपया, 91.88/डॉलर, सबसे निचला स्तर

AI Image

**एक हफ्ते में 2,032.65 अंक गिरा सेंसेक्स:** इस हफ्ते सेंसेक्स 2,032.65 अंक यानी 2.43% गिरा है। वहीं, निफ्टी में कुल 645.7 अंक यानी 2.51% की गिरावट आई।

### अमेरिकी आरोप निराधार: अदाणी

गौतम अदाणी और सागर अदाणी पर अमेरिका ने नवंबर 2024 में मुकदमा दायर किया गया था। इसमें दोनों पर अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड से संबंधित झूठे एवं भ्रामक दावे कर अमेरिकी प्रतिभूति कानूनों का उल्लंघन करने का आरोप है, हालांकि अदाणी समूह ने इन आरोपों को खारिज किया है। समूह का कहना है कि अमेरिकी अभियोजकों के आरोप निराधार है और समूह सभी कानूनों का अनुपालन करता है।

### सोना ₹4,050, चांदी ₹15,000 महंगी

सोने की कीमतें में शुक्रवार को एक बार फिर तेजी लौट आई। लखनऊ में गुरुवार के मुकाबले



AI Image

सोना 4,050 रुपये उछलकर 1,59,175 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। चांदी 15,000 उछलकर 3,40,000 प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) पर पहुंच गई।

## बैन कफ सिरप की 40 हजार बोतलें पकड़ीं, तीन अरेस्ट

■ NBT न्यूज, इटावा : पुलिस ने बिहार ले जाई जा रही प्रतिबंधित कफ सिरप की 40 हजार बोतलें बरामद कर तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को भरथना चौराहे पर पुलिस ने चेकिंग के दौरान गैरापुर के पास संदिग्ध कंटेनर (HR-38 AG-3172) पकड़ा। पास में ही बिहार नंबर की कार खड़ी थी। उसमें मौजूद तीनों आरोपियों को भी पकड़ लिया। पूछताछ में उन्होंने कफ सिरप बिहार ले जाने की बात कबूल की।

तलाशी में 4.35 लाख रुपये नकद भी मिले। पुलिस ने एनडीपीएस ऐक्ट की धाराओं में केस दर्ज कर ट्रक और कार सीज कर दी। गिरफ्तार आरोपित बिहार के समस्तीपुर व वैशाली जिले के है।

# पूरे गाज़ीपुर में होगा मरीज़ों का सर्वे

## मेडिकल कैंप में सामने आए रहस्यमयी बुखार के नए केस

■ विकास पाठक, वाराणसी/लखनऊ: गाजीपुर में रहस्यमयी बुखार से अक्षम हुए बच्चों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ऐसे में अब पूरे जिले में इस बुखार के मरीजों का सर्वे होगा।

गाजीपुर में बहादीपुर, फतेहउल्लापुर, हरिहरपुर, धारीकला, तारडीह, रठौली समेत 11 गांवों में रहस्यमयी बुखार की चपेट में आने के बाद कई बच्चे शारीरिक और मानसिक रूप से अक्षम हो चुके हैं। इन गांवों में मेडिकल कैंप लगाकर ऐसे मरीज तलाशे जा रहे हैं। बहादीपुर गांव में शुक्रवार को लगे कैंप में डॉक्टरों ने प्रभावित बच्चों की हिस्ट्री दर्ज की। डॉक्टरों के मुताबिक, मेडिकल कॉलेज में इन सभी बच्चों की जांच करवाई जाएगी। वहीं, महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य आरपीएस सुमन ने बताया कि अब तक सिर्फ 11 गांवों में जांच हो रही थी। अब पूरे जिले में जहां भी मामले सामने आ रहे हैं, वहां जांच होगी।

बहादीपुर में लगे कैंप में डॉक्टरों ने बच्चों का ब्योरा दर्ज किया।

### दिव्यांग पेंशन के लिए भी कैंप

प्रभावित गांवों में मेडिकल कैंप के साथ दिव्यांग पेंशन, राशन कार्ड और शौचालय समेत कई सरकारी योजनाओं के लिए सर्वे भी हो रहा है। इसके लिए ग्रामीणों से फॉर्म भरवाए जा रहे हैं।

### घरवालों ने बताए लक्षण

- 9 साल की पूजा बिंद को जन्म के एक साल बाद बुखार हुआ तो हाथ-पैर कांपने लगे और कम दिखाई देने लगा।
- 13 साल की अंतिमा को आठ साल पहले बुखार आया था। तब से न सुन-समझ पाती है, न बोल पाती है। झटके भी आते हैं।
- दो साल के आर्णिक के पैर कमजोर हो चुके हैं। न खड़ा हो पाता न ही बोल पाता।
- दस महीने की आरुषि को आठ महीने पहले बुखार आया था। तब से सांस लेने में दिक्कत है। हाथ-पैर टेढ़े हो गए हैं।
- अंकित यादव (16) के हाथ-पैर टेढ़े हो चुके हैं। झटके आने पर मारने दौड़ता है।
- 9 महीने की आयशी जन्म के दो महीने बाद बीमार पड़ी। तब से न उठ-बैठ पाती है, न चल पाती है।
- सिद्धार्थ (8) को जन्म के दो साल बाद तेज बुखार हुआ। पैर टेढ़े हो गए।

## रोहतास ग्रुप की ₹158.85 करोड़ की संपत्तियां अटैच

### ED का ऐक्शन, बाजार मूल्य ₹350 करोड़ से ज्यादा

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : ईडी की लखनऊ जोनल टीम ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रोहतास प्रोजेक्ट लिमिटेड और उससे जुड़ी कंपनियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (PMLA) 2002 के तहत कुल 75 अचल और 2 चल संपत्तियां अटैच की हैं। इनकी बुक वैल्यू करीब 158.85 करोड़ रुपये है, जबकि मौजूदा बाजार मूल्य 350 करोड़ रुपये से अधिक आंका गया है। ईडी के मुताबिक, सभी अचल संपत्तियां लखनऊ में हैं।



कुर्क अचल संपत्तियों में 141.21 करोड़ रुपये की संपत्तियां रोहतास ग्रुप के प्रमोटर दीपक रस्तोगी, ग्रुप की सहयोगी कंपनियों, बेनामीदारों, वर्धन टाउनशिप प्राइवेट लिमिटेड और अभ्युदय सिक्योरिटी इन्फ्रास्ट्रक्चर एलएलपी के नाम हैं। वहीं 17.64 करोड़ रुपये की चल संपत्तियां हाइनेस ड्रीम डिवेलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम हैं। कार्रवाई यूपी पुलिस द्वारा दर्ज 83 FIR के आधार पर शुरू हुई जांच के बाद की गई। इन FIR में निवेशकों से धोखाधड़ी के आरोप हैं। जांच में सामने आया कि कंपनी ने 'सुल्तानपुर रोड प्रोजेक्ट', 'रायबरेली रोड प्रोजेक्ट' और 'रोहतास प्लूमेरिया' जैसी टाउनशिप योजनाएं लॉन्च की थीं। ग्राहकों को प्लॉट, भूमि और फ्लैट बुकिंग का लालच दिया गया। कंपनी ने 30 महीने में कब्जा या बुकिंग राशि का 150% वापस देने का वादा किया था, लेकिन न प्रोजेक्ट का विकास हुआ और न रकम लौटाई गई।

सीएम ने नेताजी की जयंती पर दी श्रद्धांजलि, कहा...

## 'देशद्रोहियों के सामने न झुकने की प्रेरणा देते हैं बोस'

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का नाम किसी भी परिस्थिति में देशद्रोही और देशविरोधी तत्वों के सामने न झुकने के दृढ़ संकल्प की प्रेरणा देता है। उनका नाम लेते ही हर भारतीय के मन में श्रद्धा और सम्मान के साथ राष्ट्रप्रेम की भावना स्वतः उत्पन्न हो जाती है।

सीएम ने शुक्रवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर सुभाष चौक पर उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनका योगदान याद किया। उन्होंने कहा कि नेताजी का 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' का आह्वान भारत की आजादी का मंत्र बन गया था। उनका 'दिल्ली चलो' का उद्घोष हर भारतीय को प्रेरित करता है। योगी ने कहा कि नेताजी ने महात्मा गांधी के नेतृत्व में चल रहे स्वतंत्रता आंदोलन को एक नई दिशा प्रदान की थी। उन्होंने क्रांतिकारियों के सिरमौर के रूप में आजादी की लड़ाई का नेतृत्व किया। भारत के अंदर रहकर या भारत के बाहर, उन्होंने आजादी के लिए जो योगदान दिया, वह अविस्मरणीय है। जिस प्रकार उन्होंने जर्मनी, जापान तथा दुनिया के तमाम देशों में जाकर देश की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया, हम सबके लिए प्रेरणा की गाथा है।

50 साल युवा,
भविष्य की ऊर्जा से भरपूर

भारत पेट्रोलियम
एनर्जाइज़िंग लाइव्स

अपने 50वें स्थापना दिवस को मनाते हुए, हम अब तक हासिल की गई उपलब्धियों पर ही नहीं ठहरते हम आगे बढ़ते हैं।

यह उपलब्धि हमारी यात्रा में महज एक पड़ाव है, जहां हम उच्च मानकों, गहन ज़िम्मेदारी और नवाचार के साथ भारत को ऊर्जित करने के तरीके को नए रूप में परिभाषित कर रहे हैं।

सबसे आगे रहने से लेकर अपने ग्राहकों पर पूरा ध्यान देने तक, हमने हमेशा माना है कि प्रगति वहीं महसूस होनी चाहिए जहाँ यह सबसे ज़्यादा ज़रूरी है।

भविष्य की ओर अग्रसर होते हुए, घरों को ऊर्जा प्रदान करने से लेकर इंजनों को शक्ति देने, विकास को गति देने तथा सफर को सुहाना बनाने तक, हम यह संकल्प लेते हैं कि उत्पादों, सेवाओं तथा अनुप्रयोगों के प्रत्येक आयाम में ग्राहक-केंद्रित समाधानों के नए मानक स्थापित करेंगे।

ऊर्जा के विश्वसनीय संरक्षक के रूप में, हम सभी के लिए एक स्वच्छ, स्मार्ट और ज्यादा सुरक्षित भविष्य का निर्माण करने की अपनी प्रतिबद्धता को फिर से दोहराते हैं।

बीपीसीएल का अगला अध्याय अब शुरू होता है।

50 साल युवा। 50 साल ऊर्जावान। अभी तो ये हमारी शुरुआत है।

हमारे सक्रिय रूप से लागू ग्राहक केन्द्रित समाधान

- **इंटीग्रेटेड पेमेंट सिस्टम (आईपीएस)** ईंधन भरने में लेनदेन की पारदर्शिता की गारंटी दे रहा है।
- **यूफिल** तेज सुरक्षित और स्मार्ट ईंधन भरने की सुविधा प्रदान कर रहा है।
- **ड्राइव फ्रेश** बेहतरीन शौचालयों के साथ फ्यूल स्टेशनों पर स्वच्छता को नए सिरे से परिभाषित कर रहा है।
- **मैक लुब्रिकेंट समाधान** विशेष औद्योगिक अनुप्रयोगों को शक्ति प्रदान कर रहे हैं।
- **मैक सर्व** वाहनों का ख्याल रखने में नए मानक स्थापित कर रहे हैं।
- **जीरो का दम** दोषमुक्त भारतगैस सिलेंडरों के लिए प्रतिबद्ध है।
- **कंपोजिट एलपीजी सिलेंडर** सुरक्षा और सुविधाओं को बढ़ा रहे हैं।
- **ओटीपी** आधारित भारतगैस डिलीवरी के साथ हम विश्वास को और मजबूत बना रहे हैं।
- **ईड्राइव** तेज रफ्तार चार्जिंग के माध्यम से ईवी का चलन तेजी से बढ़ा रहा है।
- **साइलेंट वॉइसेस,** फ्यूल स्टेशनों पर समावेशी सेवाओं को साकार कर रहे हैं।

## फटाफट खबरें

### यूपी की 14 लखपति दीदियां दिल्ली रवाना

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : स्वयं सहायता समूहों के जरिए लखपति दीदी की श्रेणी में पहुंची 14 दीदियां शुक्रवार को लखनऊ से नई दिल्ली के लिए रवाना हो गईं। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने उनके वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यूपी की इन लखपति दीदियों को गणतंत्र दिवस के मौके पर कर्तव्य पथ पर निकलने वाली परेड में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। दिल्ली रवाना करने से पहले डिप्टी सीएम ने स्वयं सहायता समूहों की दीदियों का अपने कैंप कार्यालय में परिचय प्राप्त किया और उनके क्रियाकलापों की जानकारी हासिल की। इस मौके पर ग्राम्य विकास राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम, प्रमुख सचिव सौरभ बाबू, विशेष सचिव जयनाथ, मिशन निदेशक दीपा रंजन, संयुक्त मिशन निदेशक जनमेजय शुक्ला सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

### सीएम ने जाना नृत्य गोपाल दास का हाल

सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को मेदांता अस्पताल पहुंचकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास का हाल-चाल जाना और उनके इलाज की आवश्यक व्यवस्था के निर्देश भी दिए।

### प्रदेश के 23 जिलों के 43 गांवों में चकबंदी पूरी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : प्रदेश के 23 जिलों के 43 गांवों में चकबंदी पूरी कर ली गई है। यह जानकारी चकबंदी आयुक्त ऋषिकेश भास्कर यशोद ने दी। इनमें कई जिले तो ऐसे हैं जहां 40-45 साल में भी पूरी नहीं हो पाई थी। चकबंदी आयुक्त ने बताया कि 23 जनपदों जौनपुर, कन्नौज, मैनपुरी, बलिया, बस्ती, प्रतापगढ़, औरैया, बहराइच, मीरजापुर, बरेली, गोंडा, सिद्धार्थनगर, हमीरपुर, संतकबीर नगर, महराजगंज, चंदौली, प्रतापगढ़, फतेहपुर, बरेली, रामपुर, लखीमपुर खीरी, सुलतानपुर, सोनभद्र के 43 गांवों में चकबंदी की प्रक्रिया पूरी करके प्रस्ताव उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे। यह प्रस्ताव मिलने के बाद 43 गांवों में चकबंदी को स्वीकृति दे दी गई है। जौनपुर के एक गांव में 46 साल से, कन्नौज के एक गांव में 45 साल से चकबंदी की प्रक्रिया धीमी रफ्तार से चल रही थी।

### 10 फसलों का समर्थन मूल्य प्रस्ताव केंद्र को भेजा

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : प्रदेश सरकार ने खरीफ की 10 फसलों के समर्थन मूल्य की संस्तुति केंद्र सरकार को भेज दी है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई परामर्शदात्री समिति की बैठक में समर्थन मूल्य पर सहमति बनी। बैठक में सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर, खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा मौजूद रहे। बैठक में खरीफ की 10 फसलों के मूल्य पर विचार किया गया। इनमें धान ग्रेड-ए, ज्वार, मक्का, उड़द, अरहर, मूंगफली, सोयाबीन और तिल शामिल हैं। सभी फसलों का प्रस्तावित मूल्य तय कर केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेज दिया गया है। बैठक में प्रमुख सचिव कृषि रवींद्र, प्रमुख सचिव सहकारिता अजय कुमार शुक्ला, सचिव कृषि इंद्र विक्रम सिंह, कृषि निदेशक पंकज त्रिपाठी सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

### फीस प्रतिपूर्ति के लिए केंद्र से अपील

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : शिक्षा का अधिकार अधिनियम (RTE) के तहत निजी स्कूलों में प्री-प्राइमरी में दाखिले के लिए भी फीस प्रतिपूर्ति की अपील प्रदेश सरकार ने केंद्र से की है। अपर मुख्य सचिव बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेनशर्मा ने गुरुवार को योजना भवन में आयोजित बैठक में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय में अपर सचिव धीरज साहू से यह अपील की। साहू समग्र शिक्षा अभियान के तहत योजनाओं की समीक्षा के लिए लखनऊ आए थे। सेनशर्मा ने ईसीसीई एजुकेटर की योग्यता और प्री-प्राइमरी स्कूलों की मान्यता के संबंध में गाइडलाइन जारी करने का अनुरोध भी केंद्रीय अपर सचिव से किया। यह भी सुझाव दिया कि यू डायस+ में प्री-प्राइमरी के बच्चों को भी शामिल किया जाए। महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी ने बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग की योजनाओं और उनकी प्रगति की जानकारी दी।

# विंग कमांडर शुभांशु, सहित 5 हस्तियों को यूपी गौरव सम्मान

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ



यूपी दिवस का मुख्य आयोजन आज, राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर अमित शाह, योगी ODOC लॉन्च करेंगे, यूपी की तरक्की की झलक दिखेगी

देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की स्थापना दिवस का जश्न शनिवार से शुरू होगा। प्रदेश के साथ ही देश और विदेश में भी इस मौके पर आयोजन होंगे। मुख्य आयोजन राजधानी के राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर होगा, जिसमें सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। इस मौके पर अपने हुनर से दुनिया में नाम करने वाले यूपी के पांच मूल निवासियों को 'यूपी गौरव' सम्मान से नवाजा जाएगा। इसमें अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला, फिजिक्सवाला के संस्थापक अलख पांडेय जैसे नाम शामिल हैं।

राष्ट्र प्रेरणा स्थल का मुख्य आयोजन कला, संस्कृति, सम्मान, विकास एवं भविष्य की कार्ययोजना के रंगों से रंगेगा। यूपी दिवस पर ही आठ साल पहले शुरू की गई वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट (ODOP) योजना की तर्ज पर शनिवार को सीएम वन डिस्ट्रिक्ट, वन कुजीन (ODOC) योजना लॉन्च करेंगे। इसमें प्रदेश के हर जिले के प्रमुख व्यंजन का चयन कर उसकी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ब्रैंडिंग की जाएगी। युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए हर मंडल में प्रस्तावित सरदार पटेल एंप्लॉयमेंट ऐंड इंडस्ट्रियल जोन योजना की भी औपचारिक शुरुआत होगी।

#### योजनाओं में बेहतर काम करने वालों का भी सम्मान

कार्यक्रम में प्रदेश की फ्लैगशिप योजनाओं में शानदार काम करने वालों को भी सम्मान दिया जाएगा। इसमें पिछले साल लॉन्च हुई सीएम युवा योजना के भी रणनीतिकार शामिल हैं। योजना में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जिलों जौनपुर, आजमगढ़, हरदोई, अंबेडकरनगर और झांसी के डीएम को सम्मानित किया जाएगा। वहीं, पांच विभूतियों को यूपी गौरव के रूप में 11-11 लाख रुपये का पुरस्कार भी मिलेगा। वहीं, 'विकसित भारत-विकसित यूपी' की थीम आधारित प्रदर्शनी में यूपी की विकास यात्रा की झलक दिखेगी।

### इन्हें मिलेगा यूपी गौरव



**डॉ. सुधांशु सिंह**
वाराणसी के निवासी। अयोध्या से कृषि तकनीक में गोल्ड मेडल के साथ पीजी। फिलीपींस से Ph.D. की जहां उन्होंने फ्लड-टॉलरेंट Sub1 चावल पर रिसर्च की। कृषि विज्ञान में 29 वर्ष का अनुभव। इंटरनैशनल राइस रिसर्च इंस्टिट्यूट के साउथ एशिया रीजनल सेंटर के डायरेक्टर हैं। राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कृषि में योगदान के लिए कई सम्मानों से नवाजे जा चुके हैं।



**शुभांशु शुक्ला**
लखनऊ के रहने वाले। साइंस, इनोवेशन व स्पेस रिसर्च के क्षेत्र में योगदान। एयरफोर्स में फाइटर पायलट। 26 जून को नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से स्पेसएक्स के जरिए अंतरिक्ष में पहुंचने वाले भारत के दूसरे शख्स।



**हरिओम पवार**
बुलंदशहर शहर में जन्मे। मेरठ विवि में लॉ के प्रोफेसर रहे। ओज के कवि रूप में पहचान। शिक्षा एवं साहित्य में योगदान के लिए सम्मान। पहले भी निराला पुरस्कार, भारतीय साहित्य संगम पुरस्कार, रश्मि पुरस्कार, जनजागरण, आवाज-ए-हिन्दुस्थान जैसे सम्मानों से अलंकृत।

**अलख पांडेय**
प्रयागराज के मूल निवासी। मैकेनिकल इंजिनियरिंग में बीटेक। साल 2016 में "Physics Wallah" यू ट्यूब चैनल की शुरुआत की। जेईई, नीट जैसी प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए Physics Wallah Pvt. Ltd. नाम से अपनी कंपनी शुरू की। 2022 में कंपनी देश की छठी एडटेक यूनिकॉर्न बनी।

**रश्मि आर्य**
22 अक्टूबर, 2007 को मेरठ के नरगपुर में कन्या गुरुकुल की नींव रखी। आज श्रीमद्दयानंद आर्य कन्या गुरुकुल के नाम से पहचान। शिक्षा में भारतीय संस्कृति के साथ आधुनिकता का मेल। वैदिक हवन से लेकर इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स तक पर फोकस। संस्कृत बोर्ड की परीक्षाओं में गुरुकुल की छात्राओं ने मेरठ में टॉप किया। 600 जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क शिक्षा।

### 35 जिलों के ODOP के लगेंगे स्टॉल

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : यूपी दिवस के मौके पर शनिवार को प्रेरणा स्थल पर 35 जिलों के ओडीओपी के स्टॉल लगाए जाएंगे। इसे आगामी दो दिनों के लिए पब्लिक के लिए भी खोलने की तैयारी है। आईआईएम रोड स्थित प्रेरणा स्थल पर शनिवार को होने वाले आयोजन में मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम किए गए हैं। सूत्रों का कहना है कि शनिवार को उद्घाटन के बाद ओडीओपी की प्रदर्शनी को रविवार व सोमवार को पब्लिक के लिए भी खोले जाने की तैयारी है।

### FSDA की टेस्टिंग के बाद ही भेजा जाएगा भोजन

प्रेरणा स्थल पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में 112 लोगों के लिए भोजन का प्रबंध किया गया है। भोजन होटल ताज से एफएसडीए की टेस्टिंग के बाद ही भेजा जाएगा। जिस वैन से भोजन लाया जाएगा, उसके साथ पुलिस, एफएसडीए और एलआईयू के अधिकारी मौजूद रहेंगे। आयोजन स्थल पर भी भोजन एफएसडीए की निगरानी में रहेगा।

# निवेश जुटाने सिंगापुर, जापान जाएंगे सीएम

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

■ जीबीसी-5.0 से पहले होगा सीएम का दोनों देशों का दौरा
■ ग्रीन हाइड्रोजन, फाइनैंशल सेक्टर की कई कंपनियों के साथ हो सकता है करार

प्रदेश में औद्योगिक निवेश लाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जल्द जापान और सिंगापुर के दौरे पर जाएंगे। मुख्यमंत्री के साथ इस दौरे में औद्योगिक विकास विभाग समेत कई विभागों के मंत्री और अधिकारी भी दौरे पर जाएंगे। इसके लिए इंवेस्ट यूपी ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। मुख्यमंत्री का सिंगापुर और जापान दौरा 22 से 26 फरवरी तक हो सकता है। इसी सिलसिले में इन्वेस्ट यूपी के अधिकारियों की एक टीम जापान और सिंगापुर का दौरा कर निवेश को राज्य में लाने की नींव रख चुकी है। गौरतलब है कि राज्य सरकार पांचवीं ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी करने की तैयारी कर रही है। जीबीसी-5.0 में करीब 6 लाख करोड़ रुपये से अधिक की निवेश परियोजनाओं का शिलान्यास किया जाना है।

योगी आदित्यनाथ

**ग्रीन हाइड्रोजन, फाइनैंशल सेक्टर की कई कंपनियों के साथ हो सकता है करार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सिंगापुर, जापान दौरे में राज्य सरकार प्रदेश में ग्रीन हाइड्रोजन और फाइनैंशल सेक्टर में बड़ा निवेश लाने की तैयारी कर रही है। इसके लिए इंवेस्ट यूपी के अधिकारी लगातार दोनों देशों की कई बड़ी कंपनियों के साथ संपर्क में हैं। इन्वेस्ट यूपी ने चाइना प्लस योजना के तहत निवेश को लेकर उन देशों को ज्यादा फोकस किया है कि जिन्होंने चीन में भारी निवेश कर रखा है।

#### अलग देशों के लिए अलग डेस्क का गठन

जापान, सिंगापुर से उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आकर्षित करने के लिए इन्वेस्ट यूपी ने छह देशों की विशेष डेस्क व टीमों का गठन किया है। यह टीमें संबंधित देशों के निवेशकों के साथ संपर्क कर उन्हें राज्य में निवेश को लेकर प्रेरित कर रही हैं। इसी सिलसिले में अक्टूबर में इन्वेस्ट यूपी की टीम ने अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी शशांक चौधरी के नेतृत्व में सिंगापुर और जापान का दौरा किया था। 40 से ज्यादा निवेशकों के साथ बैठकें कर निवेश लाने की नींव रख दी है। इन्वेस्ट यूपी को जापान से 20 हजार करोड़ रुपये का औद्योगिक निवेश आने की उम्मीद है। इसी तरह सिंगापुर से भी फिनटेक कंपनियों के साथ निवेश के लिए करार हो सकते हैं।

# तय लक्ष्य के करीब पहुंची सरकार की धान खरीद

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : सरकार अपनी सात एजेंसियों के जरिए यूपी में धान की खरीद कर रही है। खरीद खत्म होने में अभी 35 दिन बाकी हैं। लेकिन, तय लक्ष्य के सापेक्ष सरकार अब तक 92% से अधिक धान की खरीद कर चुकी है। 23 जनवरी 2026 तक सरकार प्रदेश के 9,00,732 किसानों से 55,29,125 टन धान खरीद कर चुकी थी। इस साल सरकार का धान खरीदने का लक्ष्य 60 लाख टन है।

राज्य सरकार ने पश्चिमी यूपी के जिलों में धान की सरकारी खरीद एक अक्टूबर 2025 और अन्य जिलों में धान की खरीद एक नवंबर 2025 से शुरू की थी। पश्चिमी यूपी में धान की खरीद 31 जनवरी 2026 तक और अन्य जिलों में यह खरीद 28 फरवरी 2026 तक होनी है। खाद्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, धान खरीद में खाद्य विभाग सबसे आगे है। उसने अब तक 26,70,365 टन धान खरीदा है। दूसरे नंबर पर पीसीएफ ने अब तक 11,17,917 टन से ज्यादा धान खरीदा है। इसी तरह 10,05,949 टन धान खरीद कर पीसीयू तीसरे नंबर पर है। धान खरीद में चौथे नंबर पर यूपी एसएसएस है, जिसने अब तक 5,06,711 टन से ज्यादा धान खरीदा है। पांचवें नंबर पर मंडी परिषद है, जिसने एफपीओ के साथ मिल कर 1,29,495 टन की खरीद की है। वहीं, एसबीआई द्वारा अब तक सिर्फ 69,556 टन धान की खरीद की गई। हाल में खरीद प्रक्रिया से जुड़े नेफेड द्वारा शुक्रवार की शाम तक 29,128 टन धान खरीदा गया था।

# बिजली कंपनियों की रेटिंग में हुआ सुधार

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : बिजली कंपनियों की स्थिति सुधारने के लिए पावर कॉरपोरेशन द्वारा उठाए जा रहे कदमों का असर दिखने लगा है। पांच में से चार सरकारी बिजली कंपनियों की स्थिति में सुधार दर्ज किया गया है। एक की स्थिति स्थिर है। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा जारी की गई बिजली वितरण कंपनियों की 14वीं वार्षिक इंटीग्रेटेड रेटिंग (आईआर) में यह नतीजे आए हैं। आईआर में देश की 65 बिजली वितरण कंपनियों का मूल्यांकन किया गया।

**लाइन लॉस में कमी और राजस्व वसूली में इजाफे का दिखा असर**

आईआर की रिपोर्ट में ए प्लस रेटिंग में 15 कंपनियां हैं। इनमें 12 निजी और तीन सरकारी क्षेत्र की हैं। ए रेटिंग में 16 कंपनियां हैं, जिनमें 10 निजी व छह सरकारी क्षेत्र की हैं। बी व बी- श्रेणी में 23 कंपनियां और सी व सी- रेटिंग में 11 कंपनियां हैं। डी श्रेणी में एक भी कंपनी दर्ज नहीं है।

**सुधार के बाद वापस लें निजीकरण का प्रस्ताव:** राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि जब सरकारी क्षेत्र में रहते हुए सुधार हो रहा है तो सरकार को निजीकरण का प्रस्ताव वापस ले लेना चाहिए। जब सरकारी डिस्कॉम का प्रदर्शन अच्छा हो रहा है तो निजीकरण से जुड़े सभी फैसलों पर रोक लगा देनी चाहिए। निजीकरण से बिजली महंगी होती है और उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता है।

**ऐसे बदली रेटिंग**

| डिस्कॉम | पिछली | नई रेटिंग | स्थिति |
| --- | --- | --- | --- |
| पश्चिमांचल | बी | ए+ | बड़ा सुधार |
| दक्षिणांचल | सी- | बी- | अपग्रेड |
| मध्यांचल | सी- | बी- | अपग्रेड |
| पूर्वांचल | सी | सी- | सुधार |
| केस्को | बी- | बी- | स्थिर |

# सुनवाई में वोटर को उपस्थिति से रहेगी छूट : रिणवा

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : प्रदेश में वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) के दौरान जिन वोटरों की मैपिंग नहीं हो पाई थी चुनाव आयोग की ओर से उनको नोटिस पहुंचाने और उस पर सुनवाई का सिलसिला शुरू हो गया है। चुनाव आयोग ने वोटर की सुविधा को देखते हुए ऑनलाइन जवाब और व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट की भी सहूलियत दी है।



मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने दिए निर्देश, कहा- अधिकृत व्यक्ति से भी भेज सकेंगे दस्तावेज

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि जो किसी कारणवश सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं हो सकते उन्हें अपनी ओर से किसी व्यक्ति को सुनवाई के लिए उपस्थित होने के लिए लिखित रूप में हस्ताक्षर कर या अंगूठे का निशान लगाकर अधिकृत करना होगा कि अमुक व्यक्ति सुनवाई में उनका प्रतिनिधित्व करेगा। इसके अलावा आयोग की वेबसाइट voters.eci.gov.in पर लॉगिन करके भी नोटिस की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। ऑनलाइन ही नोटिस का जवाब दिए जाने की भी सुविधा दी गई है। जिन वोटर का जन्म 1 जुलाई, 1987 से पहले हुआ है उन्हें केवल अपने दस्तावेज देने होंगे। जिनका जन्म 1 जुलाई 1987 के बाद और 2 दिसंबर 2004 के बीच हुआ, उन्हें अपने व माता-पिता में किसी एक का दस्तावेज देना होगा। जिनका जन्म 2 दिसंबर 2004 के बाद हुआ, उन्हें स्वयं के साथ माता-पिता का भी दस्तावेज देना होगा।

**ये दस्तावेज मान्य होंगे :** केंद्र, राज्य, निगम के कर्मचारी, पेंशन का पहचान पत्र, 1 जुलाई 1987 के पहले का कोई भी सरकारी पहचान पत्र, अभिलेख, जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, बोर्ड परीक्षा की मार्कशीट, स्थायी निवास प्रमाण पत्र, वन अधिकार प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर, परिवार रजिस्टर, भूमि/मकान आवंटन प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बिहार SIR की वोटर लिस्ट।

#### 'कार्यकर्ताओं की सुनें, SIR की आपत्तियों का निस्तारण करवाएं'

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने गुरुवार को पदाधिकारियों से कहा कि अपने विशेष कार्यकर्ताओं की सुनें और विशेष मतदाता पुनरीक्षण (SIR) की आपत्तियों का निस्तारण कराएं। प्रदेश कार्यालय पर आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि जरूरी दस्तावेज मुहैया कराने में वोटरों का सहयोग करें। अधिक से अधिक नये वोटरों के नाम जुड़वाएं।

प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने पार्टी कार्यालय में प्रदेश पदाधिकारियों के साथ SIR को लेकर बैठक की। उन्होंने कहा कि SIR का काम इस समय सबसे अहम है। वे अपने कार्यकर्ताओं के पास जाएं। उनकी सुनें और किसी भी तरह की कोई दिक्कत हो तो उनका सहयोग करें।


## नैनीताल बैंक

**ई-नीलामी सूचना**

मुख्य कार्यालय, वसूली विभाग, जी०बी० पंत रोड, नैनीताल, (उत्तराखण्ड) फोन-7060098662, ई-मेल : recovery@nainitalbank.co.in

**सरफाऐसी अधिनियम 2002 के तहत ऑनलाइन ई-नीलामी माध्यम से आस्तियों की बिक्री**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9 के साथ पठित प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 की वित्तीय आस्तियों तथा प्रवर्तन के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना

एतद्द्वारा आम जनता को तथा विशेष रूप से ऋणी एवं जमानतदार(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जो सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक है, जिसका रचनात्मक/भौतिक कब्जा सुरक्षित ऋणदाता नैनीताल बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, उसे नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित राशि की वसूली के लिए ई-नीलामी के माध्यम से "जहां है जैसे है", "जो है यही है", "जो भी है वहीं है" तथा "उपचार रहित" के आधार पर बेचा जाएगा, साथ ही सुरक्षित ऋणदाता नैनीताल बैंक लिमिटेड को देय ब्याज, लागत और व्यय भी वसूला जाएगा। आपको सूचित किया जाता है कि हम वेबसाइट https://sarfaesi.auctiontiger.net के माध्यम से सार्वजनिक ई-नीलामी आयोजित करने जा रहे हैं।

| कर्जदार(रों)/जमानती(यों) का नाम तथा पता | सम्पत्ति का विवरण | धारा 13(2) के तहत सूचना की तिथि / धारा 13(4) के तहत कब्जा करने की तिथि तथा कुल बकाया, वसूली की लागत, यदि कोई हो | कब्जे की स्थिति | ईएमडी/बिड राशि जमा करने हेतु खाता संख्या | ईएमडी जमा करने की तिथि व समय / ई-नीलामी की तिथि व समय | सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि व समय | आरक्षित मूल्य / ईएमडी / बोली बढ़ाने की न्यूनतम राशि | सम्पत्ति लोकेशन के लिए क्यू आर | सम्पत्ति की फोटो के लिए क्यू आर |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| यह प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के तहत कर्जदार/जमानती/बंधककर्ता के लिए सांविधिक 15 दिवसीय बिक्री सूचना है। | | | | | | | | | |
| शाखा : एचआईजी-7, कबीर अस्पताल के पास, बर्रा- II, कानपुर, उत्तर प्रदेश, सम्पर्क व्यक्ति : पूर्णा वाजपेई फोन - 7055101597 | | | | | | | | | |
| 1. मैसर्स माँ पीताम्बरा इंडस्ट्रीज द्वारा इसके प्रोपराइटर आदर्श श्रीवास्तव पुत्र संजय श्रीवास्तव (प्रोपराइटर/कर्जदार), पी 528 आवास विकास-1, कल्याणपुर, कानपुर- 208017 2. आदर्श श्रीवास्तव पुत्र संजय श्रीवास्तव (प्रोपराइटर/कर्जदार), निवासी 3244, आवास विकास योजना सं. 3, पनकी, कल्याणपुर रोड, कानपुर नगर 3. सविता श्रीवास्तव पत्नी संजय श्रीवास्तव (जमानती), निवासी इंडस्ट्रियल 3244-आवास विकास योजना सं. 3, कल्याणपुर, कानपुर। 4. शालिनी श्रीवास्तव पत्नी सुशील श्रीवास्तव (जमानती), निवासी इंडस्ट्रियल 3244-आवास विकास योजना सं. 3, कल्याणपुर, कानपुर। | बंधक अचल सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से जो कि प्लॉट सं./प्लॉट सं. आराजी सं. 395, खसरा/खाता सं. 138, ग्राम- मन खेड़ा, तहसील अकबरपुर, जिला-कानपुर देहात में स्थित है। क्षेत्रफल 0.128 हेक्टेयर। सम्पत्ति उप निबंधक सदर, कानपुर देहात के कार्यालय में पुस्तक सं. 1, जिल्द सं. 4834, पृष्ठ सं. 343 से 372, क्रमांक सं. 4583, दिनांक 30.05.2018 को सविता श्रीवास्तव पत्नी संजय श्रीवास्तव के नाम पर विधिवत् पंजीकृत है। चौहद्दी – पूरब में ग्राम समाज की भूमि, पश्चिम में चक मार्ग, उत्तर में [illegible] की भूमि, दक्षिण में प्रेम चंद की भूमि। | 01.06.2021 / 17.02.2022 / ₹ 1,01,50,334.40 (रुपये एक करोड़ एक लाख पचास हजार तीन सौ चौतीस एवं पैसे चालीस मात्र) दिनांक 03.03.2021 तक + दिनांक 04.03.2021 से ब्याज एवं अन्य खर्चे | भौतिक | खाता संख्या : 10942092000025 आईएफएससी कोड : NTBL0KAN109 अथवा दि नैनीताल बैंक लि० के नाम से एवं बर्रा- II, कानपुर में देय डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से बैंक की बर्रा- II, कानपुर शाखा में जमा किया जाये | ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 18.02.2026 सायं 04:00 बजे तक / ई-नीलामी : 19.02.2026 11.00 बजे पूर्वा. से 1.00 बजे अप. तक (5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार सहित) | 17.02.2026 10.00 AM to 03.00 PM | ₹ 38,70,000.00 (रुपये अड़तीस लाख सत्तर हजार मात्र) / ₹ 3,87,000.00 (रुपये तीन लाख सतासी हजार मात्र) / ₹ 50,000.00 (रुपये पचास हजार मात्र) | | |
| शाखा : 292/144/100, तुलसीदास मार्ग, तुरिया गंज, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226003, फोन नं. 0522-2653164, संपर्क व्यक्ति : आदित्य सेठी, मोबाइल - 7055101601 | | | | | | | | | |
| 1. मैसर्स शिफा आर्किटेक्चर एंड कंस्ट्रक्शन्स द्वारा प्रोपराईटर सैयद मोहम्मद हिलाल हसन पुत्र रईस अब्बास रिजवी (प्रोपराईटर/फर्म/कर्जदार फर्म), पंजीकृत कार्यालय/व्यवसाय का स्थान- दुकान सं. एफएफ-9, प्रथम तल, गैलेक्सी बिल्डिंग, तहसीन गंज, ठाकुर गंज, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226003 2. सैयद मोहम्मद हिलाल हसन पुत्र रईस अब्बास रिजवी (प्रोपराईटर/कर्जदार), निवासी हिलाल हाउस, लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226005 3. मोहम्मद हसनैन (जमानती), निवासी 444/1247/1, अली कॉलोनी, नक्खास, ठाकुर गंज, लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226003 4. सैयद मिसम (जमानती), निवासी 467/20, शीश महल, हुसैनाबाद, लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226003 | बंधक अचल सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से जो कि दुकान सं. एफएफ 9, प्लॉट सं. सीपी 64, तहसीन गंज वार्ड हुसैनाबाद, जिला- लखनऊ, उत्तर प्रदेश में स्थित है। क्षेत्रफल 46.694 वर्ग मीटर। सम्पत्ति उप निबंधक (प्रथम), लखनऊ के कार्यालय में पुस्तक सं. 1, जिल्द सं. 9015, पृष्ठ सं. 291 से 328, क्रमांक सं. 5557, दिनांक 07.04.2012 को सैयद मोहम्मद हिलाल हसन पुत्र रईस अब्बास रिजवी के नाम पर विधिवत पंजीकृत है। सेल डीड के अनुसार चौहद्दी- पूरब में गैलरी कॉमन, पश्चिम में संपत्ति विक्रेता, उत्तर में दुकान सं. एफएफ 10, दक्षिण में गैलरी कॉमन। | 07.08.2023 / 25.09.2024 / ₹ 28,19,820.23 (रुपये अट्ठाईस लाख उन्नीस हजार आठ सौ बीस एवं पैसे तेईस मात्र) दिनांक 24.09.2024 तक + दिनांक 25.09.2024 से आगे का ब्याज एवं अन्य खर्चे | भौतिक | खाता संख्या : 06842092000025 आईएफएससी कोड : NTBL0LUC068 अथवा दि नैनीताल बैंक लि० के नाम से एवं नादान महल, लखनऊ में देय डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से बैंक की नादान महल, लखनऊ शाखा में जमा किया जाये | ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 18.02.2026 सायं 04:00 बजे तक / ई-नीलामी : 19.02.2026 11.00 बजे पूर्वा. से 1.00 बजे अप. तक (5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार सहित) | 17.02.2026 10.00 AM to 03.00 PM | ₹ 45,05,884.00 (रुपये पैंतालीस लाख पांच हजार आठ सौ चौरासी मात्र) / ₹ 4,50,589.00 (रुपये चार लाख पचास हजार पांच सौ नवासी मात्र) / ₹ 50,000.00 (रुपये पचास हजार मात्र) | | |

ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने के लिए नियम एवं शर्तों सहित अधिक विवरण के लिए इच्छुक सभी भागीदारों/बोलीदाताओं से वेबसाइट https://sarfaesi.auctiontiger.net तथा www.nainitalbank.co.in (बैंक की साइट) देखने का निवेदन किया जाता है और अधिक जानकारी, नियम एवं शर्तों, ई-नीलामी में भाग लेने की प्रक्रिया के लिए बैंक के सेवा प्रदाता ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड की राम शर्मा, संपर्क नंबर - 8000023297 और ई-मेल ramprasad@auctiontiger.net से संपर्क करने की भी सलाह दी जाती है।

स्थान : नैनीताल, उत्तराखण्ड    दिनांक : 24.01.2026    प्राधिकृत अधिकारी, नैनीताल बैंक


#### 8.60 लाख करोड़ से अधिक का हो सकता है बजट का आकार

# इंफ्रास्ट्रक्चर पर होगा फोकस

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : योगी सरकार अपने दूसरे कार्यकाल का अंतिम आम बजट फरवरी में पेश करेगी। तैयारियां शुरू हो गई हैं। सभी विभागों से आए प्रस्ताव के बाद अब वित्त विभाग ने उनसे प्राथमिकताओं का ब्योरा मांगा है। विभागों से प्राथमिकताएं आने के बाद बजट पर उनसे चर्चा अगले सप्ताह संभावित है। सूत्रों के मुताबिक इस साल यूपी सरकार के बजट का आकार 8.60 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का हो सकता है। बजट से पहले राज्य सरकार की नजर केंद्रीय बजट पर भी है।

**शोकेस वाली योजनाओं पर रहेगा फोकस :** अगले साल प्रदेश में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। उसके पहले सरकार केवल अंतरिम बजट ही पेश करेगी। ऐसे में इस सरकार के दूसरे कार्यकाल के आखिरी आम बजट में सरकार उन सभी योजनाओं के लिए बजट में बड़ा इंतजाम कर सकती है, जिसे वह चुनावों में शोकेस करना चाहती है। एक बड़ा हिस्सा एक्सप्रेस-वे और लिंक एक्सप्रेस-वे को मिल सकता है। सूत्र बताते हैं कि सरकार की योजना एक्सप्रेस-वे को आपस में जोड़ने की भी है, ताकि पूरे प्रदेश को एक्सप्रेस-वे कनेक्टिविटी दी जा सके। लखनऊ-आगरा और पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे को जोड़ने के लिए बजट में इंतजाम होगा। वहीं, चित्रकूट लिंक एक्सप्रेस-वे, गंगा और जेवर को जोड़ने के लिए लिंक एक्सप्रेस-वे और आगरा एक्सप्रेस-वे से फर्रुखाबाद को जोड़ने के लिए भी रकम की व्यवस्था की जाएगी।

**ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी बनाने की ओर होगी दिशा :** राज्य को एक ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी बनाने की दिशा में भी सरकार खजाना खोलेगी। जानकारी के मुताबिक सरकार निवेश को और रफ्तार देना चाहती है। सेमीकंडक्टर समेत अन्य उद्योगों से यूपी में निवेश लाने के लिए उद्योगों को दी जाने वाली रियायत के लिए बजट में इंतजाम होगा। इंसेंटिव के लिए पिछले बजट में हुई व्यवस्था का आकार बढ़ाया जाएगा। इसके अलावा बिजली क्षेत्रों में सुधार के लिए भी अच्छी रकम दी जा सकती है। सूत्र बताते हैं कि ऊर्जा इकाइयों की स्थापना, किसानों को मुफ्त बिजली देने की योजना का आकार बढ़ाने और बिजली के आधारभूत ढांचे में सुधार के लिए सरकार ने पैसे के इंतजाम को प्राथमिकता में रखा है।

#### धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा

वृंदावन और विंध्य कॉरिडोर के लिए तो पैसा होगा ही, इसके सरीखे और भी कॉरिडोर बनाने के लिए बजट में पैसा दिया जा सकता है। सरकार बीते काफी समय से हिंदू धार्मिक मान्यता वाले स्थलों के विकास के लिए प्रयास कर रही है। अयोध्या और काशी के बाद मथुरा और विंध्य पर सरकार का खास फोकस है। संस्कृति और पर्यटन विभाग ने कई मंदिरों के रखरखाव और वहां पर्यटन सुविधाओं के इजाफे के लिए रकम की मांग की है।

#### केंद्र सरकार से मांगा जाएगा पैसा

यूपी सरकार जीएसटी में आई कमी के एवज में केंद्र सरकार से रकम की मांग कर सकती है। पिछली बैठकों में इस पर बात भी हुई है। यूपी सरकार ने केंद्रीय आम बजट में भी यूपी को एम्स, सैनिक स्कूल, केंद्रीय विद्यालय, मेडिकल कॉलेज आदि दिए जाने की मांग की है। जीएसटी दरों में कटौती और एथनॉल के इस्तेमाल से पेट्रोल की खपत में आई कमी का असर सरकार के मौजूदा बजट पर पहले दिख रहा है। ऐसे में इससे होने वाले राजस्व नुकसान के समायोजन की मांग की जा रही है।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 24-01-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG3 User: vivek.kumar4 Time: 01-23-2026 22:32 Color:

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 24-01-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG4 User: ccl Time: 01-24-2026 00:42 Color:



## फटाफट खबरें

### सीएम से मिलकर आभार जताया

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : अवैध कब्जेदारों से मकान खाली होने पर दिवंगत सैन्य अधिकारी की बेटी ने शुक्रवार को सीएम योगी आदित्यनाथ से मिलकर उनका आभार जताया। सेना की ओर से मेजर विशाल कनौजिया को औपचारिक रूप से दिवंगत सैन्य अधिकारी की बेटी अंजना भट्ट का फोस्टर अभिभावक नियुक्त किया गया। इस अवसर पर मध्य उत्तर प्रदेश सब एरिया के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल मनीष कुकरेती, मेजर विशाल कनौजिया मौजूद रहे।

### संकटा माता को चढ़ाई पिन्नी

■ NBT न्यूज, लखनऊ: चौपटिया के संदोहन देवी मंदिर में स्थापित संकटा माता मंदिर का शुक्रवार को स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। देवी को सुहागिन महिलाओं ने चावल के आटे की बनी पिन्नी चढ़ाई। मंदिर के वरिष्ठ पदाधिकारी अनूप वर्मा ने बताया कि आठ सौ महिलाओं ने पूजा की।

### राष्ट्रीय एकता का दिया संदेश

■ NBT न्यूज, लखनऊ: सर्वधर्माय संस्थानम की ओर से शुक्रवार को सभी धर्मों का सम्मान करने की भावना जागृत करने के उद्देश्य से कैसरबाग स्थित राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में सम्मेलन आयोजित किया गया। इस अवसर पर मंच पर सभी धर्मों के प्रतिष्ठित विचारक व प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम में हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि, महंत देव्या गिरि मौलाना मुश्ताक, राकेश मैसी , डॉ. एके सचान, डॉ. नीरज जैन, व न्यायमूर्ति बीडी नकवी, पीसी कुरील, भंते ज्ञानलोक ने राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया।

### किस्सागोई में दिखी 1857 की क्रांति

■ NBT न्यूज,लखनऊ : गोमती नगर स्थित बौद्ध शोध संस्थान के प्रेक्षागृह में शुक्रवार को 'यूपी दिवस' की पूर्व संध्या पर इतिहास के पन्ने जीवंत हो उठे। सृजन शक्ति वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित 'किस्सागोई: 1857 क्रांति आग और इकलाब की' के मंचन ने दर्शकों को उस दौर के संघर्ष और बलिदान से रूबरू करवाया। डॉ. सीमा मोदी और अरशाना अज्मत की जुबानी सुनाई गई इस शौर्य गाथा ने 1857 के गदर में महिलाओं के अभूतपूर्व योगदान को रेखांकित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त आईएएस अफसर मुकुल सिंघल रहे। इस अवसर पर आईएएस अनिल कुमार, वरिष्ठ रंगकर्मी पुनीत अस्थाना, आकाशवाणी की निदेशक सुमोना पांडे और पुनीता पांडे मौजूद रहीं।

### संस्कृत में डिजिटल संसाधन पर चर्चा

■ NBT न्यूज, लखनऊ: उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान की ओर से न्यू हैदराबाद स्थित संस्थान परिसर में संस्कृत संगोष्ठी हुई। इस अवसर पर संस्कृत भाषा के विकास में डिजिटल संसाधन की उपयोगिता के बारे में बताया। गोष्ठी की शुरुआत वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी दिनेश कुमार मिश्र ने की। संगोष्ठी में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के डॉ. नीरज तिवारी भी मौजूद रहे।

### मिलमिट्स में दिखी कला और प्रतिभा

■ NBT न्यूज लखनऊ: कल्याणपुर स्थित HeMITS मीडिया ऐंड आईटी इंस्टिट्यूट में शुक्रवार को आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम 'मिलमिट्स' में मीडिया, कला, फैशन और मनोरंजन का अद्भुत संगम देखने को मिला। समारोह के दौरान नृत्य, गायन, मेहंदी और फैशन शो जैसी प्रतियोगिताओं ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीडी न्यूज के वरिष्ठ एंकर ओम प्रकाश तिवारी रहे, विशिष्ट अतिथि आकाशवाणी की एंकर पूजा विमल, वरिष्ठ शैक्षिक फिल्म निर्माता राकेश निगम और मिस्टर यूपी विजेता अभिषेक राजपूत मौजूद रहे।

# शहर पर चढ़ा वसंत का रंग

## केजीएमयू समेत शहर भर के संस्थानों में हुए आयोजन

■ टीम NBT, लखनऊ: शहर में वसंत पंचमी के मौके पर शुक्रवार को पूरा शहर वसंत के रंग में रंगा नजर आया। केजीएमयू में जहां डॉक्टर सफेद की जगह पीले कुर्तों में चमक बिखेरते नजर आए तो वहीं हर कोई सरस्वती की आराधना में सराबोर नजर आया। जहां शहर के कई संस्थानों में आयोजन हुए तो वहीं चिकित्सा संस्थानों से लेकर विश्वविद्यालय, स्कूल-कॉलेज समेत मंदिर व विभिन्न संगठनों की ओर से भी शहर में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वसंत पंचमी पर केजीएमयू परिसर में हर साल की तरह वीसी कार्यालय स्थित लॉन को फूलों से सजाया गया। गेंदे की फूलों से सजी सरस्वती वीणा के इर्द-गिर्द छात्र सेल्फी लेते नजर आए। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने पूजा कर कार्यक्रम का आगाज किया। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह भी केजीएमयू पहुंचे। उन्होंने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों को भारतीय परंपराओं से जोड़ते हैं। कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने कहा कि वसंत पंचमी ज्ञान, कला और नई सोच का पर्व है।

केजीएमयू

एलयू

तीज त्योहार

### मंदिर से लाई गई ज्योति

केजीएमयू में एमबीबीएस 2024 बैच के छात्रों को आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। सवा तीन सौ से अधिक मेडिकोज ने मंदिर परिसर और पार्क को फूलों से सजाया। रंगोलियां, फूलों की सजावट और सेल्फी पॉइंट आकर्षण का केंद्र बने। पूजन के लिए इस बार भी चंद्रिका देवी मंदिर से मां सरस्वती की खास ज्योति लाई गई। एमबीबीएस 2024 बैच के छात्र दीपक ने बताया कि बरसों से चली आ रही इस परंपरा के अनुसार इसी ज्योति से मां की पूजा-अर्चना की जाती है। इस ज्योति को पूरे कैंपस में भ्रमण कराया गया, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा। डॉ. अमिय अग्रवाल ने कहा कि मां शारदा की आराधना हमें निरंतर ज्ञान अर्जन और अनुशासित जीवन की प्रेरणा देती है। एमबीबीएस छात्रा सोनल जायसवाल ने बताया कि आयोजन के लिए छात्रों ने खुद फंड जुटाया।

### कैंसर संस्थान में हुई पूजा

कल्याण सिंह कैंसर संस्थान में मां सरस्वती की पूजा धूमधाम से हुई। संस्थान के निदेशक प्रो. एमएलबी भट्ट, डॉक्टर, रेजिडेंट, नर्सिंग स्टाफ और कर्मचारियों ने भी पूजा की। प्रसाद वितरण के साथ पूरे परिसर में बेहद खुशनुमा माहौल देखने को मिला।

### एलयू में सुंदरकांड का पाठ

एलयू के गेट नंबर एक स्थित सरस्वती प्रतिमा स्थल पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इसके अलावा भौतिक विज्ञान विभाग, जीव विज्ञान विभाग व एलयू के अन्य विभागों में भी पूजा व कार्यक्रम किए गए।

### शकुंतला विवि में हुआ हवन

डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में लॉ कैंपस में हवन किया गया। मां सरस्वती की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। कुलपति आचार्य संजय सिंह समेत विधि संकाय की अधिष्ठाता प्रो. शेफाली यादव, ललित कला एवं प्रदर्शन कला संकाय के अधिष्ठाता प्रो. पांडेय राजीवनयन, हिंदी विभाग के प्रो. यशवंत वीरोदय समेत छात्र व शिक्षक शामिल हुए।

### विधि विवि में मना वसंतोत्सव

लोहिया विधि विश्वविद्यालय की लाइब्रेरी में शुक्रवार को वसंत पंचमी पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर वीसी प्रो अमर पाल सिंह ने पूजा की। कार्यक्रम में डीन प्रो. मनीष सिंह, डॉ. अमन दीप सिंह, डॉ. विकास भाटी, डॉ. वंदना मौजूद रहे।

### वसंतोत्सव पर मिले अल्मनाई

एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कॉलेज में समारोह व अल्मनाई मीट का आयोजन किया गया। प्रिंसिपल रचना श्रीवास्तव ने पूजा कर कार्यक्रम का आगाज किया। इस मौके पर कॉलेज की पुरानी छात्राओं ने कार्यक्रम में शामिल होकर इसे यादगार बना दिया।

### एसकेडी स्कूल में भी हुई पूजा

एसकेडी स्कूल में मां सरस्वती की पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। साथ ही सुभाष चंद्र बोस की जयंती भी मनाई गई। मौके पर निदेशक मनीष सिंह ने कहा वसंत पंचमी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि ज्ञान, संस्कार और राष्ट्र निर्माण की भावना को सुदृढ़ करने का अवसर है।

### नवयुग में हुआ काव्यपाठ

नवयुग कन्या महाविद्यालय राजेंद्र नगर में वसंत पंचमी सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्रा दर्शना उपाध्याय ने भोजपुरी गीत प्रस्तुत किया तो प्राची तिवारी ने काव्यपाठ कर वसंत का स्वागत किया। मौके पर छात्राओं ने नृत्य भी प्रस्तुत किया।

### मां सरस्वती की वंदना

लखनऊ बंगीय नागरिक सम्मान की ओर से गुरुवार को एमजी मार्ग स्थित सुभाष उपवन में नेताजी सुभाष चंद्र बोस और स्वामी विवेकानंद की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। वसंत पंचमी के अवसर पर कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना से हुई। इसके बाद नेताजी, स्वामी विवेकानंद और मां सरस्वती के चित्रों पर माला अर्पित की गई।

## छात्राओं ने नृत्य किया

लखनऊ पब्लिक स्कूल (सीपी सिंह फाउंडेशन) की सभी दस शाखाओं में शुक्रवार को वसंत पंचमी मनाई गई। मौके पर छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुत किया। स्कूल की निदेशिका डॉ. रश्मि पाठक ने सभी को शुभकामनाएं दीं। एल्डिको, सेक्टर-आई, सेक्टर-डी, जानकीपुरम और साउथ सिटी शाखा में छात्रों और शिक्षकों ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद लिया।

## बच्चों ने बनाई पतंग

जीडी गोयनका स्कूल में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्राइमरी के बच्चों ने पतंगें बनाईं। कक्षा दो के छात्रों ने कहानी वाचन प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इसके अलावा कई छात्रों ने वसंत पर डेकोरेटिव क्राफ्ट बनाकर अपनी क्रिएटिविटी दिखाई।

### फूलों से सजा आयुर्वेदिक कॉलेज

टुड़ियागंज स्थित राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल परिसर में विधि विधान से सरस्वती पूजा हुई। छात्राओं ने फूलों की रंगोली बनाई। इस दौरान पूरा परिसर फूलों से सजा रहा। रंग-बिरंगी पतंगें चारों तरफ लहरा रही थीं।

### डफरिन में भी रही धूम

वीरांगना अवंतीबाई महिला अस्पताल (डफरिन) में मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम में प्रमुख चिकित्सा अधिक्षिका डॉ. ज्योति मेहरोत्रा, डॉ. रंजना, डॉ. उपासना सहित चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे।

### बच्चों ने मनाया वसंत उत्सव

पारा स्थित राज एस्टेट पब्लिक स्कूल (REPS) में वसंत पंचमी पर उत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर सभी स्टूडेंट्स पीले कपड़े पहनकर आए।

### देवरहा आश्रम पर हुआ भंडारा

निगोहां के नंदनी गौशाला स्थित देवरहा आश्रम में शुक्रवार को भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुंदरकांड पाठ, हवन, पूजन और आरती के साथ हुई।

### तहरी भोज

हर वर्ष की तरह हेल्पिंग हार्ट्स फाउंडेशन ने वसंत पंचमी के अवसर पर सिन्हा निवास स्पंदन में तहरी भोज का आयोजन किया। कार्यक्रम में शहर के साहित्यकारों और कलाकारों ने मां सरस्वती की पूजा की।

### लगाई होलिका, गाए गीत

वसंत पंचमी पर शुक्रवार को चौराहों पर होलिका लगाई गई। इस अवसर पर लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर बधाई दी और फाल्गुन के गीत भी गाए। डालीगंज स्थित मनकामेश्वर मंदिर-मठ के सामने होलिका लगाई गई। मंदिर की महंत देव्यागिरि ने विधि-विधान से पूजा कर होलिका लगाई।



### मूर्ति पूजन के साथ हुआ भंडारा

निगोहां के मस्ती पुर गांव में स्थित एसबीआरएन अकेडमी में वसंत पंचमी के अवसर पर सरस्वती माता की पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश किया।

## बंगाली परिवारों ने अपने बच्चों का करवाया विद्यारंभ संस्कार

■ NBT न्यूज, लखनऊ: बंगाली परिवारों में मां सरस्वती की पूजा श्रद्धाभाव से की गई। इस अवसर पर बच्चों की विद्यारंभ संस्कार हाथे खोड़ी पूजा भी हुई। साथ ही नेताजी सुभाष चंद्र बोस को भी उनकी जयंती पर याद किया गया। इसके अलावा बच्चों और महिलाओं की खेल प्रतियोगिताएं, भंडारा भी किया गया।

रामकृष्ण मठ, निराला नगर में देवी सरस्वती की प्रतिमा की पूजा के साथ-साथ बेदी में मां सारदा देवी के चित्र को रखा गया। उनकी भी पूजा की गई। इस अवसर पर मठ के अध्यक्ष स्वामी मुक्तिनाथानंद कहा कि श्री रामकृष्ण परमहंस कहा करते थे कि मां सारदा देवी स्वयं सरस्वती एवं ज्ञानदायनी हैं। जीवों को अज्ञान का अंधकार नाश करने के लिए उनका अविर्भाव हुआ था। इसी वचन को ध्यान में रखते हुए रामकृष्ण मठ में देवी के साथ मां सारदा देवी की पूजा भी की गई। हीवेट रोड स्थित बंगाली क्लब में देवी सरस्वती की पूजा की गई। इस अवसर पर माता-पिता ने अपने छोटे बच्चों की पढ़ाई की शुरुआत हाथे खोड़ी संस्कार से करवाई।

**कालीबाड़ी में पूजा के साथ बच्चों ने शुरू की पढ़ाई :** कैसरबाग घसियारी मंडी कालीबाड़ी मंदिर में पुजारी रूपनाथ महापात्र ने देवी सरस्वती की पूजा के साथ बच्चों का विद्यारंभ संस्कार हाथे खोड़ी किया। पांच तरह की सब्जियों का भाजा, चटनी, खीर व रसगुल्ला का भोग लगाया। उसके बाद दोपहर से भंडारा शुरू हुआ। वहीं कैंटोमेंट पूजा सेवा समिति की ओर से कैंट में देवी की पूजा के साथ बच्चों का विद्यारंभ संस्कार हाथे खोड़ी किया गया। इसके अलावा बच्चों और महिलाओं की खेल प्रतियोगिताएं की गईं। इसमें बच्चों म्यूजिकल चेयर रेस में भूमि डे और सांची डे अव्वल रहीं। वहीं महिलाओं में रिंकू डे प्रथम व सम्पा घोष द्वितीय स्थान पर रहीं। बच्चों की शंख ध्वनि प्रतियोगिता में किशोर डे प्रथम व इंद्रनील घोष क्रमशः प्रथम और द्वितीय रहे। वहीं महिलाओं में बिमुदा डे भव्या डे अव्वल रहीं।

## कहीं यज्ञोपवीत संस्कार, कहीं नृत्य की बहार

■ NBT न्यूज, लखनऊ: वसंत पंचमी पर कहीं बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार हुआ तो कहीं देवी को नृत्य के जरिए अपनी श्रद्धा अर्पित की गई। इसके अलावा देवी को अबीर-गुलाल चढ़ाया गया।

महानगर स्थित श्री रामलीला समिति की ओर से 70 बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार कराया गया। महापौर सुषमा खर्कवाल ने बटुकों को आशीर्वाद और समिति को भवन निर्माण के लिए बीस लाख रुपये दान स्वरूप देने का आश्वासन दिया।

वहीं चौक क्षेत्र के कोनेश्वर चौराहे के निकट स्थित शाह गंगा प्रसाद धर्मशाला में परशुराम शौर्य सम्मान फाउंडेशन द्वारा 51 ब्राह्मण बच्चों का यज्ञोपवीत संस्कार करवाया गया।

**देवी को अर्पित किया रंग-अबीर:** इंदिरा नगर, सेक्टर-14 स्थित जन कल्याण समिति की महामंत्रि सविता शुक्ला के नेतृत्व में हर्षोल्लास के साथ वसंत उत्सव मनाया गया। मां सरस्वती को पीले फूल चढ़ाए गए।

## पिया आयो वसंत...

■ NBT न्यूज ,लखनऊ : श्री नृत्यधाम दक्ष फाउंडेशन ने शुक्रवार को जानकीपुरम सेक्टर-डी गार्डन में 'वासंतिका उत्सव' का आयोजन किया। कार्यक्रम में नृत्यांगनाओं ने अपनी कला के माध्यम से मां सरस्वती को नमन किया। इस मौके पर वीना सेवक, डॉ. शगुफ्ता, डॉ. शालिनी अवस्थी, लता मिश्रा मौजूद रहीं। दक्षता तिवारी, विदुषी सिंह, विदुषी अवस्थी, रिधि, रक्षिता, अद्विका और रेहा सहित अन्य बाल कलाकारों ने 'पिया आयो वसंत' गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया।

**समारोह** सांस्कृतिक गौरव संस्थान के तहत 'भावी भारत के निर्माण में स्वामी विवेकानंद और सुभाष चंद्र बोस की भूमिका' विषय पर हुआ कार्यक्रम

## स्वामी विवेकानंद और नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रेरणा से भारत बनेगा सशक्त

■ NBT न्यूज, लखनऊ: स्वामी विवेकानंद और सुभाष चंद्र बोस के जीवन से प्रेरणा लेकर समर्थ और सशक्त भारत बनेगा। स्वामी विवेकानंद ने भारत के युवाओं में आत्मविश्वास और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना का संचार किया।

ये बातें केजीएमयू के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सूर्यकान्त ने कहीं। वह शुक्रवार को सांस्कृतिक गौरव संस्थान (अवध प्रांत) लखनऊ के कार्यक्रम में 'भावी भारत के निर्माण में स्वामी विवेकानंद और नेताजी सुभाष चंद्र बोस की भूमिका' विषय पर हुए कार्यक्रम में अपनी बात रख रहे थे। शहीद पथ स्थित बिरला ओपन माइंड इंटरनेशनल स्कूल में कार्यक्रम हुआ। मौके पर हरिशरण मिश्रा, कृष्ण कुमार मिश्रा, प्रमेंद्र शुक्ला, सौदी पांडेय, सुनील कपूर, प्रफेसर शशि मिश्रा, उमेश पाटिल, शशिकांत और रवींद्र कुमार, प्रधानाचार्या उज्मा मौजूद रहीं।

शहीद पथ स्थित बिरला ओपन माइंड इंटरनेशनल स्कूल में कार्यक्रम हुआ।

### सरस्वती पूजन और सुभाष जयंती पर भंडारा

■ NBT न्यूज लखनऊ : वसुधा फाउंडेशन ने वसंत पंचमी के अवसर पर गोमतीनगर स्थित रघुनाथ रामेश्वरम मंदिर में शुक्रवार को 29वें विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। संस्था की सचिव मीनू श्रीवास्तव ने बताया कि फाउंडेशन द्वारा प्रत्येक वर्ष सरस्वती पूजन के उपरांत इस भंडारे की परंपरा का निर्वहन किया जा रहा है। इसी क्रम में श्रद्धा और उल्लास के साथ प्रसाद वितरण संपन्न हुआ। भंडारे के साथ-साथ नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्ण नमन किया गया। कार्यक्रम में संयोजक राकेश श्रीवास्तव, उमेश कुमार सिंह, अवधेश कुमार शुक्ला, बृजेश शुक्ला सहित अन्य उपस्थित रहे।

### 'महापुरुषों के आदर्शों का पालन करना चाहिए'

■ NBT न्यूज, सरोजनीनगर: सरोजनीनगर स्थित शिवसेना प्रदेश कैंप कार्यालय पर शुक्रवार को तीन महान विभूतियों बालासाहेब ठाकरे, नेताजी सुभाषचंद्र बोस और महाराजा सुहेलदेव की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर फल, फूल एवं मिष्ठान अर्पित कर तीनों महापुरुषों को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण सबसे कम उम्र की बच्ची पीहू रही, जिसने केक काटा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिवसेना प्रदेश अध्यक्ष डा. अनिल सिंह ने कहा कि राष्ट्र को एकजुट करने के लिए हम सभी को इन तीनों महापुरुषों के आदर्शों का पालन करना चाहिए।

### पुष्पमाला अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

■ NBT न्यूज, सरोजनीनगर: उत्तर प्रदेश जनहित व्यापार मंडल के सरोजनीनगर स्थित प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा ने की।

उन्होंने कहा कि सुभाष चंद्र बोस का नारा 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' केवल शब्द नहीं, बल्कि देश की आजादी के लिए उनके अदम्य साहस और बलिदान की भावना का प्रतीक था। इस अवसर पर नेताजी के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर महामंत्री दिलीप द्विवेदी, जितेंद्र कुमार हलेला, सरदार हरजीत सिंह, नरेश सिंह रावत, राजकुमार मौर्य, पंकज सिंह, रामबली यादव मौजूद रहे।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 24-01-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG5 User: pratik.awasthi Time: 01-24-2026 00:39 Color:



# साहब! हम बीमार हो रहे हैं, महकमे में कहीं भी तबादला कर दीजिए

## ट्रैफिक ड्यूटी से परेशान 50 पुलिसकर्मियों ने दिए प्रार्थना पत्र, बताया दर्द, खराब खानपान से हो रही पाइल्स, प्रदूषण से कान और फेफड़ों की बीमारी

Gyaneshwar.prasad
@timesofindia.com

लखनऊ : राजधानी की ट्रैफिक व्यवस्था संभालने में जुटे पुलिसकर्मी खराब खानपान और पल्यूशन के कारण गंभीर बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। किसी को बवासीर की दिक्कत हो रही है तो गाड़ियों के शोर के चलते किसी को सुनाई देना कम हो गया है। वहीं नहीं गाड़ियों के धुएं से होने वाले पल्यूशन से पुलिसकर्मियों को लंग्स में संक्रमण भी हो रहा है। ट्रैफिक ड्यूटी और बीमारियों से परेशान 50 से अधिक पुलिसकर्मियों ने डीसीपी को प्रार्थना पत्र देकर कहीं भी तबादला करने की गुजारिश की है।

### बेवजह बजने वाले हॉर्न से दिक्कत

चौराहों पर रेड लाइट होने के बावजूद गाड़ियों को बंद न करने से उनसे निकलने वाले धुएं से पल्यूशन हो रहा है। सिग्नल होते ही आगे निकलने की होड़ में लोग गाड़ियों के हॉर्न बजाने से बाज नहीं आ रहे हैं, जिससे ध्वनि प्रदूषण हो रहा है। इसमें हूटर लगी गाड़ियों का सबसे ज्यादा हाथ है। हूटर लगाकर चलने वाले दूसरी गाड़ियां रास्ता पाने के चक्कर में लगातार सायरन बजाते हैं। यही वजह है कि चौराहे पर खड़े ट्रैफिक पुलिसकर्मी धुएं से होने वाले प्रदूषण और गाड़ियों के हॉर्न के तेज आवाज से ध्वनि प्रदूषण का शिकार हो रहा है, जिसकी वजह से पुलिसकर्मियों को कान और सांस से जुड़ी बीमारियां हो रही हैं।

### कई बार नसीब नहीं हो पाता है घर का खाना

ड्यूटी ऑवर अधिक होने की वजह से ट्रैफिक पुलिसकर्मी अक्सर घर का बना खाना नहीं खा पा रहे हैं। मजबूरन उन्हें स्ट्रीट फूड का सहारा लेना पड़ रहा है। वीआईपी ड्यूटी या किसी आयोजन के समय तो उन्हें दो-तीन दिन बाहर के खानपान के सहारे ही रहना पड़ता है। ड्यूटी के दौरान पीने का पानी भी इधर-उधर से ही पीना पड़ रहा है। बेहतर व नियमित खानपान न होने और अधिक समय तक खड़े रहने से पुलिसकर्मियों में कब्ज और पाइल्स की समस्या हो रही है। ट्रैफिक महकमे के एक पुलिसकर्मी ने बताया कि मौजूदा समय करीब 30 पुलिसकर्मी पाइल्स बीमारी की चपेट में हैं। इस बीमारी के चलते उन्हें ड्यूटी करने में भी काफी परेशानी हो रही है।



### रैश ड्राइविंग रोकने में हो रहे चोटिल

चौराहों पर रेड लाइट होने के बावजूद कई वाहन सवार आगे निकलने की होड़ में रहते हैं। रेड लाइट जंप कर ट्रैफिक रूल्स तोड़ने वाले वाहन सवारों को रोकने में औसतन रोज एक पुलिसकर्मी चोटिल हो रहा है। इसके अलावा शहर में हो रही रैश ड्राइविंग रोकने में लगे पुलिसकर्मी भी वाहनों की चपेट में आकर घायल हो रहे हैं। इस वजह से भी पुलिसकर्मियों का मोह ट्रैफिक दुरुस्त करने के लिए लगी ड्यूटी से भंग हो रहा है। डीसीपी ट्रैफिक कमलेश दीक्षित का कहना है कि तबादले के लिए कई पुलिसकर्मियों ने आवेदन किया है। उन पर विचार करने के साथ व्यवस्था को ठीक करने का प्रयास किया जा रहा है।

### फोर्स कम होने से काम का दबाव

| पद | स्वीकृत | उपलब्ध |
|---|---|---|
| TI | 12 | 9 |
| TSI | 187 | 148 |
| हेड कॉन्स्टेबल | 219 | 229 |
| कॉन्स्टेबल | 1095 | 756 |
| होमगार्ड | 495 | 281 |
| पीआरडी | 50 | 44 |

### प्रमुख जगहों पर शुक्रवार को PM 2.5 का स्तर

| जगह | 10AM | 6PM |
|---|---|---|
| तालकटोरा | 260 | 286 |
| लालबाग | 239 | 221 |
| अलीगंज | 237 | 234 |
| गोमतीनगर | 132 | 127 |
| बीबीएयू | 112 | 112 |

[ PM2.5 का स्तर माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर में। PM2.5 हवा में मौजूद बेहद सूक्ष्म हानिकारक कण होते हैं, जो सांस लेने पर फेफड़ों और रक्तप्रवाह में गहराई तक पहुंचकर गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर सकते हैं। ]

### सराफा

सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम
लखनऊ ₹1,59,175
चांदी .999 टंच प्रति किलो
लखनऊ ₹3,40,000

### अर्थसार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 81,537.70 | (-769.67) |
| निफ्टी | 25,048.65 | (-241.25) |
| रु/यूएस डॉलर | 91.61 | (+0.03) |
| रु/यूरो | 107.62 | (+0.56) |

### मौसम

अधिकतम तापमान 25.3°
न्यूनतम तापमान 9.8°
सूर्योदय 5:42 शनिवार | सूर्यास्त 6:55 रविवार

### शहर में आज

- फर्स्ट हैंड्स ऑन कॉलर इम्प्लांट वर्कशॉप, खुराना प्रेक्षागृह, पीजीआई, सुबह 9 बजे।
- राजकीय पॉलिटेक्निक का पायवा दीक्षांत समारोह, संस्थान परिसर, सुबह 11:30 बजे।
- जश्न-ए-आदाब की ओर से साहित्योत्सव कल्चरल कारवां, यूपी संगीत नाटक अकादमी, गोमती नगर, दोपहर 2 बजे।
- गुलाब और ग्लैडियोलस प्रदर्शनी, केंद्रीय लॉन, एनबीआरआई, दोपहर 2 बजे।
- ट्रांसफॉर्मिंग रियल एस्टेट इन उत्तर प्रदेश थ्रू ग्रीन बिल्डिंग, दि हैड जेबीआर, विरामखंड-4, गोमती नगर, दोपहर 3 बजे।
- यूनिवर्सल बुकसेलर्स की ओर से रेल्स थ्रू राज का विमोचन और परिचर्चा, ए-1/10, विवेकखंड, मिठाई वाला चौराहा, गोमती नगर, शाम 4 बजे।

# गंदी नाली पर परोस रहे थाली

**NBT ग्राउंड रिपोर्ट**

लखनऊ : खाने-पीने के ठिकानों पर बनती चाय, खुली कड़ाही से निकलती पूड़ी-भटूरे, कटे फल स्वाद से ज्यादा गंदगी और बीमारियों को खुद में समेटे हुए हैं। इसकी वजह है गंदगी। कई जगह तो खुले गंदे नाले और कूड़े के ढेर पर खाने की सामग्री तैयार की जा रही है। इन जगहों पर मिलनेवाले दूध, पानी और तेल की क्वॉलिटी पर हमेशा सवाल उठते रहते हैं। पूरे मामले में शहर में खाद्य सुरक्षा और साफ-सफाई की जिम्मेदारी निभाने वाले विभागों में एफएसडीए, जिला प्रशासन या फिर नगर निगम की निगरानी व्यवस्था सवालों के घेरे में है। नियमित जांच और चालान की प्रक्रिया न के बराबर होती है, जिससे छोटे होटल वाले हों या फिर ठेले वाले...सब निडर हैं। पुराने लखनऊ और मेडिकल कॉलेज के बाहर कुछ ऐसे ही हालातों को बयां करती **चीफ फोटो जर्नलिस्ट संदीप रस्तोगी** की तस्वीरें और आंखों देखी:

### चोक नाली पर लगी भट्ठी

**हुसैनाबाद 12:30PM**

छोटे इमामबाड़े से आगे बढ़ते ही कॉर्नर पर इरफान चौधरी के होटल के सामने महीनों से बजबजाती चोक नाली, जिस पर लगी भट्ठियां और उसपर तैयार हो रहा शीरमाल, रोटियां और कबाब-पराठा। नगर निगम की लापरवाही की फोटो क्लिक होता देख दुकान मालिक स्थानीय पार्षद को दोष देने लगे और अपनी मजबूरी बताने लगे जबकि कोई भी समझ सकता है कि नगर निगम के साथ ही खानपान की सामग्री तैयार करने वाला भी उतना ही जिम्मेदार है।

### नाले के ऊपर बिरयानी की दुकान

**चरक चौराहा 1:15PM**

चौराहे से होकर गुजर रहे खुले नाले के ऊपर और उसके आसपास भारी भीड़ के बीच ठेले पर बिरयानी बेची जा रही है। धुएं, धूल, वाहनों के प्रदूषण और गंदगी के बीच तैयार यह भोजन लोगों को परोसा जा रहा है। आश्चर्यजनक यह है कि गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों के बावजूद लोग खाने को नकार नहीं रहे हैं। नाले से उठती बदबू और गंदा पानी भोजन को लगातार दूषित कर रहे हैं। चौराहे पर खानपान की ऐसी स्थिति को देखकर लगता है कि नगर निगम, एफएसडीए जैसे विभाग इधर आना भूल चुके हैं।

### तीमारदार न हो जाएं बीमार

**मेडिकल कॉलेज 1:30PM**

केजीएमयू के सभी गेटों का कमोबेश एक ही हाल है। धूल भरी सड़क के किनारे चाय, चाट, कटे फल, आमलेट, छोले-पूड़ी और भटूरों की दुकानों की भरमार है। इन दुकानों में खाने के स्वाद से ज्यादा गंदगी के मामले में कॉम्पिटिशन है। दूर-दराज से आए परेशान हाल तीमारदार, जो अपने मरीज के लिए सुबह से KGMU के रास्ते नाप रहे हैं, भूख लगने पर इन्हीं ठेलों, खोमचों और दुकानों का रुख करते हैं। यहां बिकने वाली खाद्य सामग्री थोड़ी देर के लिए भूख तो शांत करती है लेकिन कई बीमारी भी दे जाती है।



### थाली के साथ गंदगी फ्री

**चौक 1:00PM**

खानपान में नंबर वन माने जाने वाले चौक चौराहे पर ही कचौड़ी कॉर्नर के नाम से होटल, बोर्ड के ठीक नीचे लगा धूल और जाले से लिपटा एग्जास्ट देखकर ऐसा लगता है कि जब से यह लगाया गया, तब से अब तक सफाई तक नहीं करवाई गई है। ऐसी स्थिति में थाली में पूड़ी-सब्जी के साथ लोग बीमारी भी मजे से ले जा रहे हैं।

स्ट्रीट वेंडर्स के खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांचने के लिए समय-समय पर अभियान चलाया जाता है। अगले माह से जोनवार वेंडिंग जोन में लगने वाली दुकानों से खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे जाएंगे।
*-वीपी सिंह, सहायक आयुक्त द्वितीय, FSDA*

# वजीरगंज में एक साल से दूषित पानी की सप्लाई, सुनवाई भी नहीं

बीमार हो रहे इलाके के लोग, घरों के बाहर प्लास्टिक की टंकी से जरूरत का पानी लेने को मजबूर

■NBT न्यूज, लखनऊ: वजीरगंज के मल्लाहीटोला के कई इलाकों में एक साल से दूषित पानी आ रहा है। लोग गंदा पानी पीकर बीमार हो रहे हैं। गंदे पानी को लेकर लोगों में खासी नाराजगी है। शुक्रवार को महिलाएं घरों के बाहर बर्तन लेकर उतरीं और नाराजगी जताई। जरूरत के पानी के लिए लोग मोहल्ले में सड़क किनारे लगी प्लास्टिक की टंकी का सहारा लेने को मजबूर हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार जगह-जगह पाइपलाइन में लीकेज हैं, पानी की बर्बादी भी हो रही है। सुबह-शाम घरों में आने वाली पानी की सप्लाई जलकल विभाग की ओर से की जाती है, जोकि सीधे सिटी स्टेशन जुबिली कॉलेज के निकट टंकी से आती है। मकान नंबर-9 निवासी तनम्मा सिद्दीकी ने बाल्टी में गंदा पानी दिखाते बताया कि इलाके में सुबह करीब 3 बजे से 11 बजे तक और शाम को 6 बजे से रात 9 बजे तक पानी की आपूर्ति का समय निर्धारित है। प्रतिदिन सप्लाई के दौरान शुरुआत में आधे घंटे तक पानी के साथ मिट्टी और कीचड़ आता है। कई बार इलाके जन प्रतिनिधियों के साथ ही जलकल विभाग के अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। स्टील के कटोरे में गंदा पानी दिखाते हुए मेहरजहां ने बताया कि बीते करीब महीने भर पहले कुछ जगहों पर भूमिगत पाइपलाइन की मरम्मत के लिए इलाके में सड़क खोदी गई, लेकिन पानी की क्वॉलिटी में कोई सुधार नहीं हुआ। सुबह का गंदा पानी दिखाते हुए नसरीन ने आरोप लगाया कि बीते एक साल से इलाके में नल के पानी की यही स्थिति है।

शिकायत पर कई बार इलाके में जलकल विभाग की टीम आती है, लेकिन खानापूर्ति करके चली जाती है। सबीना, रजी अहमद, बबलू ने आरोप लगाया कि गंदे पानी की वजह से कई लोग पेट संबंधी बीमारियों से जूझ रहे हैं। पहले पानी में दुर्गंध भी तेज थी। अब कुछ जगह पाइपलाइन की मरम्मत के बाद दुर्गंध की समस्या कम हो गई। जलकल विभाग के अधिकारी समस्या की वजह से पुरानी पाइपलाइन बता रहे हैं।

टीम को इलाके में भेज रहे हैं। पता करवाते हैं, समस्या की मुख्य वजह क्या है, जिससे प्रभावी तरीके से दूषित पानी की समस्या का निस्तारण करवाया जा सके।
*- कुलदीप सिंह, जीएम, जलकल विभाग*

### वॉटर रिपोर्ट: 7 जगहों पर की गई जांच, बांसमंडी की रिपोर्ट संदिग्ध

जलकल विभाग की ओर से बीते गुरुवार को शहर के विभिन्न इलाकों में सात स्थानों पर पानी की ओटी जांच करवाई गई। इनमें 6 स्थानों पर पानी पीने योग्य पाया गया। हालांकि कैसरबाग क्षेत्र के तहत बांसमंडी में पानी की रिपोर्ट संदिग्ध पाई गई। बाद में जलकल विभाग की टीम ने बांसमंडी से पानी के 2 सैंपल लेकर बैक्टीरियल और केमिकल जांच के लिए अलीगंज स्थित राज्य स्वास्थ्य संस्थान भेजी गई है।

## EMT ट्रेनिंग सेंटर से भोजन के सैंपल सुरक्षित

■NBT न्यूज, लखनऊ : एमसी सक्सेना कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग ऐंड टेक्नॉलजी स्थित 108 एंबुलेंस सेवा के ईएमटी ट्रेनिंग सेंटर में हुई फूड पॉइजनिंग की घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन हरकत में आ गया है। सूत्रों के मुताबिक भोजन के सैंपल सुरक्षित कर लिए गए हैं और खाद्य सुरक्षा विभाग को भी जानकारी दी गई है। भर्ती किए गए 20 प्रशिक्षुओं में दो को छुट्टी दी जा चुकी है, जबकि 18 ट्रेनी सामान्य वॉर्ड में उपचाराधीन हैं।

### काम की खबरें

#### घर बैठे बनेगा ठाकुरगंज अस्पताल का पर्चा

■NBT न्यूज, लखनऊ : ठाकुरगंज टीबी संयुक्त अस्पताल में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन सिस्टम (ओआरएस) की शुरुआत की गई है। अब मरीज घर बैठे ही ऑनलाइन पंजीकरण कर पर्चा बनवा सकते हैं। अस्पताल में रोजाना ओपीडी में एक हजार से ज्यादा मरीज पर्चा बनवाने आते हैं। अस्पताल के सीएमएस डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि यह सुविधा आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा) ऐप के तहत उपलब्ध है।

#### नर्मदा अपार्टमेंट के फ्लैटों के लिए पंजीकरण आज से

■NBT न्यूज, लखनऊ: गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-4 में प्रस्तावित नर्मदा अपार्टमेंट के लिए फ्लैटों का पंजीकरण शनिवार से शुरू हो गया है। पंजीकरण की प्रक्रिया 24 जनवरी से 23 फरवरी तक चलेगी और आवेदन केवल एलडीए की वेबसाइट के माध्यम से किया जा सकेगा। परियोजना में लगभग 2,100 वर्गफुट क्षेत्रफल के 300 लग्जरी फ्लैट्स और 12 पेंट हाउस बनाए जाएंगे। फ्लैटों की कीमत 1.40 करोड़ रुपये से शुरू होगी, जबकि पेंट हाउस की कीमत 2.8 करोड़ रुपये से शुरू होगी। एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार ने बताया कि पंजीकरण के लिए फ्लैट की अनुमानित कीमत का 5% शुल्क जमा करना होगा। आरक्षित वर्ग के लिए यह शुल्क 2.5% रखा गया है। अपार्टमेंट में जिम, स्विमिंग पूल, पार्क, क्लब हाउस, किड्स प्ले एरिया, पावर बैकअप और 500 से अधिक वाहनों की पार्किंग की सुविधा उपलब्ध होगी।

**90 मीटर ऊंचे 3 टावर बनेंगे**

**29 मंजिला होगा अपार्टमेंट**

330 करोड़ लागत में 12,000 वर्गमीटर क्षेत्र में बनने वाला यह अपार्टमेंट एलडीए का अब तक का सबसे हाईराइज अपार्टमेंट होगा। प्रोजेक्ट में 90 मीटर ऊंचे तीन टावर होंगे, जो 29 मंजिल होंगे। निर्माण तीन वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, जबकि आवंटियों को पांच वर्ष में कब्जा देने की योजना है।

## आज हल्की बारिश के आसार

■NBT रिपोर्ट, लखनऊ : जनवरी के बीतने के साथ ही पारा भी चढ़ने लगा। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 25.3 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 9.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आने वाले दिनों में अधिकतम 23 और न्यूनतम 13 डिग्री सेल्सियस रहेगा। वहीं शनिवार को लखनऊ में सुबह के समय आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। साथ ही हल्की बारिश की संभावना है। देर शाम तक मौसम पूरी तरह साफ हो जाएगा। मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक पूर्वी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर बहुत हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। शुक्रवार को श्रावस्ती में 3, कैसरगंज में 2.5, गाजियाबाद में 1.5, मेरठ और अलीगढ़ में 0.6 मिमी बारिश दर्ज हुई है।

## KGMU ने 5 मजारों को हटाने के लिए दिया 15 दिन का अल्टीमेटम

■NBT न्यूज, लखनऊ: केजीएमयू परिसर में बनी पांच मजारों पर अब यूनिवर्सिटी प्रशासन ऐक्शन मोड में आ गया है। प्रशासन ने साफ कहा है कि ये मजार केजीएमयू की जमीन पर बिना अनुमति बनाई गई हैं। माइक्रोबायोलॉजी विभाग भवन संख्या-2 के पीछे विश्वविद्यालय की जमीन पर बनी पांचों मजार को अवैध मानते हुए इन्हें हटाने के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। मजार के जिम्मेदारों को 15 दिन का इन्हें खुद से हटाने का अल्टीमेटम दे दिया है। यह नोटिस केजीएमयू कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद के निर्देश पर भूमि अधिग्रहण के नोडल अधिकारी प्रो. केके सिंह ने जारी किया है। मजारों पर नोटिस भी चस्पा कर दिए गए हैं।

केजीएमयू प्रशासन ने निर्देश दिया है कि परिसर के अंदर बनी मजार को सात दिन और केजीएमयू के बगल में बनी मजार को 15 दिन के भीतर खुद हटा लें। तय समय में मजार नहीं हटाए गए, तो प्रशासन बलपूर्वक कार्रवाई करेगा। केजीएमयू परिसर के अंदर की मजार कच्ची है, जबकि बगल वाली मजार पर पक्का निर्माण है। इसी वजह से पक्की मजार को हटाने के लिए 15 दिन की मोहलत दी गई है।

**जिम्मेदारों से कहा- खुद हटाएं, नहीं तो कड़ी कार्रवाई होगी**

केजीएमयू नोडल अधिकारी प्रो. केके सिंह ने बताया कि कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद के निर्देश पर डेढ़ साल पहले ही अवैध कब्जों को हटाने की प्रक्रिया शुरू की गई थी। अब बचे हुए सभी अवैध निर्माण भी हटाए जाएंगे। विश्वविद्यालय शैक्षणिक और चिकित्सकीय संस्थान है। यहां नियमों के खिलाफ किसी भी तरह का निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया 15 दिन में अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो, बलपूर्वक ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी।

### शिया धर्मगुरु ने किया विरोध

केजीएमयू के नोटिस का शिया धर्म गुरु और शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव मौलाना यासूब अब्बास ने विरोध किया है। उन्होंने कहा कि मस्जिदों, मजारों, दरगाहों और कर्बलाओं को टारगेट करना गलत है। मजार आस्था का हिस्सा है। उन्होंने सीएम योगी आदित्यनाथ से इस निर्देश को वापस करवाने की मांग की है।

नए आधार कार्ड में पिता का नाम न होने से रिजेक्ट हो रहे आवेदन, परिवहन आयुक्त ने किया गठन

## लर्निंग DL में आधार के विकल्प पर कमिटी लेगी निर्णय!

■NBT रिपोर्ट, लखनऊ

नए आधार कार्ड में पिता का नाम न होने से लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस (DL) न बन पाने की दिक्कत तमाम दावों के बावजूद दूर नहीं हो पाई है। अब इस समस्या के मद्देनजर परिवहन आयुक्त ने एक कमिटी बनाई है। यह कमिटी निर्णय लेगी कि पिता के नाम के प्रमाण पत्र के रूप में आधार कार्ड के साथ और क्या दस्तावेज लिया जाए। कमिटी जो निर्णय लेगी, उसके आधार पर एनआईसी और मॉर्थ को इसकी सूचना दी जाएगी। इसके बाद इसे पोर्टल पर अपडेट किया जाएगा।

ड्राइविंग लाइसेंस की प्रक्रिया लर्निंग लाइसेंस बनवाने के साथ शुरू होती है। लर्निंग लाइसेंस पूरी तरह ऑनलाइन है। आधार कार्ड में दर्ज विवरण के आधार पर ही लर्निंग लाइसेंस बनता है। इस बीच नए आधार कार्ड में धारक के नाम के साथ पिता का नाम नहीं दर्ज हो रहा है। ऑनलाइन पोर्टल इस नए आधार कार्ड को एक्सेप्ट नहीं कर रहा है। अब ऐसे आवेदकों के सामने लाइसेंस बनवाने की मुश्किल हो गई है। इसके अलावा नाम में स्पेशल कैरेक्टर है तो भी पोर्टल इसे एक्सेप्ट नहीं कर रहा है। उदाहरण के तौर पर किसी का नाम में मोहम्मद है और आधार कार्ड पर नाम में Mohd. है तो लाइसेंस नहीं बन सकता, क्योंकि, नाम में डॉट (.) लगा हुआ है। यही हाल Smt. Km. आदि होने पर भी हो रहा है। यह समस्या पिछले कई महीनों से बनी हुई है।

आधार ही एकमात्र विकल्प से बढ़ी है मुश्किल : लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस में आरटीओ का हस्तक्षेप खत्म होते ही आवेदकों के सामने मुश्किलें खड़ी हो गई हैं। मॉर्थ ने फेसलेस की पूरी जिम्मेदारी एनआईसी को दी है। एनआईसी के सॉफ्टवेयर सारथी पोर्टल पर लर्निंग लाइसेंस के लिए आधार कार्ड ही एकमात्र मान्य दस्तावेज है, जबकि मोटर व्हीकल ऐक्ट के तहत 10 प्रमाण पत्र मान्य हैं। इनमें वोटर आईडी कार्ड, लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी, पासपोर्ट, केंद्र, राज्य या स्थानीय प्रशासन की ओर जारी पे स्लिप, स्कूल प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, सिविल सर्जन से ऊपर के मेडिकल प्रैक्टिशनर की ओर जारी प्रमाण पत्र, राज्य सरकार की ओर से जारी प्रमाण पत्र शामिल हैं। 2022 में जब घर बैठे लर्निंग लाइसेंस की व्यवस्था बनाई गई तो कहा गया कि सिर्फ आधार कार्ड ही जरूरी रहेगा। माना जा रहा है कि कमिटी पुरानी व्यवस्था को फिर लागू करने पर निर्णय ले सकती है।

सिस्टम-सर्वर के कुचक्र में अटके ड्राइविंग लाइसेंस

आधार में नाम के आगे डॉट, डीएल आवेदन अटका

फेसलेस व्यवस्था में MV ऐक्ट भी दरकिनार

लर्निंग लाइसेंस में सिर्फ आधार कार्ड की अनिवार्यता की वजह से आवेदक परेशान हैं। NBT ने इस मुद्दे को लगातार उठाया है।

**कमिटी की जरूरत क्यों?**

अधिकारियों ने बताया कि पहले तय किया गया था कि पिता का नाम आवेदक खुद दर्ज कर सकेगा। हालांकि, इस पर विवाद की स्थिति हो सकती है। आमतौर पर कई आवेदक साइबर कैफे या किसी दूसरी की मदद से फॉर्म भरवाते हैं। अगर किसी ने गलती से पिता का नाम गलत भर दिया तो दूसरी मुश्किल खड़ी हो जाएगी। ऐसे में यह निर्णय लिया गया है कि आधार कार्ड के अलावा पिता के नाम के प्रमाण के लिए किसी अन्य डॉक्युमेंट को मान्यता दी गई। अब यह डॉक्युमेंट क्या होगा, इस पर कमिटी निर्णय लेगी।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

आधार कार्ड की वजह से लर्निंग लाइसेंस में समस्या सामने आई है। इसके समाधान के लिए कमिटी बनाई गई है। कमिटी जल्द रिपोर्ट देगी, जिसके आधार पर पोर्टल अपडेट करने को कहा जाएगा।
*- सुनीता वर्मा, अपर परिवहन आयुक्त, आईटी*

## टाइम्स विमन कार रैली कल, रफ्तार भरेगी आधी आबादी

**TOI और NBT की ओर से होने वाली रैली में पुरस्कार जीतने का मौका**

■NBT रिपोर्ट, लखनऊ : गणतंत्र दिवस की खुशियों को दोगुना करने के लिए टाइम्स ऑफ इंडिया और नवभारत टाइम्स की ओर से टाइम्स विमन कार रैली का आयोजन रविवार (25 जनवरी) को किया जाएगा। रैली में भाग लेकर महिलाएं आधी आबादी के सशक्तीकरण का लोगों को परिचय देंगी। कार रैली की थीम 'ड्राइविंग द स्पिरिट ऑफ रिपब्लिक' है। कार रैली की शुरुआत लोहिया पथ 1090 क्रॉसिंग से की जाएगी। रैली को सुबह 09:30 बजे हरी झंडी दिखाई जाएगी।

इस ड्राइव में शहर की जानी-मानी हस्तियां भाग लेंगी। यह एक तरह का ट्रेजर हंट है, जिसमें महिलाएं शहर के विभिन्न चेक पॉइंट्स से गुजरते हुए आकर्षक उपहार जीत सकेंगी। इस कार रैली के लिए रजिस्ट्रेशन भी शुरू हो गया है। रैली के पार्टनर एल्डिको हाउसिंग ऐंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड, एसबीआई, एमआई बिल्डर्स, एचडीएफसी बैंक, लखनऊ विकास प्राधिकरण, दे स्प्रिंग रेनेसां, हिंद इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस और फाइन प्रिंट्स एडरटाइजिंग हैं।

**बनें रैली का हिस्सा**

- दिन : 25 जनवरी 2026
- स्टार्टिंग पॉइंट : 1090 क्रॉसिंग
- फ्लैग ऑफ : 9:30AM
- रजिस्ट्रेशन कॉन्टैक्ट नंबर : 9415177590, 8840945902, 9837095618

**इन कैटिगरी में पुरस्कार जीतने का मौका**

- बेस्ट विमिन ड्राइवर
- सेकंड बेस्ट ड्राइवर
- थर्ड बेस्ट ड्राइवर
- बेस्ट डेकोरेटेड कार
- सेकंड बेस्ट डेकोरेटेड कार
- थर्ड बेस्ट डेकोरेटेड कार
- यंगेस्ट ड्राइवर
- एल्डेस्ट ड्राइवर

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 24-01-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG6 User: cci Time: 01-24-2026 00:42 Color:



# 'आधी सांस तुम्हारी है...'

## कल्चरल कारवां में अशोक चक्रधर के शब्दों का चला जादू

■ NBT न्यूज, लखनऊ

गोमतीनगर नगर स्थित संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे जी महाराज प्रेक्षागृह में शुक्रवार को जश्न ए अदब साहित्योत्सव की ओर से कल्चरल कारवां 2026 का आयोजन किया गया। दो दिवसीय इस कार्यक्रम का पहला दिन पद्मश्री अशोक चक्रधर के कहकहों, पद्म श्री पंडित रोनू मजूमदार की मधुर बांसुरी की धुन और पद्मश्री भेरू सिंह के कबीर गायन के नाम रही।

कार्यक्रम में पद्मश्री अशोक चक्रधर ने 'चक्रधर का चक्र' नामक सत्र में अपनी चिर-परिचित शैली से श्रोताओं को गुदगुदाया और सोचने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने कलाकार की मनःस्थिति पर चर्चा करते हुए कहा कि कलाकार अपनी प्रस्तुति में जी-जान लगा देता है, लेकिन समय की पाबंदी उसे अतृप्त कर देती है। वसंत पर्व पर उन्होंने कहा कि वाग्देवी सरस्वती की चार भुजाओं वाली कल्पना आज भी राजा रवि वर्मा के चित्रों के इर्द-गिर्द घूमती है।

इसके बाद उन्होंने अपनी भावनाओं को 'दिल की इस धड़कन में हम दोनों की साझेदारी है, आधी सांस हमारी इसमें आधी सांस तुम्हारी है...' से व्यक्त किया। देश के सैनिकों को याद करते हुए उन्होंने पढ़ा कि आंधी हो तूफान हो चाहे भीषण सर्दी गर्मी हो, मौसम भले हिम्मत हारे तुमने हार ना मानी है...।

भेरू सिंह ने कबीर गायन के माध्यम से आध्यात्मिक चेतना का प्रसार किया। उन्होंने 'राम रस प्याला है भरपूर' और 'जरा हल्के गाड़ी हांको मेरे राम गाड़ी वाले' जैसे कालजयी भजनों की प्रस्तुति दी।

### दिखे सूफी वसंतोत्सव के रंग

कार्यक्रम के अंत में कव्वाली की महफिल सजी जिसमें सुल्तानी ब्रदर्स के रहमान और सुबहान सुल्तानी ने हजरत निजामुद्दीन औलिया के दरबार में होने वाले बसंत उत्सव की झलक सकल बन फूल रही सरसों के माध्यम से दिखाई। इसके पहले उन्होंने शुरुआत हमद कोई तो है जो निजाम ए हस्ती चला रहा है वही खुदा है से की। इसके अलावा उन्होंने है अमन की पहचान मेरे देश का झंडा से देशभक्ति के और कुन फाया कुन से सूफी रंग भी बिखेरे।

कार्यक्रम का उद्घाटन वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. महेंद्र भीष्म एवं संस्था के संस्थापक कुंवर रंजीत चौहान द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। उद्घाटन सत्र में प्रसिद्ध गजल गायक शकील अहमद की मखमली आवाज ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया।

संगीत की महफिल में बांसुरी वादक पंडित रोनू मजूमदार ने अपने सुरों का जादू बिखेरा। उन्होंने अपनी प्रस्तुति की शुरुआत राग पूरिया से की और इसके बाद 'अब कैसे बने तोरी बात सजन' की धुन सुनाई। इसी क्रम में भेरू सिंह ने कबीर गायन के माध्यम से आध्यात्मिक चेतना का प्रसार किया। उन्होंने 'राम रस प्याला है भरपूर' और 'जरा हल्के गाड़ी हांको मेरे राम गाड़ी वाले' जैसे कालजयी भजनों की प्रस्तुति दी।

# सदर में बनेगा 1,500 KL का भूमिगत जलाशय

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: छावनी के सदर बाजार में जलापूर्ति व्यवस्था को बेहतर करने के लिए शुक्रवार को 1,500 किलो लीटर (KL) क्षमता वाले भूमिगत जलाशय के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने जलाशय का शिलान्यास करते हुए कहा कि छावनी परिषद की ओर से प्रस्तावित यह परियोजना सदर बाजार लोगों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है। 1,500 केएल क्षमता का यह भूमिगत जलाशय एक महत्वपूर्ण भंडारण व संतुलन सुविधा के रूप में कार्य करेगा, जिससे पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। परियोजना से करीब 35,000 नागरिकों को प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित करेगी। कार्यक्रम में विशेष अतिथि भाजपा नेता नीरज सिंह ने कहा कि छावनी परिषद केवल 1500 केएल क्षमता के भूमिगत जलाशय कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाएं प्रस्तावित की गई है, जिसमें पाइपलाइनों के प्रतिस्थापन, सदर बाजार क्षेत्र में मल्टी लेवल रोबोटिक कार पार्किंग और ट्यूबवेलों के स्थान पर नए ट्यूबवेलों का निर्माण और सदर बाजार में 950 केएल क्षमता के दो ओवरहेड टैंकों का निर्माण शामिल है। छावनी क्षेत्र के पिपराघाट पर Modern Crematorium का निर्माण भी स्वीकृत किया जा चुका है। इसके अलावा एक मल्टी यूटिलिटी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स भी स्वीकृत है। इस अवसर पर छावनी परिषद के सीईओ अभिषेक राठौर, छावनी परिषद के नामित सदस्य प्रमोद शर्मा समेत, डिप्टी सीईओ आरपी सिंह, सदर लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष सतवीर सिंह राजू और अन्य लोग मौजूद रहे।

### IRITM को फाइव स्टार रैंकिंग

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: भारतीय रेल परिवहन प्रबंधन संस्थान (IRITM) को सर्वोत्कृष्ट (फाइव-स्टार) केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान के रूप में रैंकिंग प्रदान की गई है। दावा किया गया है कि यह रैंकिंग पाने वाला IRITM देश का पहला सेंट्रलाइज्ड ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट है।

प्रोफेसर (प्रशासन) कृष्णा तिवारी ने बताया कि यह रैंटिंग शुक्रवार को भारत सरकार के क्षमता निर्माण आयोग (CBC) द्वारा किए गए ऑडिट में दिया गया है। इस प्रतिष्ठित मान्यता के साथ IRITM देश के अग्रणी ट्रेनिंग संस्थानों में से एक के रूप में उभरा है।

### 'सीलिंग से पहले दें एक हफ्ते का समय'

■ NBT न्यूज, आलमबाग: आलमबाग में नटखेड़ा रोड के व्यापारियों ने शुक्रवार को नगर निगम जोन पांच कार्यालय पहुंच जोनल अधिकारी विनीत कुमार सिंह से मुलाकात कर सीलिंग की कार्रवाई से पहले दुकानदारों को एक हफ्ते का समय दिए जाने और अन्य समस्याओं के निवारण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान नटखेड़ा रोड युवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनीष ओढ़ा ने कहा कि रोड पर जलकल विभाग द्वारा साफ-सफाई के बाद गंदगी बाहर निकाल कर रख दी जाती है, जिससे नटखेड़ा रोड, गोविंद गली के अंदर दूषित पानी आ रहा है। इस समस्या का ज्ञापन वह पहले नगर निगम को दे चुके हैं। लेकिन अभी तक नगर निगम द्वारा कोई सुनवाई नहीं हुई और न ही नगर निगम द्वारा दुकानों के बाहर डस्टबिन रखा गया। उन्होंने व्यापारियों संग मिलकर नटखेड़ा रोड, गोविंद गली सहित क्षेत्र में प्रतिदिन कूड़ा उठाए जाने सहित नगर निगम द्वारा दुकानें सील करने से पहले दुकानदारों को एक हफ्ते का समय दिये जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है। जोन पांच जोनल अधिकारी ने जल्द ही उनकी समस्याओं के निवारण का आश्वासन दिया है। इस दौरान वरिष्ठ महामंत्री राजेश बत्रा, विवेक सक्सेना, विनय मलिक और इंद्रपाल ओबेरॉय मौजूद रहे।

व्यापारियों ने जोन पांच के जोनल अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

## फटाफट खबरें

### सराफा असोसिएशन ने निकाली वेंटिलेटर यात्रा

■ NBT न्यूज, आलमबाग: सोने और चांदी के दामों में लगातार बढ़ोतरी के विरोध में शुक्रवार को आशियाना इलाके स्थित पावर हाउस चौराहे तक वेंटिलेटर यात्रा निकाली गई। ऑल इंडिया ज्वेलर्स एंड गोल्ड स्मिथ फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष मनीष वर्मा के नेतृत्व में निकाली गई यात्रा में शामिल सराफा व्यापारियों की मौजूदगी में आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह को ज्ञापन सौंपा गया। मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि ये यात्रा सराफा व्यापार की गंभीर स्थिति को उजागर करने और सरकार से आवश्यक सहायता की मांग करने के लिए है। उन्होंने कहा कि सरकार से जल्द से जल्द राहत की उम्मीद है।

### रेलवे ने चलाया स्वच्छता अभियान

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: गणतंत्र दिवस से पहले पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। डीआरएम गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन शुक्रवार को लखनऊ जंक्शन, ऐशबाग, गोंडा ज., गोरखपुर ज., बस्ती और खलीलाबाद के साथ-साथ रेलवे कॉलोनियों में भी स्वच्छता अभियान चलाया गया। यात्रियों और आम नागरिकों को स्टेशन परिसर में गंदगी न फैलाने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के दौरान गंदगी फैलाने वालों पर नियमानुसार जुर्माना भी लगाया गया। इसके अलावा स्टेशन परिसरों में पौधरोपण अभियान भी चलाया गया।

### टॉपर्स ने दिया सफलता का मंत्र

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: टॉप रैंकर्स लखनऊ की ओर से कानपुर रोड पर टॉपर्स टॉक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर विधि विधि में दाखिले के लिए होने वाली परीक्षा क्लैट के टॉपर्स ने अपनी सफलता की कहानी सुनाई। इस मौके पर क्लैट की तैयारी कर रहे छात्रों ने जाना कि किस तरह क्लैट में सफलता हासिल की जा सकती है। क्लैट क्वॉलिफायर आयुश्री ने बताया कि क्लैट में निरंतरता, अनुशासन और एक समान जज्बे के साथ की गई मेहनत जरूरी है। निदेशक विशाल शर्मा ने बताया कि टॉपर्स से मिले सुझाव से छात्रों को न सिर्फ प्रेरणा मिलती है बल्कि कैसे वह आगे बढ़ सकते हैं इसमें मदद भी मिलती है।

### मंडलायुक्त ने मतदान की शपथ दिलाई

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: राष्ट्रीय मतदाता दिवस के संबंध में आयुक्त सभागार में शुक्रवार को मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने अधिकारियों व कर्मचारियों को लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाए रखने और निष्पक्ष, स्वतंत्र और भयमुक्त मतदान सुनिश्चित करने की शपथ दिलाई। अधिकारियों व कर्मचारियों ने बिना किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली। मंडलायुक्त ने अधिकारियों और कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे अपने कार्यक्षेत्र में मतदाता जागरूकता को बढ़ावा दें और लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त करने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

### अलका प्रमोद को वाग्देवी साहित्यश्री सम्मान

■ NBT न्यूज लखनऊ: प्रेस क्लब में शुक्रवार को साहित्यिक सांस्कृतिक संस्था अभिव्यक्ति द्वारा साहित्यकार दीपक शर्मा की समर्पित कहानी संग्रह "इन्द्रधनुषी आभा" का लोकार्पण हुआ। इस दौरान अभिव्यक्ति वाग्देवी साहित्यश्री सम्मान-2026 से वरिष्ठ साहित्यकार अलका प्रमोद को और अभिव्यक्ति वाग्देवी साहित्य सौरभ सम्मान-2026 से विनीता शुक्ला को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शारदा लाल, डॉ अपूर्वा अवस्थी, डॉ. अमिता दुबे, इला सिंह, डॉ. रश्मि शील डॉ. मंजु शुक्ला मौजूद थे।

### 'UPITEX से मिलेगी यूपी को रफ्तार'

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

एक ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी के लक्ष्य को प्राप्त करने में एमएसएमई का बहुत बड़ा योगदान होगा। 2018 में यूपी से शुरू हुई ओडीओपी योजना को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश की योजना बना दिया है। उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड एक्सपो (UPITEX 2026) केवल एक प्रदर्शनी नहीं है बल्कि यहां एक्जीबिटर्स को एक मंच प्रदान करने का प्रयास है। इस तरह के कार्यक्रमों से उत्तर प्रदेश में निवेश का माहौल बना है। इसके अलावा यूपी दिवस के अवसर पर ओडीओपी की तर्ज पर ही ओडीओसी यानी वन डिस्ट्रिक्ट वन क्यूजीन की भी घोषणा की जाएगी, जिससे विभिन्न जिलों के विकास को रफ्तार मिलेगी। यह बातें शुक्रवार को सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (MSME) मंत्री राकेश सचान ने कहीं। वे इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित यूपीटेक्स के लिए पांचवें संस्करण का उद्घाटन कर रहे थे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी, यूनियन बैंक के महाप्रबंधक लखनऊ जोन राजेश कुमार, नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक पंकज कुमार, बीएनआई के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर संजय तिवारी, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. आरके मित्तल, पीएचडीसीसीआई के डीएसजी डॉ. जतिंदर सिंह और यूपी स्टेट चैप्टर के को-चेयर राजेश निगम आदि मौजूद रहे।

यूपीआईटेक्स का आयोजन उत्तर प्रदेश स्टेट चैप्टर, पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) द्वारा 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' (ओडीओपी) और इंवेस्ट यूपी के सहयोग से किया जा रहा है।

### 'पात्र का मतदाता सूची में नाम होना जरूरी'

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को भाजपा की ओर से कैंट विधानसभा क्षेत्र के मंडल-2 में बूथ संख्या-82 पर जनसंपर्क अभियान चलाया गया। अभियान में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. नीरज सिंह और महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कार्यकर्ताओं के साथ गली-गली जाकर नागरिकों से संपर्क किया। इस दौरान ड्राफ्ट सूची में छूट रहे लोगों के नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए फॉर्म-6 भरवाए। साथ ही संशोधन कराने और त्रुटियों को ठीक कराने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता सूची में शामिल होना आवश्यक है। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि अभियान में डॉ. नीरज सिंह, चेतन सिंह बिष्ट, मान सिंह, महेंद्र लोधी आदि मौजूद रहे।

# उत्तरायणी कौथिग में बजा पहाड़ का हुड़का

■ NBT न्यूज, लखनऊ: बीरबल साहनी मार्ग स्थित पंडित गोविंद बल्लभ पंत पर्वतीय सांस्कृतिक उपवन में आयोजित उत्तरायणी कौथिग में वसंत पंचमी का उल्लास छाया रहा। मां सरस्वती की स्तुति के बाद आयोजित काव्य गोष्ठी में महाकवि महेंद्र सिंह रावत ने हे श्वेत वरणा शारदे मां कविता प्रस्तुत की। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत झोड़ा प्रतियोगिता हुई। आकाशवाणी के कलाकार रहे मोहन सिंह बिष्ट ने उत्तराखंडी वाद्य यंत्र हुड़का वादन किया। उत्तराखंड से आए कलाकार फौजी ललित मोहन जोशी, हरू जोशी, खुशी जोशी, चन्द्र प्रकाश और राकेश पन्त ने टक टका टक कमला..., राइफल मेरी कानीमा... सहित कई गीत प्रस्तुत किए। ब्रह्मकमल सांस्कृतिक और सामाजिक समिति इंदिरा नगर की ओर से उत्तराखंडी लोकगाथा पर आधारित नाटिका हरुहित की प्रस्तुति दी गई। इससे पहले मुख्य अतिथि मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने दीप सांस्कृतिक कार्यक्रमों का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि रीतू शाही रहीं।

### 'खराब हवा से धूम्रपान न करने वाले भी बन रहे सांस के रोगी'

■ NBT न्यूज, लखनऊ: तेजी से बढ़ता वायु प्रदूषण सेहत को नुकसान पहुंचा रहा है। इससे जुड़े नियंत्रण उपायों पर शिक्षा देना बेहद जरूरी है। यूपी के सभी जिलों में वायु प्रदूषण नियंत्रण से संबंधित प्रशिक्षण और जागरूकता सत्रों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। ये बातें प्रमुख सचिव (स्वास्थ्य) अमित कुमार घोष ने कहीं। वह शुक्रवार को केजीएमयू के पल्मोनरी एवं क्रिटिकल केयर विभाग के सेमिनार हॉल में 'स्वच्छ वायु के अधिकार' विषय पर हुए कार्यक्रम अपनी बात रख रहे थे।

चिंतन एनवायरनमेंटल रिसर्च ऐंड एक्शन ग्रुप की ओर से आयोजित कार्यक्रम में केजीएमयू में पल्मोनरी एवं क्रिटिकल केयर विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. वेद प्रकाश ने कहा कि हाल के वर्षों में सीओपीडी के ज्यादातर मरीज गैर-धूम्रपान करने वाले पाए जा रहे हैं, जिसका सीधा संबंध खराब वायु गुणवत्ता से है।

# 'ऐसा हंसो कि आंख से आंसू निकल पड़े'

## खुशी और अकीदत के साथ मनाई इमाम हुसैन की विलादत

■ NBT न्यूज, चौक

हजरत इमाम हुसैन की विलादत के मौके पर शुक्रवार को काजमैन और मुफ्तीगंज में जुलूस निकालकर इमाम की विलादत की खुशियां मनाई गई। काजमैन से निकले जुलूस में सबसे आगे जुलूस-ए-मसर्रत लिखा लाल बैनर था। जिसमें हाथी-ऊंट के पीछे घोड़ों की कतारें चल रही थी। जिस पर बच्चे हाथों में हरे-लाल झंडे लिए बैठे थे। जुलूस टापे वाली गली, हसनपुरिया, कश्मीरी मोहल्ला होता हुआ दरगाह हजरत अब्बास पहुंचा। जुलूस जिन रास्तों से गुजर रहा था वहां लोगों ने इत्र लगाकर व फूलों की पंखुड़ी डाल कर जुलूस का इस्तकबाल किया और गले मिलकर इमाम की विलादत की मुबारकबाद दी। रास्तों के दोनों ओर छतों व सड़कों पर महिलाएं व बच्चे जियारत के लिए खड़े थे।

'मजलूम-ए-कर्बला की विलादत का रोज है, ऐसा हंसो कि आंख से आंसू निकल पड़े', 'दुनिया हुसैन की है जमाना हुसैन का, करबला में लुट गया था घराना हुसैन का' की पंक्तियों को अजहर हुसैन, गजनफर हुसैन पप्पू, शाह आलम काजमी, लाबिश रिजवी माइक पर पढ़ रहे थे। इसे सुनकर लोगों की आंखों से आंसू टपकने लगे लेकिन यह आंसू गम के नहीं खुशी के थे। उधर मुफ्तीगंज बेल वाले टीले स्थित मजाहर हुसैन के आवास से जुलूसे इमाम हुसैन निकाला गया जो इमामबाड़ा मीरन साहब पहुंचा। यहां मौलाना हसन जहीर सहित अन्य उलमा ने महफिल को खिताब किया। इसके बाद शायरों ने अपने कलाम पेश किए।



### गहवारा-ए-हुसैन की जियारत

जुलूस में मुख्यरूप से हजरत इमाम हुसैन के गहवारे (झूला) की जियारत कराई गई। झूला जैसे ही लोगों के करीब आता तो सैकड़ों हाथ झूले को बोसा देने (चूमने) के लिए बढ़ जाते थे।

**बैनर से सजाया इमामबाड़ा अबुतालिब:** हजरत इमाम हुसैन की विलादत के मौके पर हसन पुरिया स्थित इमामबाड़े अबुतालिब को या हुसैन और या अब्बास के बड़े लाल बैनर से सजाया गया था। जहां से लोग जुलूस की जियारत कर रहे थे। शनिवार को हजरत अब्बास की विलादत मनाई जाएगी।

### सबीलों व दस्तरख्वान का आयोजन

ऑल इंडिया शिया हुसैनी फंड ने शिया पीजी कालेज विक्टोरिया स्ट्रीट में आम दस्तरख्वान का आयोजन किया। जहां कई उलमा ने नज्र दी। हसनपुरिया में आलू-पूड़ी, मिठाई, फ्रूटी, कॉफी का वितरण किया। वहीं कश्मीरी मोहल्ला, बजाजा, हुसैनाबाद, मुफ्तीगंज दरगाह, मौला नगरी, नक्खास, नूरबाड़ी आदि इलाकों में सबीलें लगाई गईं।

TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad
Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free)
Scan QR Code

टेंडर और नोटिस
निविदाएं (टेंडर्स)

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
प्रापण विभाग
यूनियन बैंक भवन, पहली मंजिल, 239, विधान भवन मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400 021
बैंक के मुद्रकाल आवर्ती जमा (आरडी) खाता धारकों के लिए समूह सावधि जीवन बीमा पॉलिसी नवीनीकरण के लिए प्रस्ताव हेतु अनुरोध (RFP), अवधि 27.02.2026 से 26.02.2027 तक
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने जीईएम पोर्टल (जीईएम बोली संख्या जीईएम/2026/बी/7139171 दिनांक: 22.01.2026) के माध्यम से बैंक के मुद्रकाल आवर्ती जमा (आरडी) खाता धारकों के लिए समूह सावधि जीवन बीमा पॉलिसी नवीनीकरण के लिए प्रस्ताव हेतु अनुरोध (RFP), अवधि 27.02.2026 से 26.02.2027 तक के लिए दो बोली प्रणाली में प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं। अतिरिक्त विवरण बैंक की वेबसाइट www.unionbankofindia.bank.in और GeM पोर्टल https://gem.gov.in पर उपलब्ध हैं। निर्धारित प्रपत्र में प्रस्ताव प्राप्त करने की अंतिम तिथि 12.02.2026 अपराह्न 03:00 बजे तक है।
बैंक कोई भी / सभी निविदाओं को बिना कोई कारण बताए अस्वीकार कर सकता है।
सहायक महाप्रबंधक

भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ मर्यादित (नेफेड)
नेफेड भवन, आश्रम चौक, रिंग रोड, नई दिल्ली - 110014
प्रस्ताव के लिए अनुरोध
NAFED महाराष्ट्र में प्लॉट नं. 46/2, सेक्टर-18, वाशी, नवी मुंबई में टर्नकी आधार पर कोल्ड स्टोरेज और अन्य सामान के डिजाइन, सप्लाई, इरेक्शन, टेस्टिंग और कमीशनिंग के लिए कंसल्टेंट एजेंसी की नियुक्ति के लिए ईमेल estatedivision@nafed-india.com के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक मोड में बोलियां आमंत्रित करता है। विस्तृत नियम और शर्तें वाला RFP दस्तावेज NAFED की वेबसाइट https://www.nafed-india.com/public/tender/1/2026-01/2026-01-22_21-07-23.pdf से डाउनलोड किया जा सकता है। RFP जमा करने की अंतिम तिथि और समय: 29.01.2026 दोपहर 3:00 बजे तक।
RFP No. Nafed/HO/Estate/VASHI-CONSTRUCTION/RKVY/04/2025-26
Dated: 22-01-2026.
मैनेजर (एस्टेट) NAFED, HO

न्यायालय सूचना
सम्मन बनाम एकपक्षीय मुकदमा आर्डर 5 कायदा 1 व 5 न्यायालय प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, वाराणसी, मुकदमा नम्बर 1068 सन् 2024 ई० मुकेश कुमार चौबे बनाम-स्नेहलता चौबे उम्र 30 वर्ष पुत्री कुर्दरी शंकर तिवारी निवासी नेवादा पोस्ट रामपुर जिला भदोही, वाराणसी पिन 221304 हालपता शिवपुर कोटा वाराणसी पिन कोड 221003 आपको सूचित किया जाता है कि धारा-13 हि०वि०अधि० आपके नाम एकतरफा दाखिल हुआ है। लिहाजा आपको सूचित है कि खुद या बजरिये अधिवक्ता हाजिर होकर जो कुछ उज्र हो आज तारीख 27 माह 01 सन् 2026 ई० वक्त 10 बजे मुकदमा अदालत या बजरिये अधिवक्ता अदालत हाजा में हाजिर होकर मुकदमे की पैरवी करें वरना आपके खिलाफ एक तरफा हुक्म सादिर कर दिया जायेगा। बतौर मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत से आज दिनांक 29 माह 01 सन् 2026 ई० को जारी किया गया।

तलाक डिक्री करने के लिए सूचना (साधारण प्रकार) ... प्रधान न्यायालय पारिवारिक न्यायालय क्रम-2 स्थान कोटा
मुकेश शर्मा विरुद्ध काजल शर्मा
वाद/प्रार्थना-पत्र 13 H.M
नाम काजल शर्मा पुत्री लाल जी शर्मा पत्नी श्री मुकेश जाति ..., पता- लोहन, विशेषिया तहसील व जिला अमेठी (उत्तर प्रदेश)
उक्त प्रार्थी ने इस अदालत में यह आवेदन किया है कि नकल संलग्न है। अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आपके आवेदन के विरुद्ध तलाक डिक्री करने के लिए ता. 09 माह 02 सन् 2026 को 10 बजे पूर्वाह्न में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिया गया हो उपसंजात हो यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आवेदन की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप में किया जायेगा।
यह आज ता. 08 माह 01 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।
आज्ञानुसार
वरिष्ठ मुंसरिम
पारिवारिक न्यायालय क्रम-2, कोटा

प्रॉपर्टी
बिक्री के लिए
लखनऊ
ABRAR Nagar, Lko: For Sale 4-BHK Independent House. Plot area is 1800 sqft. Nearby school/hosp/mkt. Wide road. Prime location. Call-7007676466

भर्ती
भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति
अकादमिक
शिक्षक

REQ. PRINCIPAL TEACHER & STAFF
SHRI ACADEMY
Robertsganj SNBD.
Sub- All Subjects.
Salary
PGT&TGT(25-50K)
TGT&PRT(15-25K)
shriacademy.acc@gmail.com
8707660631
6389044992
8303193331

व्यक्तिगत
नाम परिवर्तन
I, CHIDDAN W/o MUNNI LAL, resident of, 212, Jyoti Sadan, Khanpur Masaudha, Deena Pandey Ka Purwa, Faizabad, Uttar Pradesh-224001, have changed my name to SAVITRI.

TO GROW YOUR BUSINESS
PLEASE CALL US
LUCKNOW:
Kuldeep Tiwari - 9044122662
Anurag Nautiyal - 8840945902
KANPUR:
Anoop Dixit - 7860802468
ALLAHABAD:
Amit Srivastava - 9044075051
VARANASI:
Nitesh Arora - 9559983838
GORAKHPUR:
Chandrasekhar Sinha 9415019274
WE OFFER ADVERTISING SOLUTIONS IN
Print Radio Digital

सूचना
मैं, बबली पत्नी आर्मी नंबर-14836675H, रैंक-हवलदार/MT सुरेश कुमार, यूनिट- 504 ए एस सी बटालियन, C/o 56 डाकघर, ओल्ड कैंट, प्रयागराज, UP, स्थायी पता-, गाँव + पोस्ट - बुढ़ाना पुलिस स्टेशन - ताजगंज, पिन कोड-282006. मेरे सर्विस रिकॉर्ड में गलती से मेरी जन्मतिथि 07.08.1985 लिखी गई है, जबकि सही जन्मतिथि 01.01.1985 है, जो भविष्य के सभी कामों के लिए मान्य होगी।

खोया एवं पाया
मकान CH-2/219, विश्वास खंड, गोमती नगर, लखनऊ के मूल आवंटन, कब्जा एवं लीज डीड दस्तावेज गुम हो गए हैं। प्रथम आवंटी श्री अनिल चन्द सक्सेना, वर्तमान स्वामी अजय प्रकाश मिश्रा एवं साधना मिश्रा। संपर्क: 9415008540

डॉ. परमात्मा मौर्य। 1/431, कारान खण्ड गोमतीनगर विस्तार मोबाइल नंबर 9415084992 इस संपत्ति बी-1/540 सेक्टर 1, गोमतीनगर एक्सटेंशन के लिए, एलडीए मूल आवंटन पत्र कहीं गुम हो गया है।

Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

TIMES interact
PHYSICS Home Tutorial Class IX to XII 20 years exp. 90% Plus in Board Exam also Join English Speaking Course
ROL sample ad 5 lines
टीकाकरण करवायें VACCINATION 18+ लोगों के लिए XYZ Hospital Lucknow
CD Sample ad 5 cm x 3 cm

| Scheme | Cost ROL | Cost CD |
|---|---|---|
| 1 | ₹1,400 | ₹6,150 |
| 4+1 | ₹5,600 | ₹24,600 |
| 7+2 | ₹9,800 | ₹43,050 |
| 10+3 | ₹14,000 | ₹61,500 |
| 19+6 | ₹26,600 | ₹1,16,850 |
| 25+8 | ₹35,000 | ₹1,53,750 |

Above packages are excluded of GST
ROL COST is for 5 lines, extra line 20%
CD Cost on minimum size - 3 x 5 cm

CATEGORY SERVICE
Publication:
TOIL+KNP+TOILC+ALLVAR+ETL+NBTL
Contact - LUCKNOW:
Kuldeep Tiwari - 9044122662
Anurag Nautiyal - 8840945902
KANPUR:
Anoop Dixit - 7860802468
ALLAHABAD:
Amit Kumar Srivastava - 9044075051
VARANASI:
Nitesh Arora - 9559983838
GORAKHPUR:
Chandrasekhar Sinha - 9415019274

TIMES TRIBUTE
PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL
To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free)

Obituary Remembrance

| PACKAGE | RATE per sq cm |
|---|---|
| UTTAR PRADESH + UTTARAKHAND (The Times of India - UP East & West + Uttarakhand + NBTL) | Colour Rs 860/- |
| EAST UTTAR PRADESH (The Times of India - Lucknow fullrun + NBT Lucknow) | Colour Rs 570/- |
| WEST UTTAR PRADESH + UTTARAKHAND (The Times of India - West UP + Uttarakhand) | Colour Rs 290/- |
| NORTH INDIA (The Times of India - Delhi/ Gurgaon, Jaipur, MP, Lucknow, Kanpur West UP & NBT - Delhi/ NCR, Lucknow) | Colour Rs 2600/- B/W Rs 2550/- |
| ALL INDIA (The Times of India - All Editions) | Colour Rs 2700/- B/W Rs 2430/- |

*Minimum size 40 upto 320 sqcm

FOR ANY QUERY, PLEASE CONTACT:
AGRA: Vikas Jain – 9917475393
ALIGARH: Akash Upadhyay – 9457718804
ALLAHABAD: Amiya Shukla – 9984426699
BAREILLY: Aarohi Sharma – 7906294685
DEHRADUN: Pooja Kumar – 9719157775
GORAKHPUR: Chandrasekhar Sinha-7007667388
HALDWANI: Chandan Singh Bisht – 9837564640
HARIDWAR/ROORKEE/SAHARANPUR: Amit Dhasmana – 9997083360
KANPUR: Anoop Dixit – 7860802468
LUCKNOW: Kuldeep Tiwari – 9044122662
Anurag Nautiyal – 8840945902
MEERUT: Sanyam Monga – 9897048195
MORADABAD: Omkar Pandey – 7607015000
VARANASI: Nitesh Arora – 9559983838

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 24-01-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG7 User: vivek.kumar4 Time: 01-23-2026 22:32 Color:

# विकसित भारत
# विकसित उत्तर प्रदेश

## उत्तर प्रदेश दिवस

24-26 जनवरी, 2026

— का —

# भव्य शुभारंभ

**मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जनपदों को पुरस्कार**

**एक जनपद-एक व्यञ्जन (ODOC) योजना की लॉन्चिंग**

**उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान 2025-26 का वितरण**

**सरदार वल्लभभाई पटेल एम्प्लॉयमेंट एंड इंडस्ट्रियल जोन योजना का शुभारंभ**

— द्वारा —

**आनंदीबेन पटेल**
राज्यपाल, उत्तर प्रदेश

**अमित शाह**
मंत्री, गृह एवं सहकारिता, भारत सरकार

**योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

— गरिमामयी उपस्थिति —

**पंकज चौधरी**
राज्य मंत्री, वित्त, भारत सरकार

**केशव प्रसाद मौर्य**
उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

**ब्रजेश पाठक**
उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

**जयवीर सिंह**
मंत्री, पर्यटन एवं संस्कृति, उत्तर प्रदेश

**राकेश सचान**
मंत्री, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग, उत्तर प्रदेश

**बृज लाल**
सदस्य, राज्य सभा

**संजय सेठ**
सदस्य, राज्य सभा

**सुषमा खर्कवाल**
महापौर, लखनऊ

**डॉ. नीरज बोरा**
विधायक, लखनऊ उत्तर

**जय देवी**
विधायक, मलिहाबाद

**डॉ. राजेश्वर सिंह**
विधायक, सरोजनी नगर

**योगेश शुक्ल**
विधायक, बक्शी का तालाब

**ओ. पी. श्रीवास्तव**
विधायक, लखनऊ पूर्व

**अमरेश कुमार**
विधायक, मोहनलालगंज

**डॉ. महेन्द्र कुमार सिंह**
सदस्य, विधान परिषद

**इंजी. अवनीश कुमार सिंह**
सदस्य, विधान परिषद

**मुकेश शर्मा**
सदस्य, विधान परिषद

**उमेश द्विवेदी**
सदस्य, विधान परिषद

**राम चन्द्र प्रधान**
सदस्य, विधान परिषद

**डॉ. लालजी प्रसाद 'निर्मल'**
सदस्य, विधान परिषद

**एवं अन्य गणमान्य महानुभाव**

**दिनांक : 24 जनवरी, 2026 | समय : अपराह्न 12:30 बजे | स्थान : राष्ट्र प्रेरणा स्थल, लखनऊ**

## प्रमुख आकर्षण

- राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर शिल्प मेला, ODOC व्यञ्जन मेला एवं विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश पर आधारित प्रदर्शनी
- बृज, बुंदेली, अवधी, भोजपुरी बोलियों एवं हिन्दी और संस्कृत भाषाओं में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां
- समस्त जनपदों में स्थानीय कलाकारों, कवियों, साहित्यकारों की संगोष्ठियां, कविता पाठ, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतियोगिता, रोड शो एवं मल्लखंब/ कबड्डी जैसे पारंपरिक खेलों का आयोजन
- दिल्ली, महाराष्ट्र एवं अन्य राज्यों में उद्यमिता, व्यापार, नवाचार, शिक्षा, कला, विज्ञान, प्रशासन आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले उत्तर प्रदेश के व्यक्तियों का सम्मान
- फिजी, मॉरीशस, मालदीव, सिंगापुर, थाईलैंड आदि देशों में भारतीय दूतावासों के सहयोग से उत्तर प्रदेश दिवस का भव्य आयोजन

**प्रगति की गति अपार - डबल इंजन सरकार**

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश | ▶ लाइव प्रसारण | DD NEWS & Youtube.com/DDNEWS

UPGovtOfficial | CMOUttarpradesh | CMOfficialUP

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper
# Website:- onlineftp.in